e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 231

**सुविचार**
कोई फायदा नहीं होता जिन्दगी पर लगाम लगाने का ये नहीं मुड़ेगी, आपके मोड़ने से

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
24.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

## भारत ने चांद पर गाड़ दिया तिरंगा, रच दिया इतिहास, चंद्रयान-3 की सफल रहा सॉफ्ट लैंडिंग

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बना भारत

चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर उतरते ही खुशियों से झूम उठा देश

चंद्रयान-3 ने मैसेज भेजा : मैं अपनी मंजिल पर पहुंच गया हूं और भारत भी

# चांद का वर्ल्ड चैंपियन बना इंडिया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** 23 अगस्त की शाम को चांद पर जैसे ही सूरज उगा, इसरो के चंद्रयान ने उसके साउथ पोल पर लैंडिंग कर इतिहास रच दिया। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कामयाब लैंडिंग करने वाला भारत दुनिया का पहला देश यानी वर्ल्ड चैंपियन बन गया। इसके साथ ही भारत खुशियों से झूम उठा। चंद्रयान-3 ने बुधवार शाम 5 बजकर 44 मिनट पर लैंडिंग प्रोसेस शुरू की। इसके बाद अगले 20 मिनट में चंद्रमा की अंतिम कक्षा से 25 किमी का सफर पूरा किया। शाम 6 बजकर 4 मिनट पर चंद्रयान-3 के लैंडर ने चांद पर पहला कदम रखा। इसरो के डायरेक्टर एस. सोमनाथ ने कहा- अगले 14 दिन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। प्रज्ञान रोवर को बाहर आने में एक दिन का समय भी लग सकता है। प्रज्ञान हमें चांद के वातावरण के बारे में जानकारी देगा। हमारे कई मिशन कतार में हैं। जल्दी सूर्य पर आदित्य एल1 भेजा जाएगा। गगनयान पर भी काम जारी है। चांद पर पहुंचकर चंद्रयान-3 ने मैसेज भेजा- मैं अपनी मंजिल पर पहुंच गया हूं। वहीं साउथ अफ्रीका से प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को बधाई देकर कहा- अब चंदामामा दूर के नहीं। इस कामयाबी के साथ भारत चांद के किसी भी हिस्से में मिशन लैंड कराने वाला चौथा देश बन गया है। इससे पहले अमेरिका, सोवियत संघ और चीन ही ऐसा कर सके हैं। दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला भारत दुनिया का इकलौता देश बन गया. 140 करोड़ लोगों की प्रार्थना और इसरो के साढ़े 16 हजार वैज्ञानिकों की चार साल की मेहनत रंग ले लाई. अब पूरी दुनिया ही नहीं चांद भी भारत की मुट्ठी में है. अब बच्चे सिर्फ चंदा मामा नहीं बुलाएंगे. चांद की तरफ देख कर अपने भविष्य के सपने को पूरा करेंगे. चार साल से इसरो के साढ़े 16 हजार वैज्ञानिक जो मेहनत कर रहे थे, वो पूरी हो चुकी है. चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के पीछे वैज्ञानिकों की मेहनत के साथ-साथ करीब 140 करोड़ लोगों की प्रार्थना भी काम कर गई.

### इसरो को बधाई : राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया कि आज की इस बड़ी उपलब्धि के लिए टीम इसरो को बधाई. चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग हमारे वैज्ञानिक समुदाय की दशकों की जबरदस्त प्रतिभा और कड़ी मेहनत का परिणाम है.



### अमृतकाल की प्रथम प्रवाह में सफलता की हुई अमृत वर्षा : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि जब हम अपनी आंखों के सामने ऐसा इतिहास बनते हुए देखते हैं तो जीवन धन्य हो जाता है. ऐसी ऐतिहासिक घटनाएं राष्ट्रीय जीवन की चिरनजीव चेतना बन जाती हैं. ये पल अविश्वसनीय है. ये क्षण अद्भुत है. ये क्षण विकसित भारत के शंखनाद का है. ये क्षण मुश्किलों के महासागर को पार करने का है. ये क्षण जीत के चंद्र पथ पर चलने का है. ये क्षण 140 करोड़ धड़कनों के सामर्थ्य का है. ये क्षण भारत में नई ऊर्जा, नया विश्वास, नई चेतना का है. ये क्षण भारत के उदयमान भाग्य के आह्वान का है. उन्होंने कहा कि अमृतकाल की प्रथम प्रवाह में सफलता की अमृत वर्षा हुई है. हमने धरती पर संकल्प लिया और चांद पर उसे साकार किया. हमारे वैज्ञानिक साथियों ने भी कहा, इंडिया इज नाउ ऑन द मून. आज हम अंतरिक्ष में नए भारत की नई उड़ान के साक्षी बने.



### चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग में टाटा ग्रुप का अहम योगदान

देश के सबसे पुराने कारोबारी घराना की ओर से चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग में अहम भूमिका निभाई गई है. टाटा स्टील द्वारा तैयार की गई क्रेन ने आंध्र प्रदेश के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में लॉन्च वाहन एलवीएम 3 एम 4 को असेंबल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. बुधवार को कंपनी की ओर से जारी किए गए बयान में इस सहयोग का जिक्र किया गया है. बता दें कि टाटा स्टील ने इस क्रेन का निर्माण जमशेदपुर स्थित टाटा ग्रोथ शॉप में किया गया था. मिशन मून की कामयाबी से पहले ही टाटा स्टील के शेयर 1.11 फीसदी चढ़कर 118.85 रुपये पर बंद हुआ.

### अंतरिक्ष महाशक्ति के रूप में उभरा भारत : हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भारत के मिशन चंद्रयान-3 की चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग की लाइव स्ट्रीमिंग देखी। मुख्यमंत्री ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा- अद्भुत,अविस्मरणीय! तिरंगे की आन-बान और शान चंद्रमा पर पहुँच गया। देश के हमारे महान वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत, दृढ़ता और लगन की बदौलत चंद्रयान-3 आज चंद्रमा पर उतर गया। अंतरिक्ष महाशक्ति के रूप में देश एक बार फिर पुरजोर तरीके से स्थापित हो गया है। इस ऐतिहासिक अवसर पर इसरो की पूरी टीम सहित समस्त देशवासियों को अनेक-अनेक बधाई और जोहार।




### सीएम योगी बोले- जय हिंद

चांद पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी खुशी जाहिर की. उन्होंने ट्वीट कर लिखा- यह सफलता समूची पृथ्वी, संपूर्ण मानवता और नए आत्मनिर्भर भारत की सामर्थ्य को समर्पित है. अभिनंदन, जय हिंद. एक अन्य ट्वीट में सीएम योगी ने लिखा- 140 करोड़ भारतीयों के सपनों के साथ चन्द्रमा पर उतरा चंद्रयान-3, जय हिंद.



चन्द्रयान का चाँद पर सफलता पूर्वक उतरना और वहाँ अपने राष्ट्र गौरव का प्रतीक हमारा तिरंगा झंडे का फहराया जाना हर भारतवासी के मन मस्तिष्क में जो संतोष का भाव उपजा रहा है वह अवश्य ऐतिहासिक भी है और स्मरणीय भी। आज एक नई चेतना और आत्मविश्वास का भाव हर भारतीय अनुभव कर रहा है। हमारे वैज्ञानिक, उनका प्रतिभा, प्रभुत्व, अंथक परिश्रम, निष्ठा और कर्मठता पर जितना भी उनका धन्यवाद किया जाये वह कम है । पूरा भारत उनको सलाम करता है और उनके प्रति कीर्तिज्ञेता व्यक्त करता है। जय जवान जय किसान जय विज्ञान जय अनुसंधान ।
**डॉ. शाहिद अख्तर ,सदस्य, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्था आयोग**



## भारत चांद पर है : इसरो प्रमुख एस सोमनाथ

इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा,हमने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग में सफलता हसिल कर ली है. भारत चांद पर है.उन्होंने पूरी टीम को बधाई दी है. यह एक ऐसी सफलता है जिसे न केवल इसरो के शीर्ष वैज्ञानिक, बल्कि भारत का हर आम और खास आदमी टीवी की स्क्रीन पर टकटकी बांधे देख रहा था.देश में अनेक स्कूलों में बच्चों के लिए इस ऐतिहासिक घटना का सीधा प्रसारण किया गया. यह सफलता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल में रूस का लूना 25 चांद पर उतरने की कोशिश करते समय दुर्घटना का शिकार हो गया था.कहा की लैंडिंग के लिए लगभग 30 किलोमीटर की ऊंचाई पर लैंडर ने पॉवर ब्रेकिंग फेज में कदम रखा और गति को धीरे-धीरे कम करके, चंद्रमा की सतह तक पहुंचने के लिए अपने चार थ्रस्टर इंजन की रेट्रो फायरिंग करके उनका इस्तेमाल करना शुरू कर दिया.

मिजोरम की राजधानी आइजोल में अंडर कंस्ट्रक्शन रेल ब्रिज ढहा

# 17 मजदूरों की मौत



एजेंसी

**आइजोल :** मिजोरम की राजधानी आइजोल के पास अंडर कंस्ट्रक्शन रेल ब्रिज ढहने से 17 मजदूरों की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि अब भी 30 से 40 मजदूर मलबे में दबे हो सकते हैं. मरने वालों की संख्या बढ़ भी सकती है.वहीं,पश्चिम बंगाल के मालदा के जिलाधिकारी नितिन सिंघानिया ने बताया है कि मिजोरम में हुए हादसों में अब तक मालदा के 13 मजदूरों की मौत हुई है. मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है. शव को वापस लाने की व्यवस्था की जा रही है. मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रशासन हर संभव सहायता प्रदान करेगा. मिजोरम के जिस रेल ओवर ब्रिज प्रोजेक्ट पर मजदूर काम कर रहे थे. उस पुल नंबर 196 की ऊंचाई 104 मीटर है. यह ब्रिज दिल्ली के कुतुब मीनार से भी 42 ज्यादा ऊंचा है. इस ब्रिज से रेलवे ट्रैफिक चालू होने के बाद मिजोरम देश के विशाल रेल नेटवर्क से जुड़ जाएगा. मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथांगा ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है. उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है.

**प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दुर्घटना पर दुख जताया है. उन्होंने कहा,जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है,उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं.

वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव के रांची स्थित निजी आवास सहित धनबाद, दुमका, देवघर, गोड्डा, जामताड़ा व गिरिडीह में हुआ छापेमारी

# शराब घोटाला : 32 ठिकानों पर ईडी ने मारा छापा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में शराब घोटाले में ईडी ने बुधवार को छापेमारी की। इस दौरानवे वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के रांची स्थित निजी आवास सहित कई शहरों में 32 ठिकानों पर बुधवार सुबह से छापामारी शुरू की। रांची के अलावा धनबाद, दुमका, देवघर, गोड्डा, जामताड़ा व गिरिडीह में छापेमारी की गई। जिन ठिकानों पर छापेमारी हुई, वह झारखंड में शराब कारोबार के संचालक रहे योगेंद्र तिवारी और उनके सहयोगियों के हैं। ईडी को प्रारंभिक जांच में पता चला है कि राज्य में शराब कारोबार में घोटाले के जरिए करोड़ों रुपए की मनी लांड्रिंग हुई है। बताया जा रहा है कि ईडी की अलग-अलग टीमों ने बुधवार की सुबह 7 से 8 बजे के

**शराब कारोबार के सरगना योगेंद्र तिवारी के कई ठिकानों पर हुआ छापेमारी**

बीच इन ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। बड़े शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के रांची के हरमू स्थित आवास पर भारी संख्या में सुरक्षा बलों के साथ दबिश दी गई। बरियातू में राज्य के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और उनके पुत्र का आवास है। वहां सुरक्षा बलों की तैनाती के बीच तलाशी ली गई। बताया जा रहा है कि शराब कारोबार में मंत्री पुत्र का भी पैसा लगा है। रांची की एक वाहन एजेंसी के संचालक विनय सिंह, जमीन कारोबारी अभिषेक झा और कांग्रेस नेता मुन्नम




संजय के घर पर भी रेड पड़ी है। ईडी ने गिरिडीह में भाजपा केस पूर्व विधायक निर्भय शहाबादी के आवास पर भी छापेमारी की। दुमका में शराब व्यवसायी योगेंद्र तिवारी के कार्यालय, उनके करीबियों और उनके परिजनों के ठिकाने पर छापेमारी हुई है. यहां टाटा शोरूम चौक स्थित तनिष्क शोरूम, तिवारी ऑटोमोबाइल, कुम्हारपाड़ा स्थित पप्पू शर्मा और कुम्हार पाड़ा स्थित ठेका बाबा मंदिर के नजदीक अनिल सिंह के घर पर ईडी की कार्रवाई हुए. तनिष्क शोरूम और तिवारी ऑटोमोबाइल शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के करीबी का बताया जा रहा है, जबकि शेष दोनों पप्पू शर्मा और अनिल सिंह शराब कारोबारी के कर्मी हैं. इसके अतिरिक्त गिलान पाड़ा स्थित कार्यालय में भी छापेमारी की सूचना है. धनबाद के बेकार बांध स्थित राधिका कौशिकी अपार्टमेंट व ग्रेवाल अपार्टमेंट में ईडी ने छापेमारी की. देवघर में मेहर गार्डन और बिस्कोमान भवन में ईडी की टीम ने छापा मारा. गोड्डा के बड़े व्यवसायी पूर्व भाजपा विधायक मनोहर टेकरीवाल के भाई अमर टेकरीवाल के घर सरकंडा में ईडी का छापा पड़ा है.जामताड़ा में शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के मिहिजाम स्थित ठिकानों पर भी ईडी ने छापेमारी की. ईडी की टीम सुबह से ही शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के ठिकाने पर महत्वपूर्ण दस्तावेज खांगालने में लगी रही.

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
Department of Oncology
Dr. K Jha
MBBS, MS, ENT
Head Neck cancer Surgeon
दिनाँक : 27 अगस्त 2023
समय : सुबह 10AM से 6PM
09297970030

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

सीएम ने पथ निर्माण विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा की, दिए कई अहम निर्देश

# सड़कों का निर्माण तय समय पर हो पूरा : हेमंत सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बेहतर सड़कों के नेटवर्क से विकास को गति मिलती है। ऐसे में अच्छी सड़कों के निर्माण पर सरकार का विशेष जोर है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पथ निर्माण विभाग की उच्च स्तरीय बैठक में विभिन्न सड़क परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सड़कों का निर्माण तय समय पर पूरा हो, इसका पूरा ख्याल रखें। अगर सड़कों की गुणवत्ता को लेकर कोई शिकायत मिलती है तो संबंधित इंजीनियर और ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री को पथ निर्माण विभाग के सचिव ने बताया कि राज्य में फॉरेस्ट क्लीयरेंस से संबंधित 13 सड़क परियोजनाएं हैं । इनमें पांच में वन विभाग द्वारा एनओसी मिल चुका है, जबकि 8 सड़क परियोजनाएं फॉरेस्ट क्लीयरेंस की वजह से अटकी हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विभाग और पथ निर्माण विभाग आपस में समन्वय बनाकर इसका निदान निकालें, ताकि सड़कों के निर्माण में आ रही अड़चनें दूर हो सके।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 15 हजार किलोमीटर लंबी ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया जाना है। ऐसे में इन सड़कों के निर्माण



में तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण सड़कों की क्वालिटी और मजबूतीकरण से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा। कई बार शिकायतें मिलती है कि एक तरफ सड़कें बन रहीं हैं और दूसरी तरफ से उखाड़ भी रही हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसमें जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ सरकार एक्शन लेगी। इस मौके पर अधिकारियों ने बताया कि 15 हजार किलोमीटर लंबी ग्रामीण सड़कों में 6 हजार किलोमीटर सड़कों का डीपीआर तैयार हो चुका है और 3 हजार किलोमीटर सड़क निर्माण को स्वीकृति दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जो भी सड़कें बना रही हैं, उसके निर्माण की मॉनिटरिंग होनी चाहिए। इस सिलसिले में एक पोर्टल पर सड़कों के निर्माण की लाइव वीडियो अपलोड की जाए, ताकि उसकी क्वालिटी और निर्माण की गति की पल-पल जानकारी मिलती रहे।।उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार,अपर मुख्य सचिव एल खियांगते, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव सुनील कुमार, आईजी ए वी होमकर, पीसीसीएफ संजय कुमार और पीसीसीएफ शशिकर सामंता मौजूद थे।

# टीपीसी के तीन सहयोगियों को पुलिस ने हथियार के साथ किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीपीसी के तीन सहयोगियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है छतरपुर डीएसपी अजय कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी से प्राप्त सूचना के आलोक में 22 अगस्त को छतरपुर पुलिस द्वारा टीएसपीसी उग्रवादी कियावादी संगठन के एरिया कमाण्डर नगीना जी एवं उनके सहयोगीयों के साथ छतरपुर थाना अन्तर्गत ग्राम-चुचुरूमाड डैम जंगल की तरफ आने एवं उनके स्थानीय समर्थकों के द्वारा आवश्यक दैनिक सामग्री पहुँचाने की जानकारी प्राप्त हुई थी। जिसके आलोक में छतरपुर थाना से टीम बनाकर कार्रवाई की गयी , जिसमे ग्राम- चुचुरूमाड डैम जंगल के पास पुलिस द्वार टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के स्थानीय समर्थक 1. गोविन्द यादव उम्र 26 वर्ष पिता रामलाल यादव, ग्राम मंझौली, 2. शंभु परहिया उम्र 30 वर्ष पिता स्व0 रामनंदन परहिया, ग्राम तारूदाग 3. शिवपुकार कुमार उर्फ मोती साव उम्र 30 वर्ष पिता बालमुकुन्द साव ग्राम चराई तीनों थाना-छतरपुर जिला - पलामू उन लोगों के पास आवश्यक दैनिक जरूरत के समान सत्तु, दवा, खैनी, बिस्कुट आदी के साथ प्रयोग किये गये एक पल्सर मोटरसाईकिल के साथ जप्त कर तीनों अभियुक्तों को गिरफतार किया गया है। गिरफतार अभियुक्त गोविन्द यादव एवं शंभु परहिया के पास से एक-एक लोडेड देशी कटट्टा बरामद किया गया है। पुछताछ में तीनों अभियुक्तों के द्वारा अपना अपना अपराध स्वीकार किया गया है। इस संदर्भ में छतरपुर थाना में इनतीनों के अलावे टीएसपीसी उग्रवादी कियावादी संगठन के एरिया कमाण्डर एवं अन्य सदस्यों के विरूद्ध भा0द0वि0 एवं आर्म्स एक्ट तथा अन्य सुसंगत धाराओं के तहत काण्ड दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।इस छापामारी दल में शेखर कुमार थाना प्रभारी छतरपुर थाना, अजीत कुमार छतरपुर थाना, रितलाल प्रसाद यादव, सुभाष मल्लिक, हवलदार मन्नु प्रसाद यादव, सच्चिदा कुमार पासवान, उमर हुसैन, अख्तर अंसारी, सुभाष कुमार। गिरफ्तार तीनों अभियुक्त को मेदनीनगर जेल भेज दिया गया।

# मकरंद सेवा समिति ने माहवारी स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का किया शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** केतात मकरंद सेवा समिति और प्रोजेक्ट बाला के संयुक्त तत्वाधान में आज से माहवारी स्वास्थ जागरूकता अभियान का शुरुआत किया गया। शुरुआती कार्यक्रम बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ। जिसका उद्घाटन चिकित्सा प्रभारी डॉ लीली एस्टेला पूर्ति, डॉ प्रियंका कुमारी व डॉ प्रकाश परिमल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता मकरंद सेवा समिति के अध्यक्ष अभिषेक चौबे व संचालन सचिव रविभूषण चौबे ने किया। अभियान के तहत महिलाओं को माहवारी, स्वच्छता व स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया गया। लीली एस्टेला पूर्ति ने प्रजनन स्वास्थ्य के उपर बल दिया। उन्होंने बाला पैड के बारे में भी जानकारी देते हुए माहवारी के दौरान पैड उपयोग करने की सलाह दी। मनीष चौबे ने जागरूकता लाने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाने की बात कही। मौके पर नितीन मिश्रा, प्रवीण चौबे, राजेश चौबे, बालमुकुंद चौबे, कश्यप चौबे, बिकास चौबे, पंसस बेलो शुक्ल, अमरेश तिवारी, मुखिया संघ अध्यक्ष रोहित तिवारी, मुखिया राधा साव, डॉ नवीन चौबे, शिक्षक भोला राय, प्रवेक्षिका गोमती कुमारी, बीपीएम पंकज पांडेय सहित कई स्वास्थ कर्मी और काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

# बीडीओ सह कार्यपालक अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**छत्तरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छत्तरपुर नगर पंचायत हाल बेहाल हो गया है। आलम यह है कि नगर पंचायत आज बुनियादी सुविधाओं के लिए भी तरस रहा है। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविन्द गुप्ता ने नगर के नए कार्यपालक अधिकारी सह बीडीओ अशोक कुमार को11 सूत्री ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने के बाद अरविन्द ने कहा। ज्ञापन में नगर में लगाई जा रही स्ट्रीट लाइटें लगने के एक दो दिन बाद ही खराब हो जा रही हैं, इसकी खरीदारी में भारी धांधली बरती गई है। मामलों की जांच और कार्रवाई की मांग की है ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि शहर में चारो तरफ कूड़े और गंदगी का अम्बार पसरा है घटिया क्वालिटी के डस्टबिन लगने के कारण सभी डस्टबीन टूट चुके हैं। नगर की सफाई सुनिश्चित कराई जाए। बारिश के मद्देनज़र नगर के सम्भावित स्थानों पर नालियों की सफाई सुनिश्चित कराई जाए ताकि जलभराव से बचा जा सके ।साथही ज्ञापन में 11 सूत्री पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# बसपा का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मे शामिल हुए जिला अध्यक्ष : अजय भारती



**नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बहुजन समाज पार्टी के बैनर तले विधान सभा कमिटी की ओर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर कार्यक्रम के अध्यक्षता विश्वनाथ राम और सफल संचालन बसपा के जिला प्रभारी सुहैल हक्क ने किया। शिविर मे मुख्य अतिथि के रूप बसपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अजय भारती एवं विशिष्ट अतिथि के सेवानिवृत कर्मचारी जगदीश राम मंचासीन रहे। शिविर कार्यक्रम का सम्बोधन करते हुए जिला अध्यक्ष अजय भारती ने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के आलावा संगठन की मजबूती पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। और साथ मे 19 सेक्टर प्रभारी भी बनाया गया। इस शिविर कार्यक्रम मे बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव राजकुमार गौतम, जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार कुमार यादव, प्रशिक्षक पुनीत अम्बेडकर, जिला संयोजक अजय राम, अंजू बौद्ध, बसपा युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अनुज कुमार, परीखा राम, शत्रो कुमार, विजय कुमार सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए।

# प्रखंड अंतर्गत अलग अलग जगहों पर हुई वज्रपात से एक कि मौत, चार घायल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** प्रखंड अंतर्गत दो अलग अलग जगह बुधवार के दोपहर में तेज बारिस के बीच हुई वज्रपात की चपेट में आने से एक व्यक्ति सहित चार छात्राऐं गंभीर रूप से घायल हो गई। पहली घटना में मकरी के निमिया टोला निवासी छठु राम की वज्रपात से मौत हो गई। वह अपने घर के बाहर बैठा था, कि अचानक हुई वज्रपात में उसकी मौत हो गई। वही दूसरी घटना में घायल छात्राओं में थाना क्षेत्र के पंडरिया निवासी सुरेंद्र मेहता की पुत्री ज्योति कुमारी 15 वर्ष, रमजान अंसारी के पुत्री शब्बू निशा 15 वर्ष, सीताराम मेहता की पुत्री रुपांजलि कुमारी 16 वर्ष तथा चपरी निवासी संजय साह की पुत्री सपना कुमारी 16 वर्ष का नाम शामिल है। उक्त चारो छात्राओं को स्थानीय लोगो के सहयोग से ईलाज हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, यहाँ ड्यूटी पर तैनात आयुष चिकित्सक नितीश भारती के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल उक्त सभी छात्राओं को बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार उक्त सभी छात्रा भवनाथपुर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की 10वीं कक्षा में पढ़ती है। बुधवार के दोपहर 2 बजे स्कूल के छुट्टी के बाद उक्त चारो छात्रा अपने घर जा रही थी, तभी बीच रास्ते में ही तेज बारिस के बीच हुई अचानक वज्रपात की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

# राजकीयकृत जनता स्कूल के बच्चों को साइबर ठगी के बचाव को लेकर दी गई जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर में बुधवार को राजकीयकृत +2 जनता स्कूल में विद्यार्थियों के साथ वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।बच्चों को बैंकिंग सेवा सहित ऑनलाइन किये जा रहे कार्यो की समुचित जानकारी दी गई साथ ही उपस्थित विद्यार्थियों एवम शिक्षकों को डिजिटल संबंधित और जालसाज के तौर -तरीके एवम उसके बचाव पर वीडियो के माध्यम से जागरूक किया गया।स्वयं सेवी संस्था अग्रगति रामगढ़ के सीएफएल को -ऑर्डिनेटर मनीष वैद्य ने उपस्थित शिक्षकों और बच्चों को साइबर अपराध से सर्तक रहने तथा साइबर अपराध के दौरान होने वाश्ली घटनाओं को विस्तार से अवगत करवाया। शिविर में साइबर धोखाधड़ी, फर्जी वेब लिंक से बैंक अकाउंट हैक करना, एटीएम क्लोलिंग आदि को लेकर विस्तार से जानकारी देकर सर्तक रहने की सलाह दी। लोगों को ऑनलाइन बैंकिंग सेवा के नाम पर जालसाजों के द्वारा लोगो को फ्रॉड किया जा रहा है ऐसे में समुचित जानकारी के बिना कुछ भी साझा न करें नहीं तो आर्थिक जोखिम उठानी पड़ सकती है। इसके साथ बीमा योजना, साइबर क्राइम, फ्रॉड कॉल, शिक्षा ऋण इत्यादि पर उपस्थित लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई। स्वयं सेवी संस्था अग्रगति रामगढ़ के प्रशिक्षक गुरूदेव विश्वकर्मा विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार गुप्ता, शिक्षक हिमांशु विश्वकर्मा, प्रतिमा टोप्पो, पंकज कुमार सिंह, रितेश कुमार, सदानंद रवि, अरुण कुमार सहित सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# पलामू के बीआरपी सीआरपी का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिला स्कूल में बुधवार को विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को प्रशिक्षित करने हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को प्रशिक्षित करने के लिए पलामू जिले के सभी प्रखंडों के बीआरपी एवं सीआरपी को प्रशिक्षण दिया गया। 22/8 /2023 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक एवं 23/8/23 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण बीआरपी सीआरपी के लिए आयोजित किया गया। इस कड़ी में आगे सभी विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को1 सितंबर 2023 से 30 नवंबर 2023 तक दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें सभी सीआरपी बीआरपी प्रशिक्षक के रूप में कार्य करेंगे प्रशिक्षण में विद्यालय प्रबंध समिति के सभी सदस्यों को उनके कार्य दायित्व के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र के प्रारंभ में जिला शिक्षा अधीक्षक उपस्थित सभी बीआरपी सीआरपी को मार्ग निर्देशित किया। प्रशिक्षक के रूप में बीआरपी विनय सिंह एवं विनोद राम उपस्थित थे। प्रशिक्षण लेने वालों में किशोर कुमार दुबे पंकज शुक्ला अरुण मिश्रा संतोष सिंह ओम प्रकाश सिंह अनूप कुमार मुकेश तिवारी अनिरुद्ध कुमार राधेश्याम मंडल प्रभात दुबे कामाख्या तिवारी नसीम अहमद सुधीर मिश्रा सुरेंद्र राम सहित सभी बीआरपी सीआरपी उपस्थित थे।

# एसटीडी डिग्री कॉलेज में मनाई गई संत तुलसीदास की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** रेहला बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सभागार में महान संत तुलसीदास की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। जिसका उद्घाटन प्राचार्य संतोष मिश्रा ने दीप प्रज्वलित करके किया.इसके बाद सभी अतिथियों ने संत तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण किया। श्री मिश्रा ने संत तुलसीदास के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कहा कि तुलसीदास एक महान संत के अलावा हिंदी साहित्य के आदर्श पुरोधा थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन धर्म और समाज के भलाई में गुजारा.उनके द्वारा रचित कई धर्म ग्रंथ और पुस्तकें लोगों के जीवन में कई बदलाव लाया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ श्यामा मिश्रा ने कहा कि तुलसीदास ने ही स्वराज स्थापना की शुरुआत की थी। वे कई भाषाओं के महान विद्वान भी थे। संचालन एनएनएस कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश शुक्ला ने किया.मौके पर रामजी चौबे, कृष्ण कुमार चौबे, रंजन दुबे, ज्योति कुमारी, संतोष शुक्ला, अजय ओझा, त्रिपुरारी तिवारी, आशा कुमारी, मधु ओझा, फूल कुमारी, साधना मिश्रा, संजय पांडेय, आशीष पांडेय, जितेंद्रपाठक, अमित कुमार, देव प्रकाश पांडेय, रामेश्वर राम, अर्चना कुमारी, नरेंद्र मिश्रा, राम बिहारी, गुंजन कुमार,सुधीर कुमार यादव, पुरुषोत्तम चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

# मनरेगा कर्मियों को जेएसएलपीएस के तत्वाधान में एक दिवसीय दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को हरित बिरसा क्रांति योजना के लाभुको, बागवानी सखी सहित सभी मनरेगा कर्मियों को जेएसएलपीएस के तत्वाधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने प्रशिक्षण में उपस्थित लाभुकों व कर्मियों को प्रशिक्षण को गम्भीरता से लेने को कहा। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य करने से पूर्व उस कार्य की जानकारी होना आवश्यक है, इसलिए यह प्रशिक्षण आप सबों के लिये काफी महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण में जे एस एल पी एस के प्रखंड समन्वयक धनंजय कुमार ने उपस्थित लाभुकों व कर्मियो को बागवानी संबंधी जानकारी विस्तार से दिया। उन्होंने बताया कि बागवानी लगाने के लिये कैसे गढ्ढा बनाये, कैसे पौधारोपण करे, कैसे पौधे की देखभाल करे, किस प्रकार की दवाओं और खाद का प्रयोग करें, इसकी जानकारी विस्तार से दिया। उन्होंने कहा कि बागवानी योजना से लाभुक स्वावलंबी बनेगे इसके साथ ही पर्यावरण भी प्रदूषित होने से बचेगा। लोगो की आय में बृद्धि होगी. प्रशिक्षण बीपीओ राजदीप कुमार, कनीय अभियंता अशोक कुमार, जितेंद्र कुमार, रणधीर कुमार, पंचायत सेवक नंद कुमार मेहता, प्रशांत कुमार, ज्ञान केशरी, रोजगार सेवक आलोक कुमार, श्रवण राम, आनंद विश्वकर्मा, राम चन्द्र पांडेय, अम्बिका सिंह सहित बड़ी संख्या में बागवानी सखी व लाभुक उपस्थित थे।

# ग्रामीणों के सुविधाओं का ख्याल रखना भी रेलवे विभाग की जिम्मेवारी : धर्मेंद्र चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़ स्टेशन परिसर में आठ सूत्री मांगों को लेकर ग्रामीणों ने एक दिवसीय धरना दिया। धरना कार्यक्रम का नेतृत्व मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने किया.धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि हमारी सभी मांगे रेलवे विभाग से है जो काफी पुरानी भी है। इसके लिए कई आंदोलन भी हुआ लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। मांगों को पूरा नहीं किया गया। मजबूरन फिर से आंदोलन का रुख अख्तियार करना पड़ा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के सुविधाओं का ख्याल भी रेलवे को रखना चाहिए। आठ सूत्री मांगों में लालगढ़ रेलवे स्टेशन पर सासाराम व इंटरसिटी एक्सप्रेस की ठहराव, एल एच एस का निर्माण,फुट ओवर ब्रिज का निर्माण, सड़क निर्माण, नियमित विद्युत आपूर्ति करना, आईटीआई भवन में पढ़ाई शुरू करना आदि प्रमुख है। ग्रामीणों ने धरना समाप्ति के बाद संबंधित अधिकारियों को अपना मांग पत्र सौंपा। धरना कार्यक्रम में पूर्व विस प्रत्यासी सह राजद नेता नरेश सिंह, जिला पार्षद विजय रविदास, वरीय भाजपा नेता सीएस दुबे, कौशल पांडेय, वेद प्रकाश शर्मा, तोलरा मुखिया रोहित तिवारी, अनिल चौधरी, देवेंद्र पाठक, राम सेवक राम,सूर्यमल राम, नयन कुमार, मंदीप पासवान, पप्पू कुमार चौधरी, राजेंद्र मिस्त्री, राधा देवी, फूल कुमारी,आशा देवी, नयामुद्दीन अंसारी, गिरिवर साव, परम भुईया, चंद्रिका राम सहित कई गांवों के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# भ्रष्ट पदाधिकारीगण अंतिम पायदान में खड़े लोगों के 3 माह घटक गए राशन : रूचिर कुमार तिवारी

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव का राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचित कुमार तिवारी ने नावाडीह के आदिम जनजाति के लोगों के शिकायत के बाद बंद पड़े आदिम जनजातियों को मिलने वाला राशन के खिलाफ खाद आपूर्ति कार्यालय में शिकायत की। मौके पर आदिम जनजाति परिवार के दर्जनों महिलाएं उनके साथ थी, और उन्होंने कहा कि आज 3 माह से हम लोगों का राशन मिलन बंद है। भाकपा जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति का भी 3 महीना से राशन नहीं मिलना सरकारी पदाधिकारी ,अफसरो एवं बिचौलिया के मिली भगत बताता है वहीं इसी इलाके में आदिम जनजाति के लोगों से बिरसा आवास देने के नाम पर पांच -पांच हजार रुपए घुस मांगा जा रहा है जो बहुत बड़ी गड़बड़ी बताया जा रहा है। जिला सचिव श्री तिवारी दर्जनों महिलाओं के साथ खाद आपूर्ति पदाधिकारी के कार्यालय में पहुंचे जहां खाद आपूर्ति पदाधिकारी उपलब्ध नहीं थी संबंधित पदाधिकारी को मांग पत्र सौपा गया और अभिलंब स्पष्ट कार्रवाई करके राशन वितरण नहीं हुआ तो इसके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

# उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता संग बैठक कर कार्य प्रगति की समीक्षा किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर ने विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता संग बैठक कर कार्य प्रगति की समीक्षा किया। इस दौरान ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, कधवन बांध प्रमण्डल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल- 2, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, राष्ट्रीय राजमार्ग, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, गढ़वा-नगर उंटारी, जलपथ प्रमण्डल, लघु सिंचाई प्रमण्डल, अनुसंधान प्रमण्डल, कधवन बांध प्रमण्डल विभाग की उपायुक्त ने बिंदुवार गहन समीक्षा किया एवं संबंधित कार्यपालक अभियंता को आवश्यक निर्देश भी दिए। विद्युत विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला में 11 हज़ार वोल्ट का तार, जिसे मरम्मती या किसी अलग स्थान पर शिफ्ट करने की आवश्यकता है। उन्हें चिन्हित कर अविलंब तार की मरम्मत एवं तार शिफ्टिंग की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता को दिया गया। जिससे कोई भी अप्रिय घटना घटित होने से रोक जाए। मीडिया के माध्यम से भी प्राप्त सूचना पर ऐसे स्थानों पर टीम को भेज तार मरम्मत कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने पंचायत भवन में विद्युतीकरण की जानकारी लेते हुए वैसे पंचायत भवन जहां किसी कारणवश विद्युतीकरण नही हो पाया है, उन पंचायत भवनों में विद्युतीकरण की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में किए जा रहे विद्युत आपूर्ति, वन टाइम सेटलमेंट, बिल कलेक्शन समेत अन्य की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। भवन प्रमंडल विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने नगर उंटारी गेस्ट हाउस में चल रहे कार्यों, स्वास्थ्य विभाग के संचालित भवन निर्माण संबंधित कार्यों, डंडई में कोल्ड स्टोरेज निर्माण, भवनाथपुर में गोदाम निर्माण, फायर स्टेशन निर्माण समेत अन्य निर्माणाधीन कार्य की समीक्षा कर ससमय कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बिशुनपुरा समेत अन्य स्थानों पर सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा कर उपायुक्त ने निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# सड़क दुर्घटना में स्कूल बस ड्राइवर की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नावाबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम रजदरिया मलाह टोला निवासी जीतू पासवान उम्र 65 वर्ष स्कूल बस ड्राइवर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जीतू पासवान गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल में बस का ड्राइवर थे और वह हाल में पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम तेतराई किसी के घर में किराये के मकान में रहते थे।बीती रात मकान में अत्यधिक गर्मी होने के कारण वह घर के बाहर बैठे हुए थे।इसी बीच तेज गति से आ रहे एक बाइक सवारी युवक ने उन्हें बाइक से धक्का मार दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए।इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं उनकी मौत के बाद पुलिस के द्वारा इस घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में पोस्टमार्टम करवाकर शव को दाह संस्कार के लिए अपने घर ले गए।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रदेश प्रभारी व अध्यक्ष का पलामू में जोरदार स्वागत

# देश के संविधान को खत्म करने की रची जा रही है साजिश : उमैर खान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक अध्यक्षता में बुधवार को कांग्रेस भवन के मैदान में झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के प्रभारी उमैर खान एवं झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मंजूर अंसारी का जोरदार स्वागत एवं सभा का आयोजन किया गया अल्पसंख्यक कांग्रेस झारखंड प्रदेश प्रभारी उमैर खान ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश विकट स्थिति से गुजर रहा है देश में अशांति का माहौल बना दिया गया है भारतीय जनता पार्टी ने मणिपुर की स्थिति ऐसी कर दी है कि वहां के लोग भाई के माहौल में गुजर बसर कर रहे हैं और हमारे देश के प्रधानमंत्री को उसकी फिक्र तक नहीं है देश के संविधान को खत्म करने की साजिश रची जा रही है जबकि हमारे देश के संविधान में सभी लोगों को हक और अधिकार दिया गया है उसे बचाना है उन्होंने आग्रह किया है कि इस बार आने वाले लोक सेवा चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकना है और कांग्रेस पार्टी को जीत दिलानी होगी तभी जाकर देश एक सुरक्षित हाथों में आ सकेगा देश और संविधान की रक्षा सिर्फ कांग्रेस पार्टी कर सकती है अल्पसंख्यक के प्रदेश अध्यक्ष मंसूर अंसारी ने कहा कि अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी का गठन पूरे झारखंड में हो गया है और पलामू जिला का अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी बहुत मजबूत दिखाई दे रही है मुझे बहुत ही खुशी हुआ पलामू जिला में सभी कांग्रेस पार्टी के संगठन मोर्चा और विभाग एकजुट साथ होकर काम कर रही है ऐसे काम जिले में देखने को मिलता है मुझे उम्मीद है कि ऐसे ही मिलजुल कर सभी के मेहनत से पूरे झारखंड के लोकसभा सीटों पर कांग्रेस पार्टी को जीतेंगे कांग्रेस पार्टी हर वर्ग को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। धन्यवाद ज्ञापन पलामू जनरल मो शहरयार अली खान ने किया। मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व प्रत्याशी सज्जाद खान, विनोद तिवारी, जितेंद्र कमलापुरी गढ़वा जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह खान प्रदेश के नेता महमूद अली हसनैन जैदी मो गुलरेज, मो रुस्तम अख्तर अली, तौकीर अख्तर मोजम्मिल अंसारी, हाजी मुमताज नदीम खान, फैयाज उर्फ छोटू खान शमीम अहमद राईन सनाउल्लाह खान उर्फ सन्नू खान, मिट्टू खान नसीम खान, वसीम अहमद खान, फहद फारूक, गुड्डू खान, माजीद खान इमरान कुरैशी, जरार खान मिंटू रंगसाज, गुड्डू शाह जुबैर शाह, राशिद खान, बंटी खान, बादल खान, मो मोकिम मोजाहिद राईन, विक्की राईन, अहमद रजा, साकिब खान, जावेद खान, कामरान ताज, सफीउल्लाह नैयर, मो फरहान महताब सिद्दीकी, राशिद खान, अनवर अंसारी हजारों का संख्या में लोग उपस्थित थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




### संक्षिप्त खबरें

## शमा खातून की बीएड शिक्षा में बंधु तिर्की ने की सहायता

**रांची।** मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करनेवाली, मांडर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चान्हो प्रखण्ड की पिपरा टोली निवासी रेहाना खातून की दियांग एवं प्रतिभाशाली सुपुत्री शमा खातून की बीएड शिक्षा का सपना अब अधूरा नहीं रहेगा।पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने रेहाना खातून की प्रशंसा करते हुए अपनी पुत्री को शिक्षा दिलाने के प्रति उनके समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि इससे सभी को सीख लेने की जरूरत है। तिर्की ने कहा कि जब किसी का इरादा फौलादी हो तो कुदरत किसी-न-किसी को ऐसी खुशकिस्मती देता ही है जिससे सपना और चट्टानी इरादा पूरा हो सके। तिर्की ने उक्त होनहार छात्रा के वार्षिक शुल्क का आंशिक हिस्सा प्रदान किया एवं हरसंभव मदद का भरोसा भी दिलाया।

## नि:शुल्क हृदय रोग चिकित्सा शिविर 25 को

**रांची:** सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल में 25 अगस्त को नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर लगेगा। इस शिविर में मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल नई दिल्ली के सीनियर इंटरनेशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर राजीव राठी मरीजों की जांच करेंगे और परामर्श देंगे। शिविर में झारखंड के आम लोग भी चिकित्सीय जांच करा सकते हैं। नि:शुल्क जांच सुबह नौ बजे से शुरू होगी। नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर सीएमडी डॉ.बी वीरा रेड्डी के दिशा-निर्देशन में लगाई जा रही है।

# झारखंड में आज भारी बारिश की संभावना

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** राज्य में पिछले कुछ दिनों से मानसून कमजोर नजर आ रहा है। आने वाले दिनों में मानसून के टर्फ का असर राज्य में नजर आयेगा। झारखंड के उत्तर पूर्वी भाग में मौसम का असर साफ नजर आ रहा है। राज्य के सभी स्थानों में हल्के और मध्यम दर्जे के बारिश होने की संभावना है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि 24 अगस्त से राज्य के पूर्वी भाग संताल कोल्हान सहित कई इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना है। आने वाले तीन से चार दिनों में बारिश की अच्छी संभावना है।
इसी तरह 25 अगस्त को भी राज्य में बारिश हो सकती है। 26 अगस्त से स्थिति एक बार फिर सामान्य हो सकती है। उन्होंने संताल और राज्य के उत्तर पूर्वी इलाके में वज्रपात की संभावना जाहिर की है। मौसम विभाग ने लोगों से अलर्ट रहने के लिए कहा है।राज्य में अभी भी 38 प्रतिशत कम बारिश हुई है। 27 अगस्त को राज्य में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ बारिश की संभावना जाहिर की गयी है।
मौसम विभाग ने 25 अगस्त तक बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। राजधानी रांची समेत आसपास के क्षेत्रों में भी बारिश की संभावना जताई है।
अधिकतम तापमान 28 से 32 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान लगाया गया है।

# जटिल ऑपरेशन करके बच्चा और जच्चा को बचाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** शैल्बी डीवाईन सुपर स्पेशियेलिटी अस्पताल में प्लेसेंटा पर्किटा से होने वाली खतरे का जटिल सीजेरियन ओप्रेशन करके बच्चा और जच्चा दोनो को बचाया गया। शैल्बी डीवाईन अस्पताल के सीनियर लैप्रोस्कोपिक स्त्री एवं प्रसूति रोग एवं हाई रिस्क प्रेग्नेंसी विशेषज्ञ डॉ अपेक्षा साहू ने बताया कि उनके पास डाल्टनगंज कि ऐसी मरीज आई जिसको 19 सप्ताह का प्रेग्नेंसी था लेकिन एक रेयर ओब्स्ट्रेटिक कंडीशंन था जिसमें पता चला कि गर्भ मे पल रहे शिशु का गर्भनाल से जुड़े प्लासेंटा बच्चेदानी को पार करते हुए पेशाब कि थैली को छेदने वाला है और लगातार महिला के गर्भाशय से खून रिसने लगा था।
जिसे सभी जगह खतरे को देखते हुए इलाज से इनकार किया जा चुका था, उसको किसी तरह 24 सप्ताह तक मेडिकल ट्रीटमेंट दिया गया।
लेकिन अत्यधिक रक्तस्राव होने से बच्चा और जच्चा दोनो को जान का खतरा होने लगा तो उन्हें तुरंत हाईरिस्क सर्जरी का प्लान किया गया और सीजेरियन किया गया और साथ मे उनका बच्चेदानी को भी निकाला गया और बच्चेदानी को सप्लाई करने वाले खून कि नली को बाँध दिया गया, बच्चा 640 ग्राम का है और नियोनेटल आईसीयू मे है लेकिन अभी दोनो स्वास्थ्य हैं , ओप्रेशंन के छठ्ठा दिन माँ को छुट्टी दे दी गयी।
यह जानकारी साझा करते हुए अस्पताल के मेडिकल और मैनेजिंग डाइरेक्ट डॉ देवनीस खेस ने बताया कि शैल्बी डीवाइन सुपर स्पेशियेलिटी अस्पताल मे अत्याधुनिक हाई रिस्कसर्जरी , आईसीयू और जॉइंट रिप्लेसमेंट और बोनमैरो और खून से संबंधित बीमारियों का विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा रॉंची मे ही मौजूद है।

## नगडी थाना क्षेत्र से दो युवक गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची ।** नगड़ी थाना क्षेत्र से गुमला मुख्य मार्ग के बगल से निकलने वाली पतरा चौली सड़क से थोड़ी दूरी पर चोरी का अपाची तथा एक पल्सर मोटरसाइकिल के साथ दो वाहन चोर को गिरफ्तार किया गया है। औरंगजेब अंसारी नरकोपी का रहने वाला है। सोहेल अंसारी जो कांके थाना क्षेत्र का रहने वाला है। दोनों गिरफ्तार युवकों से कागजात की मांग की गई लेकिन उन्होंने कोई कागजात नहीं दे पाया। इसके बाद पुलिस को संदेह हुआ उससे पूछताछ की गई और मोटरसाइकिल के सहित दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। ग्रामीण एसपी प्रभार हरीश बिन जमा ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि दो युवक मोटरसाइकिल से अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए, कहीं पर बैठे हुए हैं। इसी सूचना पर नगड़ी थाना प्रभारी रोहित कुमार वहां पर पहुंचे और दोनों युवकों से पूछताछ की। इन लोगों के पास से होन्डा जेएच01 बीड़ी 631 6 , वही एक बिना नंबर प्लेट का मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक रोहित कुमार थाना प्रभारी नगडी, पुलिस अवर निरीक्षक सुमन टुडू, आनंदी प्रसाद ,संतोष कुमार दुबे, संजय मिंज, दसमत हंसदा शामिल थे।

# नगर प्रशासक को सीपीआई कार्यकर्ताओं ने बूके देकर किया स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची ।** सीपीआई जिला सचिव अजय कुमार सिंह झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष जीत गुप्ता और इम्तियाज अहमद खान ने रांची नगर निगम के नगर प्रशासक अमित कुमार से मुलाकात कर उन्हें बुके देकर सम्मानित किया ।
मौके पर संयुक्त रुप से कहा कि आपके नेतृत्व रांची शहर स्वच्छता का मिशाल पूरे देश के पैमाने पर प्रथम स्थान प्राप्त करें। सुंदर और ग्रीन रांची बने।
देश भर में रांची शहर की एक स्वच्छ आदर्श छवि बने, लोगो को अधिक से अधिक नागरिक सुविधाएं मिले यह आग्रह करते हैं। साथी यह भी बताया गया कि शहरी क्षेत्र में नाली , सड़क निर्माण के साथ-साथ विभिन्न जगहों पर अतिक्रमण किया जा रहा है उन पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। गरीब उजड़े नहीं और अतिक्रमण से किसी को परेशानी ना हो इन सब बातों को ध्यान पर रखते हुए आप बेहतर काम करेंगे ऐसी उम्मीद हैं।

## झारखण्ड के थिएटर कलाकारों ने लहराया परचम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखण्ड के थिएटर कलाकारों ने एक बड़े ऑनलाइन प्लेटफार्म पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर एक बार फिर से अपना परचम लहराया है। रॉंची स्थिति थिएटर टू सिनेमा की लघु फिल्म डॉट कॉम शादी के शगुफे,का कथानक और निर्देशन सनातन ने किया है और स्क्रिप्ट झारखण्ड के अभिनेता मनोज सहाय ने लिखा है। इस फिल्म के लगभग सभी कलाकार रॉंची के युवा रंगमंच के हैं ।
इस फिल्म की सिनेमेटोग्राफी और एडिटिंग भी रॉंची के ही सुमित (गोलू) एवम राजू सोनी ने किया है। शंकर पाठक द्वारा स्थानीय कलाकारों का चयन किया गया है। इस फिल्म के अभिनय, कथानक ,निर्देशन और तकनिकी उत्कृष्ता ने देश के मुम्बई स्थित लोकप्रिय ऑनलाइन प्लेटफार्म पॉकेट फिल्म मुम्बई का ध्यान आकृष्ट किया। इस फिल्म को 25 अगस्त 2023 संध्या 5 बजे पॉकेट फिल्म द्वारा रिलीज किया जा रहा है, जिसे दर्शक उनके यूट्यूब चैनल पर देख सकेंगे। पॉकेट फिल्म्स ने थिएटर टू सिनेमा से एग्रीमेंट कर इस फिल्म के सभी डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स को 5 वर्षों के लिए ले लिया है।आगामी वर्षों में पॉकेट फिल्म ,मुम्बई इसे शार्ट फील्म फेस्टिवल में भेजने वाला है। यह फिल्म पूर्ण रूप से झारखण्ड के निर्माता, निर्देशक, कलाकारों और तकनीशियन की कृति है और फिल्म की शूटिंग कडरू, रॉंची के पर्ल रीजेंसी होटल और ओरमांझी में किया गया है।

# फुटपाथ विक्रेताओं को जागरूक करने का एक अभियान चलाया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची ।** रांची यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट आफ लीगल स्टडीज डिपार्टमेंट के द्वारा फुटपाथ विक्रेताओं को जागरूक करने का एक अभियान चलाया गया। जिसमें रांची जिला विधि प्राधिकरण के द्वारा सहयोग किया गया।
इस अभियान के तहत मोरहाबादी साप्ताहिक बाजार में डिपार्टमेंट के छात्रों के द्वारा नुक्कड़ नाटक किया गया तथा प्रत्येक विक्रेता के पास जाकर उनसे सरकार द्वारा चलाई जा रही है। विभिन्न योजनाओं के बारे में पूछा गया और अवगत कराया गयाद्व इस अभियान में मुख्य रूप से डिपार्टमेंट की ओर से कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर रिमझिम वैष्णवी, तथा छात्र विश्वजीत कुमार तिवारी, माधव कुमार , मंगलम कुमार , कुमार अक्ष , निधि प्रभा , रितिका आनंद , अंबेश चौबे, संजुका बनर्जी , कुमार रोशन , गरिमा पांडे , कुमार यश , अंगिका राजश्री व शीतल शर्मा उपस्थित रहे। डीएलएसए की ओर सेएक अधिवक्ता तथा दो पारा लीगल वॉलिंटियर्स शामिल रहे।

# पेंशन का भुगतान ससमय कराने का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग का निरीक्षण किया।निरीक्षण क्रम में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रॉंची, श्री रवि शंकर मिश्रा एवं कार्यालय के कर्मी और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। सामाजिक सुरक्षा कोषांग के रोकड़ पंजी, सहायक रोकड़ पंजी, आवंटन पंजी, समाधान पंजी, पेंशन भुगतान प्रक्रिया की संचिका, विपत्र का अवलोकन करते हुए, संबंधित अधिकारी को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सभी कर्मियों से एक-एक करके उनसे उनके कार्य के बारें में जानकारी लेते हुए, उन्हें कार्य संपादन अच्छे से और ससमय पूरा करने को कहा एवं सभी कर्मियों को मिले उत्तरदायित्व का पालन बेहतर से करने का निर्देश दिया। सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सभी कर्मियों को विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी कर्मी अपनी कार्यकुशलता को बेहतर से बेहतरीन करने की दिशा में कार्य करें, जब तक उन्हें जिम्मेदारी दी गई है, तब तक हर समय कुछ नया सीखें, जीवन भर काम सीखना है, इससे उनकी स्किल बेहतर होगी एवं दिए गए कार्यों का संपादन बेहतर ससमय होगा। जरूरत पड़ने पर उन्हें ट्रेनिंग लेने को भी उपायुक्त रॉंची द्वारा कहा गया।

# मरांडी ने मधुपुर में जनसभा को किया संबोधित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपने संकल्प यात्रा के दूसरे चरण की शुरुवात की। मधुपुर के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मैदान में मरांडी ने जनसभा को संबोधित किया। मरांडी ने हेमंत सरकार की विफलताओं, सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार एवम ध्वस्त विधि व्यवस्था को उजागर किया। उन्होंने मोदी सरकार द्वारा राज्य के विकास केलिए किए गए कार्यों को भी बताया।उन्होंने कहा राज्य में हर दिन लूट बलात्कार की घटनाएं हो रही और पुलिस वसूली में लगी है।पुलिस अगर पकड़ती है,केस करती है तो वह अपराधियों पर नहीं राज्य सरकार के विरोध में बोलने वालों पर,सरकार के खिलाफ आंदोलन करने वालों पर। उन्होंने कहा कि राज्य में खान खनिज,बालू पत्थर की लूट मची है। और लुटेरों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। क्योंकि सत्ता में बैठे लोग ही लूट में शामिल हैं।उन्होंने कहा कि महाजनी प्रथा से गरीबों, आदिवासियों को मुक्त कराने की बात करने वाले मुख्यमंत्री आज राज्य के खान खनिज , पत्थर बालू और गरीबों की जमीन लूट कर सबसे बड़े महाजन बन गए। उन्होंने कहा कि खाली पड़ी जमीन को बचाकर रखें नही तो कभी भी सत्ता के दलाल ,बिचौलिए उसपर कब्जा कर बैठेंगे। और शिकायत करने पर उल्टा मुकदमा भी दर्ज कर देंगे।

## चंद्रयान के सफल लैंडिंग पर पुलिस एसोसिएशन ने इसरो की टीम को दी बधाई

**रांची ।** बुधवार को देश का ऐतिहासिक और गौरवान्वित करने वाला पल रहा। चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग हुआ अपना हिंदुस्तान ने इतिहास रचा है। इसरो ने भी चंद्रमा में इतिहास रचा दिया। सफल मिशन के लिए देश के सभी वैज्ञानिक को पूरे भारत की ओर से दिल से धन्यवाद। झारखंड पुलिस एसोसिएशन केंद्रीय कार्यालय में प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, उपाध्यय अरविंद यादव, प्रांतीय संयुक्त सचिव मो महताब आलम, संयुक्त सचिव रंजन कुमार, संगठन सचिव अंजनी कुमार पूरी टीम बैठकर इस दृश्य का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

# चंद्रयान-3 के लॉन्चिंग को लेकर आदिवासी समाज ने की सरना मां से प्रार्थना

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** चंद्रमा 3 के सफल लॉन्चिंग को लेकर पूरे देश आज प्रार्थना कर रहा है। इसी कड़ी में रांची के तेतर टोली सरन स्थल में आदिवासी समाज के द्वारा चंद्रमा 3 के सफल लॉन्चिंग को लेकर सरना मां से प्रार्थना किया। इस प्रार्थना सभा में आदिवासी समाज के साथ-साथ स्कूल के बच्चे भी अपने हाथों में चंद्रयान-3 के पोस्टर लेकर प्रार्थना करते हुए नजर आए। प्रार्थना सभा नेतृत्व करते हुए अजु तिर्की ने कहा कि बहुत ही गर्व की बात है कि बुधवार को लॉन्चिंग का समय 6ः04 निर्धारित की गई है। सरना मां से प्रार्थना है कि चंद्रयान-3 का सफल लॉन्चिंग हो। बहुत ही गौरवान्वित क्षण होगा, जब चंद्रमा में भी अपना भारत का झंडा लहरायेगा। आदिवासी महिला ने भी कहा कि आज का दिन झारखंड और रांची के लिए भी काफी गर्व करने वाली बात है । क्योंकि चंद्रयान-3 का लैंडर रांची के एचईसी में ही बनाया गया । इस विशेष प्रार्थना में मुख्य रूप से अंजु तिर्की के अलावा संतु तिर्की, वीणा कच्छप,जीवन भूटकुमार, फैयाज साह,अमित तिर्की, हरीश मुंडा, जयपाल मुंडा,रामरती कच्छप, सुनीता तिर्की, विमला भूटकुमार ,प्रमिला मुंडा कृष्ण मुंडा,लाली तिर्की, उषा भूटकुमार, जीतन मुंडा,अंजू केरकेट्टा, सुमित तिर्की, रजनी खलखो मुन्नी मुंडा,सबिता उरांव, बीनू तिर्की,सहित अन्य सारे लोग शामिल थे।

# बैंक ऑफ इंडिया ने किया चार्टर्ड एकाउंटेंट मीट का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, रॉंची द्वारा चार्टर्ड एकाउंटेंट मीट का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ सेन्ट्रल बैंक के महाप्रबंधक वाई अनिल कुमार द्वारा दीप प्रज्जवलन के द्वारा किया गया । इस अवसर पर चार्टर्ड एकाउंटेंट एवं सेन्ट्रल बैंक की भूमिका पर प्रकाश डालते हुये कुमार ने बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया । इस अवसर पर बोलते हुये सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार ने कहा कि सीए एवं बैंक एक दूसरे के पूरक हैं तथा इस तरह के आयोजन से ना केवल हमारे बीच आपसी समझ बढ़ेगी बल्कि इससे हमारे संबंध और भी प्रगाढ़ होंगे । इस अवसर पर प्रेसिडेंट आईसीएआई,रॉंची चाप्टर पंकज मक्कर ने इस तरह के आयोजन के लिये बैंक के प्रति आभार प्रकट किया तथा बैंक के साथ पूर्ण सहयोग का वादा किया । इस अवसर पर वाइस प्रेसिडेंट आईसीएआई,रॉंची चाप्टर सुश्री श्रद्धा बागला , प्रभात अग्रवाल , सदस्य आईसीएआई,रॉंची चाप्टर, आलोक कुमार , मुख्य प्रबंधक ने भी अपने विचार रखे । मनीष कुमार एवं अमित कुमार ने पूछे गये प्रश्नों का समाधान दिया । कार्यक्रम में पीयूष मोदी,श्वेता भगत मनीष कुमार साह ,राजीव सिंह, नीतू लकडा प्रशान्त प्रसून,संतोष कुमार , सौरभ कुमार सोनल कुमार सिन्हा , आदि उपस्थित थे । धन्यवाद ज्ञापन प्रशांत देशपांडे उप क्षेत्रीय प्रमुख सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया ने किया

# रांची में खेल दिवस पर 29 को फुटबॉल मैच और तीन को ऑनलाइन क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** रांची के चुटिया स्थित कार्यालय में बुधवार को क्रीड़ा भारती रांची महानगर की बैठक हुई। बैठक का संचालन रांची क्रीड़ा भारती के प्रांत उपाध्यक्ष मुनचुन राय और रांची महानगर के अध्यक्ष रवि मुंडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 29 अगस्त को खेल दिवस के कार्यक्रमों की चर्चा की गई। मुनचुन राय ने कहा कि खेल दिवस पर तीन सितंबर को ऑनलाइन क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा का आयोजन होगा। यह परीक्षा अखिल भारतीय स्तर पर होगी। इसमें 12 से 25 वर्ष के परीक्षार्थी भाग ले सकते हैं। यह परीक्षा आधे घंटे की होगी। परीक्षा में प्रथम पुरस्कार एक लाख, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार, तृतीय पुरस्कार 25 हजार और चतुर्थ पुरस्कार 11 हजार की होगी। परीक्षार्थी क्रीड़ा भारती के वेबसाइट में दिए गए लिंक पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। फार्म का शुल्क मात्र 20 रुपये रखा गया है। महानगर अध्यक्ष रवि मुंडा ने कहा कि 29 अगस्त खेल दिवस पर बरियातू स्थित डीआईजी ग्राउंड में एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होगा, जिसमें चार टीम में भाग लेंगे। प्रथम पुरस्कार 11 हजार और द्वितीय पुरस्कार सात हजार रखा गया है।

## जमीन लूट के खिलाफ अपने जल-जंगल-जमीन बचाने के लिए वनजारा गांव में रैली व सभा संपन्न

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को आदिवासी संघर्ष मोर्चा और भारत जगत मांझी परगना महाल के संयुक्त नेतृत्व में गोला प्रखंड के भुभुई गांव के बनजारा टोला में भू-माफिया दलाल बिचौलिया एवं कंपनियों के द्वारा आदिवासियों की भूमि लूट के खिलाफ बनजारा गांव में आदिवासियों की महाजुटान हुई। जहां सबसे पहले अपने पुरखों व महापुरुषों की याद करते हुए अपनी प्राकृतिक सरना धर्म की पूजा गांव पाहन एवं नागेश्वर मुंडा की देखरेख में की गई और पूजा संपन्न होने के बाद एक रैली निकाली गई ।जिसमें सैकड़ों महिला-पुरुष,नौजवानों शामिल थे जिनके हाथों में तीर धनुष, झंडा बैनर लिए अक्रोशपूर्ण नारा लगाते हुए जमीनों में मार्च कर रहे थे। जल-जंगल-जमीन की लड़ाई तेज करो,भू-माफिया दलाल-विचौलिया को मार भगाओ, आदिवासियों की भूमि पर कंपनियों की लूट नहीं चलेगी,जो जमीन सरकारी है वो जमीन हमारी है,एक तीर एक कमान-सब आदिवासी एक समान।फिर यह रैली सभा स्थल मैदान में पहुंचे।मंच में मुख्य वक्ता- राष्ट्रीय संयोजक- देवकीनंदन बेदिया, और भारत जगत मांझी परगना महल हजारीबाग जिला के परगना अध्यक्ष- सोहराय किस्कू, झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा के जिला सचिव-बिगेंद्र ठाकुर,सरना प्रार्थाना सभा रामगढ़ जिला अध्यक्ष-नागेश्वर मुंडा, आदिवासी संघर्ष मोर्चा के नेता-लाली बेदिया,रस्का मांझी,वनजारा गांव के प्रधान-बाबुराम मांझी,दिनेश टुडू, जितेंद्र किस्कू,राधामनी देवी,जिराजी देवी,सुनील किस्कू अन्य शामिल थे। सभा का संचालन-मणेन्द्र कुमार ने किया। सभा में वक्ताओं ने होड़ एवं हिंदी भाषा में संबोधन किए जो पुरी तरह से आत्मीय लग रहा था। आनेवाले दिनों में आदिवासियों की हड़पी गई उसे कब्जा करने एवं न्यायालय से आदेश दखल दिहानी के लिए पुरे रामगढ़ जिला में आंदोलन तेज करने का आह्वान किया गया।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया गया फ्लोरोसिस बीमारी के प्रति जागरूक

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को सिविल सर्जन रामगढ़ डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद के नेतृत्व में एनपीपीसीएफ कार्यक्रम अंतर्गत फ्लोरोसिस के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से छोटा नागपुर कला केंद्र के कलाकारों द्वारा चितरपुर प्रखंड के छोटकी लारी में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को पेयजल एवं खाद्य पदार्थ जैसे सेंधा नमक, काला नमक, लाल चाय एवं जंक फूड में पाए जाने वाले फ्लोराइड तत्वों से होने वाले फ्लोरोसिस बीमारी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को फ्लोरोसिस के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि फ्लोरोसिस एक लाइलाज बीमारी है। अगर समय रहते इसे रोका न जाए तो यह दांत के साथ साथ इंसान की हड्डियों को भी खोखला करना शुरू कर देती है जिससे व्यक्ति को चलने फिरने एवं रोजमर्रा के कार्य करने में कठिनाइयां होती है। गर्भवती महिलाओं को भी गर्भावस्था में फ्लोरोसिस बीमारी की जांच करना अनिवार्य है जिससे कि प्रसव संबंधित जटिलताओं को रोका जा सके। वही सभी लोगों को इस बात की भी जानकारी दी गई कि वे पेयजल एवं पेशाब की जांच सदर अस्पताल में निःशुल्क करवा सकते हैं।

## हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड का प्रशिक्षण छात्रों को बनाता है अनुशाषित : धनंजय कुमार पुटूस

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल उच्च विद्यालय व राजकीय मध्य विद्यालय नया नगर बरकाकाना में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रवेशिका प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के रामगढ़ जिला चेयरमैन धनंजय कुमार पुटूस ने प्रशिक्षण प्राप्त किये बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।रामगढ़ जिला के चेयरमैन धनंजय कुमार पुटूस ने प्रशिक्षण प्राप्त छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद दिया और राष्ट्र हित मे कार्य करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र अनुशासित बनते हैं।प्रशिक्षण शिविर में लगभग 272 बच्चो ने प्रशिक्षण लिया। कार्यक्रम में सीसीएल उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक केके सिंह, राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्रमोहन, हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के जितेंद्र गिरी,सोनाली कुमारी,पुष्पा कुमारी,गायत्री कुमारी शामिल हुए।

## सीसीएल कोलयरी कर्मचारी संघ बीएमसी की बैठक क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित, हुआ पौधरोपण

**गिददी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ (बीएमएस) की एक बैठक क्षेत्रीय कार्यालय गिद्दी ए में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मदन कुमार व संचालन प्रशांत कुमार बेलथरिया ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सीसीएल सीकेएस के महामंत्री राजीव रंजन सिंह व सीसीएल के सुरक्षा बोर्ड सदस्य शशि भूषण सिंह उपस्थित हुए।। सर्व प्रथम भगवान विश्वकर्मा, माँ भारती व दत्तोपंत ठेंगडी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया गया। सभी ने अतिथियो का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। महामंत्री ने कहां कि भारतीय मजदूर संघ ने 11वें वेतन समझौता में अग्रणी भूमिका निभाई। जिसके परिणाम स्वरूप ही 19 प्रतिशत एमजीबी मिल पाया। साथ ही एरियर भुगतान भी जल्द दिलाने में भारतीय मजदूर संघ की अहम भूमिका रही है। बीएमएस निस्वार्थ भाव से मजदूरों की सेवा में तत्पर रहता है। इस दौरान बीएमएस के ÷एक पेड़ देश के नाम÷ कार्यक्रम के तहत महामंत्री ने कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया। जिसमें प्रदेश पर्यावरण संयोजक प्रशान्त बेलथरिया शामिल थे। मौके पर अखोरी प्रदीप प्रसाद, हेमंत शर्मा, रणधीर कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, अजय कुमार शर्मा, भोला कुमार, कमलेश कुमार, सुनिल कुमार सिन्हा समेत कई सदस्य मौजूद थे।

## हेसला में अधिकांश खेतों में अब भी रोपाई बाकी, किसान चिंतित

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेसला समेत आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रावण माह के अंतिम चरण में खेती के लिए रोपाई अधिकांश खेतों में अब भी बाकी हैं। किसान अब तक अनुमानतः 20 प्रतिशत खेतों में धान रोपनी करने में सफल हो पाए हैं। इसका मुख्य कारण पानी का नहीं होना बताया जा रहा हैं। हेसला किसान गंगा बेदिया बताते हैं कि इधर-उधर के जल स्रोतों से खेतों को पटाकर जुताई के बाद कुछ खेतों में रोपाई की जा रही हैं। लेकिन अभी खेतों में पूर्णता रोपाई नहीं हो पाई हैं। यदि वर्षा की स्थिति ठीक नहीं बनती हैं, तो फसलो की खेती प्रभावित हो सकती हैं। इससे किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही हैं।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड स्तरीय संयोजक मंडली की बैठक संपन्न

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड स्तरीय संयोजक मंडली का बैठक आई लव रेस्टोरेंट बड़कागांव में किया गया। जिसकी अध्यक्षता बड़कागांव मुख्य संयोजक संजय सिंह एवं संचालन संयोजक मंडली सदस्य सह मुखिया इलियास अंसारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह मुख्य संयोजक जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया एवं विशिष्ट अतिथि जिला संयोजक मंडली सदस्य नीलकंठ महतो उपस्थित हुए। श्री बेदिया ने कहा की झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड राज्य आदिवासी मूलनिवासी के लिए बहुत ही अच्छा कार्य कर रहे है। छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं को अनेक अनेक प्रकार की योजनाएं से जोड़ने का कार्य सरकार कर रही है।नीलकंठ महतो ने कहा इस सरकार में विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, वृद्धा पेंशन, लिए हमेशा कार्य हो रहा है। वहीं झमन प्रसाद और संजय सिंह ने कहा कि लोकसभा विधानसभा को देखते हुए बड़कागांव प्रखंड में पंचायत कमेटी प्रखंड कमेटी सशक्त बनाना है। मोहन सोरेन और सफीउल्लह अंसारी ने कहा की सभी लोग संयोजक मंडली का सदस्य हैं सभी को मिलजुल कर पंचायत कमेटी को गठन करना है।


# उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग

(जिला भू–अर्जन शाखा)

प्रपत्र–VI

समाहर्त्ता या समुचित सरकार

## प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

अधिसूचना सं0:–818/भू0अ0, हजारीबाग। दिनांक:– 19.08.2023

चुंकि समाहर्त्ता/समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–बलोदर, थाना–सं0–145, थाना–बड़कागॉव, अंचल–बड़कागॉव, जिला–हजारीबाग में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा अडानी इन्टरप्राईजेज लि0, गोन्दुलपारा कोयला खान परियोजना भू अर्जन अपेक्षित है, इसलिए राज्य एस0 आई0 ए0 ईकाई द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया और एक प्रतिवेदन सौंपा गया। सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन का सार–संक्षेप यथा निम्न है:–

हजारीबाग जिला के बड़कागॉव अंचल अन्तर्गत अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित परियोजना गोन्दुलपारा कोयला खान में रैयती भूमि की मात्रा न्यूनतम है और इसे टाला नहीं जा सकता क्योंकि इस गोन्दलपुरा कोल ब्लॉक का स्थल कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदत निर्देशांक (Co-ordinates) के कारण पूर्व निश्चित है एवं प्रस्तावित गोन्दलपुरा कोल ब्लॉक का आवंटन अदाणी इन्टरप्राईजेज लि0 को कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश सं0 NA-104/10/2020-NA, दिनांक 08.03.2021 द्वारा किया गया है। अतः अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित भूमि की सीमा परियोजना के लिए आवश्यक न्यूनतम सीमा है। प्रस्तावित परियोजना कोयला खनिज धारित क्षेत्र है जिसका अन्वेषण केन्द्रिय संस्था, सी0एम0पी0डी0आई0 के द्वारा किया गया है। जिससे दूसरे जगह स्थानांतरित नही किया जा सकता है। इस प्रकार प्रस्तावित विस्थापन को कम नही किया जा सकता है। समाजिक समाघात अध्ययन के समस्त पहलुओं पर विचार के उपरांत पाया गया कि यह परियोजना लोकप्रयोजनार्थ है एंव सार्वजनिक उद्देश्य को पूरा करती है। प्रस्तावित परियोजना का परिचालन लम्बी अवधि के लिए होगा। परियोजना से प्रत्यक्ष एंव अप्रत्यक्ष रूप से लगभग अधिकांश व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्राप्त होगें। प्रारंभिक चरण में प्रस्तावित विकास का परिचालन चरण एक से दूसरे अवसर को जन्म देगा। जिससे अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों की संख्या में गुणोत्तर वृद्धि होगी। विकास योजना में खनन से संबंधित कौशल (जैसे ड्राईविंग, तकनीकी कौशल व बुनियादी प्रबंधन कौशल) वयस्क बुनियादी शिक्षा व प्रशिक्षण और सामान्य जीवन कौशल का विकास शामिल होगें। सामुदायिक विकास परियोजनाओं को और अधिक सुदृढ कर समाजिक स्थिति को संतुलित किया जा सकता है। परियोजना की सामाजिक लागत एवं प्रतिकूल सामाजिक प्रभाव की तुलना में संभावित लाभ अधिक है।

भू–अर्जन के कारण विस्थापित परिवारों की सं0 एस0आई0ए0 प्रतिवेदन के अनुसार 781 है। इस बाध्यकारी विस्थापन का कारण नीचे दिया गया है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी को प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–बलोदर, थाना–सं0–145, थाना–बड़कागॉव, अंचल–बड़कागॉव, जिला–हजारीबाग में उपर्युक्त कथित परियोजना के कमोवेश 79.35 एकड़ यानि 32.11 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित अर्जनाधीन है जो निम्नवत है:–

| क्र0सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 250 | 5 | 488/1 | नीज | टांड–II | 0.1367 | जैलाल गोप विकास यादव प्यारी गोप बिहारी गोप पिता तेजा गोप वो शंभु गोप प्रमेश्वर गोप धनेश्वर गोप हेमन गोप बीरन गोप पिता ज्ञानी गोप वो बासदेव यादव पिता महाबीर गोप | प्लॉट–489 | प्लॉट –487 | प्लॉट–487 | प्लॉट–487 |
| 251 | 13 | 490 | नीज | टांड–II | 0.5200 | बंधनी देवी पति ज्ञानी गोप | प्लॉट–491 | प्लॉट –489 | प्लॉट–520 | प्लॉट–500 |
| 252 | 11 | 491 | नीज | टांड–III | 0.1400 | तेजो उर्फ कैला गंझु, नारायण गंझु पिता स्व0 पारसनाथ गंझु वो ठुरच गंझु, विकास गंझु पिता स्व0 छेदी गंझु वो प्रयाग गंझु पिता स्व0 मोहन गंझु | प्लॉट–492 | प्लॉट –490 | प्लॉट–520 | प्लॉट–500 |
| 253 | 19 | 492 | नीज | टांड–III | 0.0900 | खैटा गंझु, कछिया गंझु पिता स्व0 सुकर गंझु वो जेठु गंझु पिता स्व0 नान्हु गंझु वो कार्तिक गंझु पिता स्व0 मोहन गंझु वो भादे गंझु, अमृत गंझु पिता स्व0 मोहन गंझु सा0 बलोदर टोला जामुन टोला। | प्लॉट–493 | प्लॉट –491 | प्लॉट–518 | प्लॉट–500 |
| 254 | 11 | 493 | नीज | टांड–III | 0.3100 | तेजो उर्फ कैला गंझु, नारायण गंझु पिता स्व0 पारसनाथ गंझु वो ठुरच गंझु, विकास गंझु पिता स्व0 छेदी गंझु वो प्रयाग गंझु पिता स्व0 मोहन गंझु | प्लॉट–494 | प्लॉट –492 | प्लॉट–518 | प्लॉट–500 |
| 255 | 5 | 494 | नीज | टांड–II | 0.0200 | ठाकुरी गंझु , कजरू गंझु कुलेश्वर गंझु पिता स्व0 चमन गंझु वो कमल गंझु, जीवन गझु जानकी गंझु पिता स्व0 किशुन गंझु वो देवा गंझु, पैरू गंझु, बौधी गंझु, मो0 चरकी पिता स्व0 घनश्याम गंझु वो दशमी भुईन पिता स्व0 रूशन गंझु वो तिलक गंझु, पारसनाथ गंझु, परमेश्वर गंझु, जगदेव गंझु, खेमलाल गंझु पिता स्व0 रामसहाय गंझ वो भुनेश्वर गंझु पिता स्व0 सौना गंझु वो बुधन गंझु पिता स्व0 अलखु गंझु वो कोमल गंझु पिता कोइली गंझु वो छेदी गंझु पिता स्व0 दीना गंझु। | प्लॉट–495 | प्लॉट –493 | प्लॉट–518 | प्लॉट–500 |
| 256 | 5 | 494/1 | नीज | टांड–II | 0.0700 | नेमिया देवी पति अमृत गंझु | प्लॉट–495 | प्लॉट –493 | प्लॉट–518 | प्लॉट–500 |
| 257 | 15 | 495 | नीज | टांड–III | 0.0700 | नेमिया देवी पति अमृत गंझु सा0 बलोदर। | प्लॉट–496 | प्लॉट –494 | प्लॉट–518 | प्लॉट–500 |
| 258 | 25 | 496 | नीज | टांउ–II | 0.2100 | रामेश्वर गंझु, उगन गंझु पिता स्व0 धनु गंझु वो लटन गंझु, झोतर गंझु पिता स्व0 मोहन गंझु वो मंगरी गंझुईन, मनतोरीया, पूजी पिता स्व0 जीतन गंझु वो महावीर गंझु, भूखा गंझु, टिमन गंझु उर्फ प्रेमलाल गंझु पिता स्व0 मीना गंझु वो माघा गंझु पिता स्व0 त्रिभूवन गंझु सा0 बलोदर | प्लॉट–498 | प्लॉट –495 | प्लॉट–518 | प्लॉट–500 |
| 259 | 25 | 497 | नीज | टांड–II | 0.0600 | रामेश्वर गंझु, उगन गंझु पिता स्व0 धनु गंझु वो लटन गंझु, झोतर गंझु पिता स्व0 मोहन गंझु वो मंगरी गंझुईन, मनतोरीया, पूजी पिता स्व0 जीतन गंझु वो महावीर गंझु, भूखा गंझु, टिमन गंझु उर्फ प्रेमलाल गंझु पिता स्व0 मीना गंझु वो माघा गंझु पिता स्व0 त्रिभूवन गंझु सा0 बलोदर | प्लॉट–498 | प्लॉट –496 | प्लॉट–517 | प्लॉट–498 |
| 260 | 25 | 498 | नीज | टांड–III | 0.3500 | रामेश्वर गंझु, उगन गंझु पिता स्व0 धनु गंझु वो लटन गंझु, झोतर गंझु पिता स्व0 मोहन गंझु वो मंगरी गंझुईन, मनतोरीया, पूजी पिता स्व0 जीतन गंझु वो महावीर गंझु, भूखा गंझु, टिमन गंझु उर्फ प्रेमलाल गंझु पिता स्व0 मीना गंझु वो माघा गंझु पिता स्व0 त्रिभूवन गंझु सा0 बलोदर | प्लॉट–499 | प्लॉट –496 | प्लॉट–504 | प्लॉट–500 |
| 261 | 21 | 499 | नीज | टांड–II | 0.0900 | बंन्धु गंझु पिता स्व0 करम गंझु वो ठकुरी गंझु, आतो गंझ, छक्कन गंझु, कैलाश गंझु पिता स्व0 धरम गंझु सा0 बलोदर | प्लॉट–503 | प्लॉट –598 | प्लॉट–504 | प्लॉट–500 |
| 262 | 11 | 501 | नीज | परती कदीम | 0.0200 | तेजो उर्फ कैला गंझु, नारायण गंझु पिता स्व0 पारसनाथ गंझु वो ठुरच गंझु, विकास गंझु पिता स्व0 छेदी गंझु वो प्रयाग गंझु पिता स्व0 मोहन गंझु | प्लॉट–500 | प्लॉट –503 | प्लॉट–502 | प्लॉट–500 |
| 263 | 11 | 502 | नीज | टांड–II | 0.0900 | तेजो उर्फ कैला गंझु, नारायण गंझु पिता स्व0 पारसनाथ गंझु वो ठुरच गंझु, विकास गंझु पिता स्व0 छेदी गंझु वो प्रयाग गंझु पिता स्व0 मोहन गंझु | प्लॉट–185 | प्लॉट –503 | प्लॉट–181 | प्लॉट–501 |
| 264 | 11 | 503 | नीज | टांड–II | 0.4000 | तेजो उर्फ कैला गंझु, नारायण गंझु पिता स्व0 पारसनाथ गंझु वो ठुरच गंझु, विकास गंझु पिता स्व0 छेदी गंझु वो प्रयाग गंझु पिता स्व0 मोहन गंझु | प्लॉट–181 | प्लॉट –499 | प्लॉट–505 | प्लॉट–500 |
| 265 | 5 | 504 | नीज | टांड–I | 0.2100 | महादेव महतो पिता सिदर महतो | प्लॉट–505 | प्लॉट –517 | प्लॉट–512 | प्लॉट–498 |
| 266 | 5 | 505 | नीज | धान–II | 0.0700 | ठाकुरी गंझु , कजरू गंझु कुलेश्वर गंझु पिता स्व0 चमन गंझु वो कमल गंझु, जीवन गझु जानकी गंझु पिता स्व0 किशुन गंझु वो देवा गंझु, पैरू गंझु, बौधी गंझु, मो0 चरकी पिता स्व0 घनश्याम गंझु वो दशमी भुईन पिता स्व0 रूशन गंझु वो तिलक गंझु, पारसनाथ गंझु, परमेश्वर गंझु, जगदेव गंझु, खेमलाल गंझु पिता स्व0 रामसहाय गंझ वो भुनेश्वर गंझु पिता स्व0 सौना गंझु वो बुधन गंझु पिता स्व0 अलखु गंझु वो कोमल गंझु पिता कोइली गंझु वो छेदी गंझु पिता स्व0 दीना गंझु। | प्लॉट–506 | प्लॉट –504 | प्लॉट–507 | प्लॉट–503 |
| 267 | 5 | 506 | नीज | धान–II | 0.0700 | ठाकुरी गंझु , कजरू गंझु कुलेश्वर गंझु पिता स्व0 चमन गंझु वो कमल गंझु, जीवन गझु जानकी गंझु पिता स्व0 किशुन गंझु वो देवा गंझु, पैरू गंझु, बौधी गंझु, मो0 चरकी पिता स्व0 घनश्याम गंझु वो दशमी भुईन पिता स्व0 रूशन गंझु वो तिलक गंझु, पारसनाथ गंझु, परमेश्वर गंझु, जगदेव गंझु, खेमलाल गंझु पिता स्व0 रामसहाय गंझ वो भुनेश्वर गंझु पिता स्व0 सौना गंझु वो बुधन गंझु पिता स्व0 अलखु गंझु वो कोमल गंझु पिता कोइली गंझु वो छेदी गंझु पिता स्व0 दीना गंझु। | प्लॉट–181 | प्लॉट –505 | प्लॉट–507 | प्लॉट–503 |
| 268 | 5 | 507 | नीज | टांड–II | 0.0934 | देवन्ती देवी पति ग्यादत्त सिंह जाति भूमिहार एवं विभा देवी पति अशोक कुमार सिंह जाति भूमिहार सा0 अम्बाजीत। | प्लॉट–508 | प्लॉट –512 | प्लॉट–510 | प्लॉट–505 |
| 269 | 5 | 507/I | नीज | टांड–II | 0.0933 | कुन्ती देवी पति रामलखन सिंह जाति भूमिहार सा0 अम्बाजीत | प्लॉट–508 | प्लॉट –512 | प्लॉट–510 | प्लॉट–505 |
| 270 | 5 | 507/II | नीज | टांड–II | 0.0933 | हरिनारायण सिंह पिता स्व0 पाठक धनेश्वर सिंह एवं श्री पाठक भानूप्रताप सिंह वो श्री माधो प्रताप सिंह वो श्री शिवनारायण सिंह पिता स्व0 पाठक धनेश्वर सिंह जाति भूमिहार सा0 अम्बाजीत। | प्लॉट–508 | प्लॉट –512 | प्लॉट–510 | प्लॉट–505 |
| 271 | 21 | 508 | नीज | टांड–II | 0.2000 | बंन्धु गंझु पिता स्व0 करम गंझु वो ठकुरी गंझु, आतो गंझ, छक्कन गंझु, कैलाश गंझु पिता स्व0 धरम गंझु सा0 बलोदर | प्लॉट–176 | प्लॉट –507 | प्लॉट–509 | प्लॉट–181 |
| 272 | 21 | 509 | नीज | खलिहान | 0.0300 | बंन्धु गंझु पिता स्व0 करम गंझु वो ठकुरी गंझु, आतो गंझ, छक्कन गंझु, कैलाश गंझु पिता स्व0 धरम गंझु सा0 बलोदर | प्लॉट–175 | प्लॉट –510 | प्लॉट–512 | प्लॉट–508 |
| 273 | 5 | 510 | नीज | खलिहान | 0.0400 | ठाकुरी गंझु , कजरू गंझु कुलेश्वर गंझु पिता स्व0 चमन गंझु वो कमल गंझु, जीवन गझु जानकी गंझु पिता स्व0 किशुन गंझु वो देवा गंझु, पैरू गंझु, बौधी गंझु, मो0 चरकी पिता स्व0 घनश्याम गंझु वो दशमी भुईन पिता स्व0 रूशन गंझु वो तिलक गंझु, पारसनाथ गंझु, परमेश्वर गंझु, जगदेव गंझु, खेमलाल गंझु पिता स्व0 रामसहाय गंझ वो भुनेश्वर गंझु पिता स्व0 सौना गंझु वो बुधन गंझु पिता स्व0 अलखु गंझु वो कोमल गंझु पिता कोइली गंझु वो छेदी गंझु पिता स्व0 दीना गंझु। | प्लॉट–509 | प्लॉट –511 | प्लॉट–512 | प्लॉट–507 |
| 274 | 5 | 511 | नीज | खलिहान | 0.0500 | तिलक गंझु पारसनाथ गंझु प्रमेश्वर गंझु जगदेव गंझु खेमलाल गंझु पिता रामसहाय गंझु वो भुनेश्वर गंझु पिता स्व0 बढ़न गंझु | प्लॉट–510 | प्लॉट –512 | प्लॉट–512 | प्लॉट–507 |
| 275 | 5 | 512 | नीज | टांड–III | 0.9000 | महादेव महतो पिता सिदर महतो | प्लॉट–507 | प्लॉट –513 | प्लॉट–529 | प्लॉट–504 |
| 276 | 9 | 513 | नीज | टांड–II | 0.2100 | नान्दो गंझु वो सुकर गंझु वो कन्दन गंझु पेशरान महादेव गंझु डीलु गंझु माता स्व0 सुकरी देवी कॉम भोगता सा0 देह। | प्लॉट–512 | प्लॉट –514 | प्लॉट–525 | प्लॉट–515 |
| 277 | 5 | 514 | नीज | टांड–II | 0.2200 | केदार महतो पिता फिरंगी महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–513 | प्लॉट –522 | प्लॉट–524 | प्लॉट–515 |
| 278 | 5 | 514/1 | नीज | टांड–II | 0.3200 | केदार महतो पिता फिरंगी महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–513 | प्लॉट –522 | प्लॉट–524 | प्लॉट–515 |
| 279 | 31 | 515 | नीज | धान–III | 0.2600 | जगदीश सिंह पिता पाठक देवनारायण सिंह सा0 अम्बाजीत। | प्लॉट–516 | प्लॉट –519 | प्लॉट–514 | प्लॉट–518 |
| 280 | 31 | 515/I | नीज | धान–III | 0.1600 | मीना सिंह पति स्व0 श्यामदेव दास सा0 अम्बाजीत | प्लॉट–516 | प्लॉट –519 | प्लॉट–514 | प्लॉट–518 |
| 281 | 6 | 516 | नीज | टांड–III | 0.2200 | मोहन भुईयां पिता स्व0 हरिनाथ भुईयां वो रोहन भुईयां, ललीत भुईयां, चैता भुईयां पिता स्व0 रामसहाय भुईयां वो बासदेव भुईयां, सुरेश भुईयां पिता स्व0 नान्दो भुईयां वो बिन्दु भुईयां, नेतल भुईयां, कार्तिक भुईयां पिता स्व0 किशुन भुईयां वो जगदेव भुईयां, संतोष भुईयां, जनाधर भुईयां पिता स्व0 सहजु भुईयां वो विशेश्वर भुईयां, दिपक भुईयां पिता स्व0 बुटन भुईयां सा0 गाली। | प्लॉट–512 | प्लॉट –515 | प्लॉट–512 | प्लॉट–517 |
| 282 | 31 | 517 | नीज | धान–III | 0.0900 | जगदीश सिंह पिता पाठक देवनारायण सिंह सा0 अम्बाजीत। | प्लॉट–504 | प्लॉट –518 | प्लॉट–516 | प्लॉट–497 |
| 283 | 31 | 517/I | नीज | धान–III | 0.0700 | सरिता देवी पति स्व0 सुखदेव राय सा0 अम्बाजीत। | प्लॉट–504 | प्लॉट –518 | प्लॉट–516 | प्लॉट–497 |
| 284 | 30 | 518 | नीज | धान–II | 0.6300 | जगदीश सिंह पिता पाठक देवनारायण सिंह सा0 अम्बाजीत। | प्लॉट–517 | प्लॉट –520 | प्लॉट–515 | प्लॉट–493 |
| 285 | 30 | 518/I | नीज | धान–II | 0.3100 | मीना देवी पति गिरीश राय सा0 अम्बाजीत। | प्लॉट–517 | प्लॉट –520 | प्लॉट–515 | प्लॉट–493 |
| 286 | 29 | 520 | नीज | धान–II | 0.7300 | जगदीश सिंह पिता पाठक देवनारायण सिंह सा0 अम्बाजीत। | प्लॉट–518 | प्लॉट –565 | प्लॉट–521 | प्लॉट–490 |
| 287 | 29 | 520/I | नीज | धान–II | 0.0600 | सरिता देवी पति स्व0 सुखदेव राय सा0 अम्बाजीत। | प्लॉट–518 | प्लॉट –565 | प्लॉट–521 | प्लॉट–490 |
| 288 | 31 | 522 | नीज | धान–III | 0.2100 | जगदीश सिंह पिता पाठक देवनारायण सिंह सा0 अम्बाजीत। | प्लॉट–519 | प्लॉट –520 | प्लॉट–514 | प्लॉट–521 |
| 289 | 24 | 523 | नीज | टांड–II | 1.2675 | मनोहर महतो, सुजित महतो पिता स्व0 गिरधारी महतो वो नन्दकिशोर महतो बालेश्वर महतो पिता स्व0 बोधन महतो वो नन्द कुमार प्रेम कुमार पिता स्व0 किशुन महतो वो फुलु महतो पिता स्व0 महादेव महतो वो बुलु महतो, धनकु महतो, गलु महतो, प्रयाग महतो पिता स्व0 सरकी महतो, जग्रनाथ महतो, मोती महतो, चिन्तामन महतो पिता स्व0 टुकन महतो वो गालो महतो साहेब महतो, चन्द्रमा महतो, सुरज महतो पिता स्व0 मोहन महतो वो राधो महतो , रामदेव महतो पिता स्व0 बुटन महतो महेन्द्र महतो बाबुलाल महतो पिता स्व0 देयाल महतो बिगन महतो भीम महतो, अर्जुन महतो, नकुल महतो पिता स्व0 हेमन महतो वो दिनेश्वर महतो पिता स्व0 बालो महतो वो कार्तिक महतो, बालेश्वर महतो पिता बिरसहाय महतो वो जोधी महतो, मनीलाल महतो, रामदशी महतो, जैयनाथ महतो पिता स्व0 सम्पत महतो वो कोमल महतो, दयाल महतो , अशोक महतो , ईश्वर महतो जुगेश्वर महतो पिता स्व0 लखपत महतो वो भुनु महतो पिता स्व0 लुरक महतो वो मनोज बिहारी पिता स्व0 नागेश्वर महतो वो ज्योती जलधर महतो पिता स्व0 गोर्वधन महतो, घुजा महतो, प्रमेश्वर महतो, बंसत महतो पिता स्व0 जानकी महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–526 | प्लॉट –559 | प्लॉट–550 | प्लॉट–524 |
| 290 | 24 | 523/1 | नीज | टांड–II | 0.1325 | लिखिया देवी पति विरसहाय महतो जाति कोयरी | प्लॉट–526 | प्लॉट –559 | प्लॉट–550 | प्लॉट–524 |
| 291 | 24 | 523/2 | नीज | टांड–II | 0.2000 | किशुन महतो पेशरान महादेव महतो | प्लॉट–526 | प्लॉट –559 | प्लॉट–550 | प्लॉट–524 |
| 292 | 24 | 524 | नीज | टांड–II | 0.0800 | मनोहर महतो, सुजित महतो पिता स्व0 गिरधारी महतो वो नन्दकिशोर महतो बालेश्वर महतो पिता स्व0 बोधन महतो वो नन्द कुमार प्रेम कुमार पिता स्व0 किशुन महतो वो फुलु महतो पिता स्व0 महादेव महतो वो बुलु महतो, धनकु महतो, गलु महतो, प्रयाग महतो पिता स्व0 सरकी महतो, जग्रनाथ महतो, मोती महतो, चिन्तामन महतो पिता स्व0 टुकन महतो वो गालो महतो साहेब महतो, चन्द्रमा महतो, सुरज महतो पिता स्व0 मोहन महतो वो राधो महतो , रामदेव महतो पिता स्व0 बुटन महतो महेन्द्र महतो बाबुलाल महतो पिता स्व0 देयाल महतो बिगन महतो भीम महतो, अर्जुन महतो, नकुल महतो पिता स्व0 हेमन महतो वो दिनेश्वर महतो पिता स्व0 बालो महतो वो कार्तिक महतो, बालेश्वर महतो पिता बिरसहाय महतो वो जोधी महतो, मनीलाल महतो, रामदशी महतो, जैयनाथ महतो पिता स्व0 सम्पत महतो वो कोमल महतो, दयाल महतो , अशोक महतो , ईश्वर महतो जुगेश्वर महतो पिता स्व0 लखपत महतो वो भुनु महतो पिता स्व0 लुरक महतो वो मनोज बिहारी पिता स्व0 नागेश्वर महतो वो ज्योती जलधर महतो पिता स्व0 गोर्वधन महतो, घुजा महतो, प्रमेश्वर महतो, बंसत महतो पिता स्व0 जानकी महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–525 | प्लॉट –523 | प्लॉट–523 | प्लॉट–514 |
| 293 | 24 | 524/1 | नीज | टांड–II | 0.0075 | लिखिया देवी पति विरसहाय महतो जाति कोयरी | प्लॉट–525 | प्लॉट –523 | प्लॉट–523 | प्लॉट–514 |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय/विकय नहीं करेंगे या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–

उपायुक्त सह समुचित सरकार,
हजारीबाग।

PR 305396 (Land Reforms) 23-24 (D)

## टाटा एआईए ने पेश किया प्रो-फिट स्वास्थ्य योजना

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए लाइफ) ने टाटा एआईए प्रो-फिट लॉन्च किया है, जो नवोन्मेषी और व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप ढाला जा सकने वाला स्वास्थ्य समाधान है और यह हर किसी की विशिष्ट ज़रूरतों को पूरा करता है। यह असाधारण योजना, पॉलिसी धारक के मेडिकल खर्चों और स्वास्थ्य एवं तंदुरुस्ती (वेलनेस) लाभों के लिए व्यापक कवरेज प्रदान करती है और धन सृजन का अवसर देती है, जो स्वास्थ्य आपातकालीन निधि के रूप में दोगुनी हो जाती है। नए समाधान के लॉन्च की घोषणा करते हुए टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के अध्यक्ष और मुख्य वित्तीय अधिकारी समित उपाध्याय ने कहा कि गंभीर बीमारी किसी भी उम्र में हो सकती है और अक्सर चिकित्सा लागत बहुत अधिक हो सकती और जीवन पर असर बहुत होता है।

## भोजपुरी फ़िल्म दुल्हनिया दौलत वाली का मुहूर्त संपन्न, जमशेदपुर में होगी फ़िल्म की शूटिंग

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** माँ दुर्गा फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही भोजपुरी फ़िल्म दुल्हनिया दौलत वाली का मुहूर्त बुधवार को जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित सूर्यधाम में हुआ। अगले कुछ सप्ताह तक इस फ़िल्म की शूटिंग जमशेदपुर में होने वाली है और शहर के ही लगभग 80 फीसदी कलाकार इस फ़िल्म में विभिन्न किरदार में दिखेंगे। दर्जनों भोजपुरी हिट फिल्में दे चुके निर्देशक रवि सिन्हा के निर्देशन में फ़िल्म बन रही है।



## 75 साल का जश्न मनाते हुए अशोक लेलैंड की ड्रीम ड्राइव पहुंची जमशेदपुर

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अशोक लेलैंड के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए ड्रीम ड्राइव के हिस्से के रूप में अशोक लेलैंड का बॉस 1415 और बड़ा दोस्त वाहन जमशेदपुर पहुंचे। गुवाहाटी से यात्रा करते हुए वाहन राउरकेला की ओर जा रहा है। यह अभियान भंडारा के मैन्यूफेक्चरिंग प्लांट में समाप्त होगा। यह ड्राइव संबलपुर और रायपुर को भी कवर करेगी। कुल 10 वाहनों के साथ ड्रीम ड्राइव देशभर में पांच अलग-अलग मार्गों पर भ्रमण कर रही है। बेंगलुरु, मुंबई, जम्मू, कोलकाता और डिब्रूगढ़ से शुरू होकर, यह अभियान देश भर के प्रमुख स्थानों से होकर गुजर रहा है और अशोक लेलैंड के मैन्यूफेक्चरिंग प्लांट्स में समाप्त होगा। इस अभियान का उद्देश्य कई आयामों में राष्ट्र के साथ कंपनी के स्थायी संबंधों का जश्न मनाना है। ड्रीम ड्राइव पर अपडेट रहने और बातचीत में शामिल होने के लिए, अशोक लेलैंड के सोशल मीडिया हैंडल को फॉलो करें या कंपनी की वेबसाइट पर जाएं।




## बीडीओ की स्वीकृति के बाद भी नहीं बनी शिवनगर की सड़क

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत छोटा गम्हरिया पंचायत के शिवनगर के लोग वर्षो से एक पक्की सड़क को तरस रहे हैं। उक्त बस्ती में जाने के लिए एकमात्र कच्ची सड़क है जिसमे कई जगह छोटे-बड़े गड्ढे हैं। करीब तीन वर्ष पूर्व स्थानीय लोगों द्वारा पंचायत प्रतिनिधि समेत गम्हरिया के बीडीओ को भी ज्ञापन सौंपकर उक्त सड़क के निर्माण की मांग की गई थी। उसके बाद तत्कालीन बीडीओ ठाकुर गौरी शंकर शर्मा द्वारा सड़क निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई थी। किन्तु, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण आजतक उक्त सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। राजद जिला प्रवक्ता मुकेश झा ने इसमें कोताही बरतने वाले पदाधिकारी और जन प्रतिनिधि की संदिग्ध भूमिका की जांच कर जनहित में अविलंब उक्त सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग जिला प्रशासन से किया है।

## चन्द्रयान की सफल लैंडिंग पर देश भर में व्यापारियों ने मनाया जश्न

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश भर के व्यापारियों ने इसरो द्वारा भेजे गये चन्द्रयान के आज चंद्रमा पर सफलता से उतरने पर दिल्ली सहित देश के हर राज्य में खूब जश्न मनाया और इसरो के कुशल वैज्ञानिकों को देश का गौरव बताते हुए उन्हें बधाई दी। कैट के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोन्थालिया और किशोर गोलेच्छा के साथ के रायपुर रवाना होने के क्रम में गीतांजलि एक्सप्रेस में सह यात्री के साथ ट्रेन पर खूब जश्न मनाते हुए भारत माता की जय, देश के वैज्ञानिक ज़िंदाबाद जैसे नारे लगाकर अपनी ख़ुशी व्यक्ति की। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोन्थालिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बेहद महत्वपूर्ण उपलब्धि को बधाई देते हुए कहा की उनके नेतृत्व एवं दूरदृष्टि से आज भारत ने सौर मंडल में एक नया इतिहास रच दिया। सोन्थालिया ने कहा की सही अर्थों में आज भारत पूरे विश्व में एक महाशक्ति के रूप में उभरा है।

## सांसद हुए बोड़ाम प्रखंड क्षेत्र के समस्याओं से अवगत, जल्द समाधान का दिया आश्वासन

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने बुधवार को बोड़ाम प्रखंड के कई गांवों में दौरा करते हुए ग्रामीणों से मिले और विभिन्न प्रकार समस्याओं से अवगत होकर जल्द ही समाधान करने का आश्वासन दिया है। जानकारी देते भाजपा नेता मुचीराम बाउरी ने बताया कि सांसद ने बोड़ाम बाजार में जनता की मांग पर सार्वजनिक शौचालय निर्माण के लिए टाटा स्टील प्रबंधन के साथ दूरभाष पर बात किये। टाटा स्टील प्रबंधन ने बोड़ाम बाजार में जल्द ही सार्वजनिक शौचालय निमार्ण का आश्वासन ग्रामीणों को दिए है। इसके बाद सांसद ने बनडीह - दुबाराजपुर गांव पहुंचे और ग्रामीणों से मिले। जंहा ग्रामीणों ने 230 परिवारों के लिए सिंचाई एवं बेहतर पेयजल की मांग की। जिसमें सांसद ने विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर बात करते हुए जल्द ही समाधान करने का आश्वासन दिया है। माधवपुर गांव में ग्रामीणों की मांग पर जल्द ही सांसद निधि से हाईमास्ट लाइट एवं ग्राम चौपाल का निर्माण का आश्वासन भी सांसद ने ग्रामीणों को दी है। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा नेता मुचिराम बाउरी, बोड़ाम मंडल अध्यक्ष शांतनु मुखर्जी, बनमाली बनर्जी, हेबेन चन्द्र महतो, सुकदेव सिंह, आदि थे।

# सरायकेला शहरी क्षेत्र के विकास व सौंदर्यीकरण के लिए मंत्री चंपई सोरेन ने डीपीआर तैयार करने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** मंत्री चम्पई सोरेन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम एक विशेष बैठक कर सरायकेला नगर पंचायत सरायकेला क्षेत्र में विकास एवं नागरिक सुविधा हेतु पूर्व घोषित 15 योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत सरायकेला को जुडको लिमिटेड रांची के साथ आपसी तालमेल स्थापित करते हुए यथाशीघ्र डीपीआर बनाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि जुड़को लिमिटेड रांची, अंचल अधिकारी सरायकेला एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत अन्य सम्बन्धित पदाधिकारी 25 एवं 26 अगस्त 2023 को संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण कर डीपीआर निर्माण हेतु परामर्शी का चयन कर कार्य प्रारंभ करें। जिसके तहत मुख्य योजनाएं हैं खरकई नदी के किनारे मरीन ड्राइव निर्माण, डेली मार्केट में बहुमंजिली मंडी हाउस का निर्माण, बाजार में मल्टी परिसर का निर्माण, माजना घाट में पार्क निर्माण, कुदरसाई शिव मंदिर परिसर पर पार्क का पुनर्निर्माण, पब्लिक दुर्गा पूजा मंदिर का सौंदर्यकरण, दीवानसाइ में मैरेज हॉल का निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्य हैं। बैठक में जुडको के परियोजना निदेशक, कार्यपालक अभियंता स्वर्णरेखा परियोजना/खरकई नहर प्रमंडल, आदित्यपुर, अंचल अधिकारी सरायकेला, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत एवं जुडको के डीपीएम उपस्थित रहे।

## चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग पर रघुवर दास ने जताया हर्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने चंद्रयान 3 मिशन की अभूतपूर्व सफलता और सफल लैंडिंग पर झारखंड समेत देशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने मिशन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि 21वीं सदी के आधुनिक भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शिता और मजबूत इक्षाशक्ति के कारण आज भारत ने पूरी दुनिया में इतिहास रचा है। यह क्षण गौरवान्वित करने वाला है।

## चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग पर झामूमों कार्यालय में जश्न का माहौल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बुधवार को जमशेदपुर झारखंड मुक्ति मोर्चा संपर्क कार्यालय में चंद्रयान 3 का सफलता पूर्वक चांद के साउथ पॉल में सतह पर सफल लैंडिंग किया। इसके लिए इसरो के सभी वैज्ञानिक एवं इसरो टीम के सभी सदस्यों को झारखंड मुक्ति मोर्चा के ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। आज सुबह से ही झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय में चंद्रयान-3 के लैंडिंग को लेकर उत्सुकता का माहौल था जैसा ही सफल लैंडिंग हुआ। नेता और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया एवं एक दूसरे को बधाई दिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से झामुमो नेता महाबीर मुर्मू, प्रमोद लाल, शैलेंद्र मैती, अरुण प्रसाद, गुरमीत सिंह, मोंटू गोप, सूरज गौर, अशोक सिंह, प्रतिक दिनकर, राजा सिंह, मनोज तांती, करन कालिंदी, पप्पू उपाध्याय, राजन कैबरता, रानू मंडल, रॉकी सिंह, बाली मार्डी, मोनिका हेंब्रम आदि उपस्थित थे।

## रांची-चाईबासा मार्ग में टाटा मैजिक अनियंत्रित होकर पलटी, सात घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग स्थित एस मोड़ के पास बुधवार को एक टाटा मैजिक सवारी गाड़ी (छोटा हाथी वाहन) पलटने से सात यात्री घायल हो गए। बताया जाता है कि यह टाटा मैजिक चक्रधरपुर से चाईबासा की ओर जा रही थी, उसमें लगभग एक दर्जन लोग सवार थे। चाईबासा जाने के क्रम में एस मोड़ के पास वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के बाद स्थानीय लोग मौक पर पहुंचे और वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सभी घायलों को दूसरे वाहन से चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घायलों में से तीन की स्थिति गंभीर रहने पर बेहतर ईलाज के लिए चाईबासा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

**उपायुक्त का पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार खरसावां कुचाई के दौरे पर पहुंचे डीसी**

# सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ आम लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें : डीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** सरायकेला खरसावां जिला के उपायुक्त का पदभार संभालने के बाद बुधवार को उपयुक्त रवि शंकर शुक्ला खरसावां व कुचाई पहुंचे.उपायुक्त रविशंकर शुक्ल के द्वारा शाहिद पार्क खरसावां का निरीक्षण किया.निरीक्षण क्रम में उपायुक्त ने शहीद पार्क स्थित वीर शहीदों को माल्यार्पण अर्पित कर नमन किया. इस दौरान उपायुक्त ने पार्क में उपस्थित माली एवं अन्य समिति सदस्यों तथा सम्बन्धित पदाधिकारियों से वार्ता कर पार्क के साफ-सफाई तथा रख-रखाव को लेकर आवश्यक दिशा निदेश दिए. इसके बाद कुचाई प्रखंड का अचौक निरीक्षण किया. डीसी रवि शंकर शुक्ला ने कुचाई प्रखंड



सभागार में बैठक कर योजनाओं का जानकारी लिया. सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं को भी लोगों तक पहुंचाने की अपील की. डीसी रवि शंकर शुक्ला ने उपस्थिति पंजी की जांच की. सभी फील्ड स्टाफ 10:00 बजे आकर प्रखंड मुख्यालय में अपना हाजरी के उपरांत 11 बजे से 3 बजे तक फील्ड पर ही कार्य करेंगे साथ ही मंगलवार व शुक्रवार को पंचायत सचिवालय में उपस्थित रहेंगे. इस दौरान उपायुक्त ने ब्लॉक ऑफिस पहुंचे लोगों से संवाद कर योजनाओं का लाभ मिलने के संबंध में भी जानकारी ली. बैठक के पश्चात डीसी ने कुचाई के दलभंगा स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र,मध्य विद्यालय बारूहातु आदि का निरीक्षण किया. इस दौरान खरसावां बीडीओ गौतम कुमार, कुचाई बीडीओ सुजाता कुजूर,डा सुशील महतो सुबोध टुडू भीम प्रसाद उपाध्याय कुंदन बाजपेई सुमित कवि आदि उपस्थित थे.

# आदिवासी, दलित, पिछड़े व अल्पसंख्यक की आवाज़ बनेगा आजाद समाज पार्टी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मदीना गार्डन मैरेज हॉल में मंगलवार को आजाद समाज पार्टी का प्रथम राज्य स्तरीय प्रदेश कार्यकारिणी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रजा ने कहा की अब हम बहुजन समाज के लोगों को दूसरे पार्टियों में गुलामी करने की जरूरत नहीं है अब हम आजाद समाज पार्टी को मजबूत करके बिरसा मुंडा के धरती झारखंड में अगले लोकसभा और विधानसभा का चुनाव लड़कर सत्ता स्थापित कर अपने समाज की सुरक्षा और रक्षा का सुनिश्चित करेंगे। वहीं



भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष संजय रविराज ने कहा की आजाद समाज पार्टी को मजबूत करने के लिए भीम आर्मी भारत एकता मिशन पूरी लगन के साथ बहुजन समाज के लोगों को उनकी वोट की महत्व समझाकर समाज को एकजुट करके सत्ता पर काबिज होंगे। प्रदेश संगठन सचिव नागमणि रजक ने कहा की झारखंड प्रदेश में दलित समाज पर बार-बार हमला किया जाता है और जब पुलिस प्रशासन के पास एफ. आई. आर. दर्ज कराने पीड़ित परिवार पहुंचते हैं तो पुलिस प्रशासन भी इस मामले को गंभीर नहीं लेते है। मौके पर आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रजा सिदिकी,भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष संजय रविराज,जमशेदपुर के तरनीसें मांझी, उत्पल विश्वास, आकाश मुखी, जिला अध्यक्ष मेघरय वास्के,आजाद समाज पार्टी के नेता रांची से मधुसूदन कुमार,नशीम साज,पलामू से मुमताज़ अहमद खान,नागमणि रजक, साकेत पसवान, सुहैल अंसारी, गुमला से यदुनंदन नायक, गढ़वा से सेराजुदीन खान,दीपक अंबेडकर, प्रवीण कुमार, ललित राम, धनबाद से खिरोधर दास, लोकेश रवी, संजय कुमार, नईम खान सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा चन्द्रयान की सफलता पर भूरी भूरी प्रसंसा करता हूं : आनन्द बिहारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने चन्द्रयान की सफलतापूर्वक लैंडिंग के लिए सभी वैज्ञानिकों सहित दिन रात कार्य योजना में साथ देने वाले पुरी टीम को साधुवाद दिया है। इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा चन्द्रयान की सफलता पर भूरी भूरी प्रसंसा करता हूँ। दुनिया में भारत को स्थापित करने वाले कठिनतम कार्यो को भी हमारे वैज्ञानिकों नें मेहनत के दम पर बुद्धि कौशल का परचम लहराया है। आज हम अपने महान नेता आधुनिक भारत के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू जी के दूरदर्शिता को सलाम करता हैं कि उन्होंने सन 1962 ई में स्पेस रिसर्च सेंटर का स्थापना किया, तथा रिसर्च



सेंटर का प्रथम अध्यक्ष डॉ साराभाई को नियुक्त किया। जिसे आगे चलकर 15 अगस्त 1969 ई में भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गाँधी ने किया, इसके जनक के रूप में डॉ बिक्रम अंबालाल साराभाई जाने जाते है। आज इसरो में 17000 लोग नौकरी से जुड़े है।

# राष्ट्रीय लघु फिल्म प्रतियोगिता समुदाय के साथ की हुई शुरुआत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील फाउंडेशन के वार्षिक जनजातीय सम्मेलन संवाद के तहत होने वाली राष्ट्रीय लघु फिल्म प्रतियोगिता समुदाय के साथ की शुरुआत डिपार्टमेंट ऑफ मास कम्युनिकेशन करीम सिटी कॉलेज के समन्वय से कॉलेज के ऑडिटोरियम में हुई। यह प्रतियोगिता टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा नवंबर में आयोजित किए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय जनजातीय सम्मेलन संवाद का हिस्सा है जिसमें देशभर से जनजाति विषयों से जुड़ी हुई फिल्में शामिल होती हैं। टीएसएफ के नीतीश ने डॉ रामदयाल मुंडा का जीवन परिचय और जनजातीय समुदाय के प्रति उनके योगदान पर विस्तृत चर्चा की। करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रियाज ने अतिथियों का स्वागत किया। सत्र का आरंभ



टीएसएफ के मुख्य जिरेन टोपनो डॉ मोहम्मद रियाज वी मास कम्युनिकेशन विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ नेहा तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद टीएसएफ अंकित और सूरज ने संवाद और समुदाय के साथ की यात्रा बताई। कार्यक्रम में एक परिचर्चा का आयोजन भी किया गया जिसमें बारीपदा से दीपक बुरुवा, आशीष माडीं, जमशेदपुर से प्रकाश, प्रज्ञा और बापी मुर्मू शामिल हुए। इस दौरान पोस्टर का लोकार्पण किया गया।

# गोलमुरी सर्कस मैदान आज से डायमंड सर्कस का शुभारंभ, अफ्रीकन खेलों का होगा प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गोलमुरी सर्कस मैदान में कल से कोलकाता के मशहूर कंपनी डायमंड सर्कस का शुभारम्भ हो रहा है। उक्त जानकारी संवाददाता सम्मेलन मे सर्कस के प्रबंध निदेशक शमशाद हुसैन एवं प्रबंधक के डी रॉय ने संयुक्त रूप से दी। कहा रोजाना तीन शो - 01:00 से 04:00 बजे तक, शाम 04:00 से 07:00 और 07:00 से 10:00 बजे (रात) तक दिखाया जायेगा। डायमंड सर्कस मे देश के विभिन्न राज्यों से आये हुए कलाकारों से भारतीय खेलों का प्रदर्शन सहित




अफ्रीका से आये हुए कलाकारों के द्वारा अफ्रीकन खेल जैसे अफ्रीकन एकरोबैट, अफ्रीकन बम्बू, अफ्रीकन बार, अफ्रीकन डांस इत्यादि तरह तरह के रंग- बिरंगे खेल दिखाया जायेगा। उन्होंने कहा की जमशेदपुर मे लोगों का स्नेह एवं प्यार का जो मोह मिलता है उससे प्रेरित होकर हमेशा आता हूं। इस दौरान अफ्रीका से आये कलाकार भी उपस्थित थे। बता दे कि सर्कस के माध्यम से न केवल सर्कस के मालिकों का बल्कि 100 से अधिक परिवारों को रोजगार का भी अवसर मिलता है।

# जिले में मौजूद बिजली समस्याओं को लेकर विद्युत महाप्रबंधक से मिले कुणाल षाडंगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड प्रदेश भाजपा के सह पूर्व विधायक प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने बुधवार को जमशेदपुर सर्कल के विद्युत महाप्रबंधक श्रवण कुमार से मुलाकात किया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त विद्युत समस्याओं के आशय में ध्यानाकर्षित कराया एवं उचित समाधान का आग्रह किया। उनके साथ मुसाबनी भाजपा के मंडल अध्यक्ष तुषार पातर भी मौजूद रहें। कुणाल ने बताया की मुसाबनी नं 3 एटीएफ गायत्री मंदिर के निकट बिजली सब स्टेशन में 11 केवी सप्लाई होती है तथा अन्य उपकरण पुराने और खराब हो गए हैं। मुसाबनी टाउन की एक बड़ी आबादी इस ट्रांसफार्मर पर आश्रित है। इसके खराब होने से करीब 1500 की आबादी प्रभावित होती है। कुणाल षाडंगी ने कहा की लोधाशोली से कटाशमारा तक 11000 वोल्ट वाले जर्जर तार को



बदल कर केबुल तार लगाई जानी चाहिये, क्योंकि 11 हजार वोल्ट वाले विद्युत तार खेतों के ऊपर से गुजरते हैं। परसुडीह विद्यासागर पल्ली महतो बागान के सामने 100 केवी ट्रांसफार्मर तथा हरहरघुटू बाजार में 100 केवी नए ट्रांसफॉर्मर की आवश्यकता है।बिजली विभाग के महाप्रबंधक ने कहा कि जल्द से जल्द इस समस्याओं के समाधान हेतु विभागीय पहल सुनिश्चित की जायेगी।

# मनोबल बढ़ाने के उपाय: समाज के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाज में हो रही बढ़ती आत्महत्याएँ एक गंभीर समस्या का संकेत हो सकती है, जिसका समाधान केवल सरकार और संघर्षन से ही नहीं हो सकता। नवाचार की आवश्यकता है जो हमें आत्महत्याओं को रोकने और उन्हें अवरोधित करने की दिशा में आगे बढ़ने के तरीकों को सोचने की सुविधा देते हैं। यह चिंता का विषय है कि हमारे शहर में पिछले दो महीनों में बहुत ज्यादा आत्महत्याएँ घट रही हैं, जबकि जीवन-संस्था से संपर्क करने वालों की संख्या में कोई वृद्धि नहीं हुई है। यह इस बात का प्रमाण है कि समाज में आत्महत्याओं के प्रति जागरूकता में कमी आ गई



**डॉ जीवराज जैन**
**अध्यक्ष, जीवन, आत्महत्या निवारण केंद्र**

है। इस समस्या को हल करने के लिए जागरूकता की रेलियें, कार्यशालाएं और समाज में संवेदनशीलता बढ़ाने की जरुरत है। साथ ही, जीवन संस्था के संपर्क नंबरों का व्यापक प्रसार करने की भी जरुरत है। शोध से पता चलता है कि अधिकांश आत्महत्याएं रोकी जा सकती हैं। यह समस्या सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि समाज की समस्या है। इसे हल करने के लिए हमें एक साथ मिलकर सही दिशा में कदम उठाने की आवश्यकता है। हम सभी को यह ध्यान में रखना चाहिए कि आत्महत्या को किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं ठहराया जा सकता है। जीवन संस्था का संपर्क नंबर 9297777500 और 9297777499 है।

*आत्महत्या से बचाने के उपायों में विशेषज्ञों द्वारा दिए गए कुछ सुझाव शामिल हैं*

**परिवार क्या करे?**

परिवार में संवादहीनता कदापि न हो, सबसे महत्वपूर्ण है। समय समय पर भोजन और पूजा का आयोजन करने से परिवार के सदस्यों का मिलन-जुलन बढ़ता है। खतरनाक सामग्री जैसे कि जहर, औजार, रस्सी आदि को सुरक्षित जगह पर रखें।

**मनोरोगी क्या करे?**

क्रोध और परेशानी के समय शांत रहने का प्रयास करें। अपने मन की बातें किसी विश्वासपात्र दोस्त या परिवार के सदस्य से साझा करें। जीवन संस्था से संपर्क करें या मनोचिकित्सक से परामर्श प्राप्त करें। योग और ध्यान का अभ्यास करें, जिससे मानसिक शांति मिल सके। सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने के लिए प्रतिज्ञा करें। अकेले नहीं रहने का प्रयास करें, और योग निद्रा की प्रवृत्ति बनाए रखें। उपरोक्त सूचना अत्यंत महत्वपूर्ण है, और जीवन संस्था के संपर्क नंबरों की सुविधा से आप लाभान्वित हो सकते है। आत्महत्याओं को रोकने में हम सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है, और आपके सहयोग से हम समाज के इस कलंक को मिटाने में सफल हो सकते हैं।

## संपादकीय

# अदालत की नई शब्दावली

सर्वोच्च अदालत ने नई शब्दावली जारी की है। यह प्रयास खासकर महिलाओं के सम्मान, उनकी गरिमा और समता के मद्देनजर किया गया है। इस लैंगिक और बेहतर पहल के लिए प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ बधाई और साधुवाद के पात्र हैं। हमारी अदालतों की भाषा वाकई कबीलाई और मध्यकालीन संस्कारों और सोच से प्रभावित है। अदालतों में भी पितृसत्तात्मक व्यवस्था है, क्योंकि अधिकांश न्यायाधीश, वकील और कर्मचारी पुरुष हैं। महिलाओं की उपस्थिति न्यूनतम है, लेकिन भाषा के स्तर पर वही पुराना लैंगिक वर्चस्व का भाव है। बेशक याचिका हो या पुलिस, जांच एजेंसी का आरोप-पत्र अथवा वकीलों की बहस और न्यायाधीशों के फैसले हों, भाषाई स्तर बेहद आपत्तिजनक और तिरस्कारवादी रहा है। मसलन-वेश्या, बिन ब्याही मां, बदचलन, छोड़ी हुई औरत, रखैल आदि शब्द कमोबेश 21वीं सदी की भाषा के नहीं हो सकते। दरअसल भाषा हमारी चेतना को अभिव्यक्त करती है, लिहाजा मानसिक सोच को भी स्पष्ट करती है। कानून भाषा के जरिए ही जिंदा है। अदालतों में जो शब्द इस्तेमाल किए जाते रहे हैं, उनका हमारी जिंदगी पर बहुत प्रभाव होता है। कटघरे और अदालत में मौजूद महिला किसी की बेटी, बहन, बहू और पत्नी ही है, लिहाजा अपराध के बिना उसे लांछित क्यों किया जाए? प्रधान न्यायाधीश ने यह सामाजिक, भाषायी बीड़ा उठाया है, यकीनन इसकी प्रशंसा की जानी चाहिए। जस्टिस चंद्रचूड़ ने 43 शब्दों को फिलहाल रेखांकित करते हुए एक पुस्तिका जारी कराई है। उसकी शब्दावली में मां, यौनकर्मी, गृहिणी, अविवाहित महिला, होममेकर, फूहड़ या पवित्र महिला के स्थान पर सिर्फ 'महिला', कीप-रखैल-मिस्ट्रेस के लिए 'गैर मर्द से संबंध' आदि शब्दों के प्रयोग के संशोधन किए गए हैं। फिलहाल यह बेहद सीमित पहल है। महिलाओं के अलावा भी कुछ और शब्द जोड़े गए हैं, लेकिन अभी यह अनुसंधान जारी रखना चाहिए कि किन और शब्दों को बेहतर और सभ्य बनाया जा सकता है। पहली चुनौती यह है कि क्या अदालतों में इन बेहतर शब्दों का चलन तुरंत प्रभावी हो जाएगा? जो नए शब्दों के स्थान पर पुराने शब्दों को ही दोहराते रहेंगे, उनके लिए अदालत के निर्देश क्या होंगे? अथवा उन्हें दंडित भी किया जा सकेगा? न्यायपालिका में करोड़ों मामले लंबित या विचाराधीन हैं। उनकी भाषा बदलने के आधार और नियम क्या होंगे? अब नई विश्व-व्यवस्था और नए भारत में परिवार का 'कमाऊ' और 'रोटी-प्रदाता' सदस्य पुरुष ही नहीं, बल्कि महिलाएं भी हैं। अलबत्ता वे यौन और घरेलू सेवाएं भी प्रदान करती हैं। प्रकृति ने उन्हें ही 'मातृत्व' का वरदान दिया है, लिहाजा शब्दों और सोच का इस्तेमाल भी सभ्य और समता के स्तर पर किया जाना चाहिए। चूंकि अदालत से सीधा संबंध पुलिस, जांच एजेंसियों का है, लिहाजा प्रधान न्यायाधीश नई शब्दावली के लिए पुलिस विभाग, गृह मंत्रालय और अन्य संबद्ध विभाग से भी आग्रह कर सकते हैं। हमारा मानना है कि देश की समूची व्यवस्था में कमोबेश 'भाषायी परिवर्तन' को जरूर लागू किया जाना चाहिए। तभी हम व्यावहारिक और आदर्श, सामाजिक तौर पर 'लैंगिक समानता' और 'लैंगिक गरिमा' की बात कर सकते हैं। बहरहाल नई शब्दावली का प्रयोग भी इसी संदर्भ में किया गया है कि भरी अदालत में औरत को कलंकित या लांछित न किया जाए। जो पुस्तिका जारी की गई है, उसे प्रवचन के बजाय व्यवहार में लिया जाना चाहिए।

अदालतों में भी पतिृसत्तात्मक व्यवस्था है, क्योंकि अधिकांश न्यायाधीश, वकील और कर्मचारी प ुरुष हैं। महिलाओं की उपस्थिति न्यूनतम है, लेकिन भाषा के स्तर प र वही पुराना लैंगिक वर्चस्व का भाव है। बेशक याचिका हो या प ुलिस, जांच एजेंसी का आरोप-पत्र अथवा वकीलों की बहस और न्यायाधीशों के फैसले हों, भाषाई स्तर बेहद आपत्तिजनक और तिरस्कारवादी रहा है। मसलन-वेश्या, बिन ब्याही मां, बदचलन, छोड़ी हुई औरत, रखैल आदि शब्द कमोबेश 21वीं सदी की भाषा के नहीं हो सकते।दरअसल भाषा हमारी चेतना को अभिव्यक्त करती है, लिहाजा मानसिक सोच को भी स्पष्ट करती है। कानून भाषा के जरिए ही जिंदा है। अदालतों में जो शब्द इस्तेमाल किए जाते रहे हैं, उनका हमारी जिंदगी पर बहुत प्रभाव होता है। कटघरे और अदालत में मौजूद महिला किसी की बेटी, बहन, बहू और पत्नी ही है, लिहाजा अपराध के बिना उसे लांछित क्यों किया जाए? प्रधान न्यायाधीश ने यह सामाजिक, भाषायी बीड़ा उठाया है, यकीनन इसकी प्रशंसा की जानी चाहिए।जस्टिस चंद्रचूड़ ने 43 शब्दों को फिलहाल रेखांकित करते हुए एक पुस्तिका जारी कराई है। उसकी शब्दावली में मां, यौनकर्मी, गृहिणी, अविवाहित महिला, होममेकर, फूहड़ या पवित्र महिला के स्थान पर सिर्फ 'महिला', कीप-रखैल-मिस्ट्रेस के लिए 'गैर मर्द से संबंध' आदि शब्दों के प्रयोग के संशोधन किए गए हैं। फिलहाल यह बेहद सीमित पहल है।

## कुछ अलग

# बेघर शहरी विकास

प्राकृतिक आपदा में लावारिस हुआ अपना घर भी, पूरे मोहल्ले ने रेंगना शुरू कर दिया था। हिमाचल में प्रकृति के सबसे बड़े प्रकोप ने हमारी करतूतों को कोसा है, अतीत के विश्राम को रोका है। सरपट दौड़ती-भागती जिंदगी को विराम की सरहद बताई है, तो कई सवाल सरकारी कामकाज के ढर्रे, सिफारिशों-फरमाइशों और सियासी फेहरिस्त की आजमाइशों से भी हैं। आश्चर्य होता है कि जिस शहरी विकास विभाग के दायित्व, प्राथमिकता और जवाबदेही से हम हिमाचली शहरों में सुकून से भविष्य देखना चाहते हैं, वही बेघर हो गया। शहरी विकास के मुख्यालय का भवन खाली करवाना पड़ गया। जाहिर है यह इमारत वहीं थी, बल्कि इसके भीतर प्रदेश की बुलंदी, शहरीकरण के आश्वासन और भविष्य को रेखांकित करती परिकल्पना भी थी, जो अपने ही कारणों से विस्थापित हो गया। इतना ही नहीं हाउसिंग बोर्ड की जाखू स्थित कालोनी को बचने के लिए शरण की जरूरत आ पड़ी है, तो कांगड़ा में भी कालोनी के छह घर टूट फूट की जद में आ गए हैं। यानी हम ऐसा भविष्य दिखा या खोज रहे हैं, जिसका कोई वारिस नहीं। यह इसलिए कि कमोबेश हर सरकार ने तमगे ढूंढे और इन्हीं बुर्जियों पर विकास अंधा हो गया। हम शाम होने पर चौंकते हैं कि अंधेरे मिटाने के लिए अब कोई दीपक चाहिए, वरना सो जाने के लिए तो यही पहर काफी है। हम तहें जमा कर केवल सत्ता के लाभ देख रहे हैं। न कोई अनुसंधान, न कोई संकल्प और न ही कोई आर एंड डी। हमारे माथे पे घास उगी है, इस कद्र कि दिमाग तक रेंग कर भी नहीं जा सकते। हमने राजनीतिक घासतंत्र विकसित कर लिया है। आप विधानसभा की बहस देख लीजिए और पूछ लीजिए कि हर पक्ष ने किस खुराफात के लिए सदन से बहिरर्गमन किए। क्या आज तक के हिमाचली इतिहास में विधानसभा की बहस ने आम आदमी और प्रदेश के अस्तित्व के प्रश्नों का सही सही हल ढूंढा। बताइए नदियों, नालों, खड्डों, कूहलों का बावडियों के अस्तित्व पर कितनी चिंता हुई। हमने एचआरटीसी पर चर्चा यह की कि नए रूट बढ़ा दिए जाएं या बस डिपो की संख्या में इजाफा कर दिया जाए। क्या हमने ऐसे रास्ते या रूट खोजे जहां मौसम की बेरुखी पर भी परिवहन चलता। परिवहन के विकल्प होते, तो सेब इस वक्त पेटियों में नहीं सड़ता। कोई एक रज्जु मार्ग बता दें, जो इस समय शिमला व कुल्लू के सेब को मंडी तक ले आता। हमने देखे कई नेता हरी झंडियों की पोशाक में, लेकिन ये उद्घाटन लतीफा बन गए। शिमला में जमींदोज भवन, गिरते पेड़ और चकमा देते पहाड़ों की फितरत में समाया रोष आखिर किसके वर्चस्व की निशानी है। अगर शहरी विकास की वकअत होती, तो अपनी इमारत को ही थाम लेता, लेकिन राजधानी मर रही है और इसकी इत्तिला तक यह विभाग नहीं दे पाया। आखिर प्रदेश की राजधानी की परिकल्पना में हमने किया ही क्या। कभी पेयजल के नाम पर पीलिया और कभी परिवहन के नाम पर ट्रैफिक जाम में फंसे शहर की आबरू इतनी कमजोर क्यों हो गई। जरा पूछें आज तक के तमाम शहरी विकास मंत्रियों से और खास तौर पर पिछली सरकार के तत्कालीन दो मंत्रियों से कि उनके लिए शिमला स्मार्ट सिटी परियोजना सिर्फ कंक्रीट की ठेकेदारी क्यों बन गई। पत्थरों के डंगों को हटाकर कंक्रीट का लेबल चढ़ा कर या सारे शहर में लोहे का परचम फैला कर उन्होंने देखा क्या। विडंबना यह भी है कि सरकारी महकमों में 'राजनीतिक औलाद' काम कर रही है और नेतृत्व के लिए ऐसे मंत्री पुरस्कृत हैं जिन्हें सिर्फ अगले चुनाव के लिए केवल अपनी विधानसभा क्षेत्र की परिक्रमा करनी है। यही परिक्रमा धर्मपुर में डूबे बस स्टैंड की तख्ती बता रही है कि इस समुद्र में किसी नेता को जहाज खड़ा करना था।

## इससे पहले अमेरिका में मार्च के महीने में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान खालिस्तान समर्थकों ने नारेबाजी की थी

# विदेश में मंदिरों पर हमले, राष्ट्रवादी चुप क्यों

योगेंद्र योगी

नूंह में धार्मिक रैली के दौरान हुई हिंसा को लेकर आक्रामक रुख अपनाने वाले संगठनों ने विदेशों में सरेआम भारत और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के अपमान पर किसी तरह का धरना-प्रदर्शन तो दूर, बल्कि सख्त प्रतिक्रिया तक देना जरूरी नहीं समझा। ऐसे मामलों में विदेशी सांसद अपनी ही सरकार के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। विदेशों में हमले की नई कड़ी में खालिस्तान समर्थकों ने कनाडा में एक बार फिर मंदिर पर हमला करके देश को चुनौती दी है। खासतौर पर कनाडा में भारत विरोधी ताकतों की हरकतें बेलगाम होती जा रही हैं। खालिस्तान समर्थकों के मंदिर पर लगातार हो रहे हमले के बजाय यही हमले यदि किसी मुस्लिम संगठन द्वारा किए गए होते तो कथित देशभक्त संगठन अब तक आसमान सिर पर उठा लेते।

देशभक्ति और हिन्दुत्व का दंभ भरने वाले संगठन कनाडा, ब्रिटेन और अमरीका में खालिस्तान समर्थकों द्वारा मंदिरों और अन्य भारतीय प्रतिष्ठानों पर हमले पर आश्चर्यजनक रूप से चुप्पी साधे हुए हैं। देश के विभाजन के विदेशी प्रयासों पर इन संगठनों की यह चुप्पी समझ से परे है। नूंह में धार्मिक रैली के दौरान हुई हिंसा को लेकर आक्रामक रुख अपनाने वाले संगठनों ने विदेशों में सरेआम भारत और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के अपमान पर किसी तरह का धरना-प्रदर्शन तो दूर, बल्कि सख्त प्रतिक्रिया तक देना जरूरी नहीं समझा। ऐसे मामलों में विदेशी सांसद अपनी ही सरकार के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। विदेशों में हमले की नई कड़ी में खालिस्तान समर्थकों ने कनाडा में एक बार फिर मंदिर पर हमला करके देश को चुनौती दी है। खासतौर पर कनाडा में भारत विरोधी ताकतों की हरकतें बेलगाम होती जा रही हैं। खालिस्तान समर्थकों के मंदिर पर लगातार हो रहे हमले के बजाय यही हमले यदि किसी मुस्लिम संगठन द्वारा किए गए होते तो कथित देशभक्त संगठन अब तक आसमान सिर पर उठा लेते। इसके विपरीत खालिस्तान समर्थकों के हमलों के लेकर मौन धारण किए हुए हैं। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में एक बार फिर से खालिस्तान समर्थकों ने हिंदू मंदिर में तोडफोड़ की। खालिस्तानियों ने मंदिर में तोडफोड़ की और इसे नुकसान पहुंचाया। इसके बाद जाते वक्त मंदिर के मुख्य दरवाजे पर खालिस्तान जनमत संग्रह के पोस्टर चिपका दिए। खालिस्तानियों की ये पूरी करतूत पास में ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वर्ष 2023 की शुरुआत से तो पूरे कनाडा में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाए जाने की श्रृंखला शुरू हो गई है जिसमें मंदिर की मूर्तियों को नुकसान पहुंचाने से लेकर आपत्तिजनक भित्तिचित्र, सेंधमारी और बर्बरता की करीब आधा दर्जन घटनाएं हुई हैं। मौजूदा घटना कनाडा में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाने की इस साल में तीसरी है। 31 जनवरी को ही कनाडा के ब्रैम्पटन में एक प्रमुख हिंदू मंदिर में तोडफ़ोड़ की गई थी। इसके ऊपर भारत विरोधी बातें भी लिखी गईं। खालिस्तानियों की इस हरकत से वहां रहने वाले भारतीय समुदाय के बीच खासा नाराजगी थी। इस साल अप्रैल में ही कनाडा के ओंटारियो में भी एक हिंदू मंदिर खालिस्तानियों के निशाने पर आया था। इस पर भी भारत विरोधी नारों को लिखा गया। कनाडा के ओंटारियो में ही एक गांधी प्रतिमा को तोड़ दिया था। मार्च के आखिरी हफ्ते में कनाडा के बर्नबाई में एक यूनिवर्सिटी के अंदर स्थित गांधीजी की प्रतिमा को भी तोड़ दिया गया, जिसके बाद भारत की ओर से सख्त एतराज जताया गया। कुछ दिनों पहले खालिस्तान समर्थकों ने भारत विरोधी नारे लगाते हुए वाणिज्य दूतावास को भी नुकसान



पहुंचाने की कोशिश की थी। पिछले साल जुलाई में, ग्रेटर टोरंटो एरिया में रिचमंड हिल में विष्णु मंदिर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा को भद्दे शब्दों से पोत दिया गया था, जिसके बाद भारतीय समुदाय ने प्रदर्शन किया था। बीते दिनों भारतीय समुदाय के लोगों ने भारतीय दूतावास के बाहर खालिस्तानी समर्थकों के उत्पात के विरोध में प्रदर्शन किया जिसके बाद कनाडा की सरकार ने कहा कि वे भारत विरोधी गतिविधियों पर लगाम लगाएंगे। कनाडा में खालिस्तानियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। ऑपरेशन ब्लू स्टार की 39वीं वर्षगांठ पर ब्रैम्पटन में एक परेड का आयोजन किया गया था जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या को दर्शाती एक झांकी निकाली गई। फिर बीते दिनों भारतीय दूतावास के बाहर कुछ पोस्टर लगे नजर आए जिन पर भारतीय राजनयिकों की फोटो थी और इसके जरिए उन्हें निशाना बनाने की बात कही गई थी। इन घटनाओं को लेकर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई थी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा की चुप्पी पर सवाल उठाए और कहा कि कोई सख्त कदम नहीं उठाए गए क्योंकि ट्रूडो सरकार वोट बैंक की राजनीति कर रही है। विदेश मंत्री ने चेतावनी दी कि अगर ऐसे तत्व देश की संप्रभुता और सुरक्षा में बाधा डालेंगे तो भारत कड़ी प्रतिक्रिया देने में संकोच नहीं करेगा। चौंकाने वाली बात यह है कि कनाडा के राजनेता आंखें मूंदकर बैठे हुए हैं। कनाडा खालिस्तान के आतंकियों का बचाव करने की कोशिश किस तरह से कर रहा है, प्रधानमंत्री के बयानों से यह साफ झलकता है कि आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने से हिचकिचा रहा है। कनाडा के भारत मूल के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तान के बढ़ते प्रभाव को पूरी तरह से नकार दिया था और उल्टा इस मामले में भारत को ही घेर लिया। पीएम ट्रूडो ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा, 'वो (भारत सरकार) गलत हैं। हमने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ गंभीर कार्रवाई की है।' खालिस्तान समर्थकों के मामले में कनाडा की तरह ब्रिटेन और अमरीका का रवैया भी लिजलिजा है। खालिस्तान समर्थक तत्वों के एक विरोध प्रदर्शन के दौरान लंदन में भारतीय उच्चायोग ने भारतीय ध्वज को नीचे खींच लिया। तिरंगे को प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने अलगाववादी खालिस्तानी झंडे लहराते हुए और खालिस्तान समर्थक नारे लगाए। इस वीडियो के सामने आने के बाद भारत ने इस मामले में पूरी तरह से सुरक्षा की अनुपस्थिति पर ब्रिटिश उप उच्चायुक्त को तलब कर स्पष्टीकरण मांगा था। उन्हें वियना कन्वेंशन के तहत यूके सरकार के बुनियादी दायित्वों के संबंध में याद दिलाया गया। भारतीय दूतावास पर किए गए हमले का मुद्दा ब्रिटेन की संसद में भी गूंजा। ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन ने हाउस ऑफ कॉमन्स में कहा कि हम अभी भी इस देश में खालिस्तानी आतंकवादियों को पनाह दे रहे हैं, हम उन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने को लेकर क्या फैसला ले सकते हैं। बॉब ब्लैकमैन ने हाउस ऑफ कॉमन्स के नेता पेनी मोर्डंट को संबोधित करते हुए कहा कि खालिस्तानी गुंडों की भारतीय उच्चायोग के बाहर जो गुंडागर्दी हुई, वह इस देश के लिए पूरी तरह से अपमानजनक है। इतने सालों में यह 6वीं बार है जब उच्चायोग पर इसी तरह से हमला किया गया है। इसके जवाब में सदन के नेता पेनी मोर्डंट ने कहा कि हम लंदन स्थित भारतीय दूतावास की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। उन्होंने कहा कि यह तय करना पुलिस और क्राउन प्रॉसीक्यूशन का काम होगा कि वारंट और आपराधिक कार्यवाही से जुड़ी कार्रवाई की जरूरत है या नहीं। बॉब ब्लैकमैन ने कहा कि इसी तरह के हमले कनाडा, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में भी किए गए। हम अभी इस देश में खालिस्तानी आतंकवादियों को पनाह दे रहे हैं। क्या हम सरकार के समय में इस बात पर बहस कर सकते हैं कि इन आतंकवादियों को इस देश में प्रतिबंधित करने के लिए हम क्या कार्रवाई कर सकते हैं। पेनी मोर्डंट ने अपनी प्रतिक्रिया में बॉब ब्लैकमैन को हमले की निंदा करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने हाउस ऑफ कॉमन्स को आश्वासन दिया कि यूके सरकार भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को गंभीरता से लेती है। अमरीका बेशक भारत से दोस्ती और बेहतर रिश्ते बनाने का कितना ही दंभ भरे, किन्तु अमरीकी जमीन पर भारत विरोधी ताकतों की सक्रियता के मामले में राष्ट्रपति बाइडन प्रशासन ने भी कभी सख्ती नहीं दिखाई। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में खालिस्तान समर्थकों की तरफ से आगजनी की कोशिश की गई। खालिस्तानी कट्टरपंथियों ने भारतीय वाणिज्य दूतावास में आग लगा दी, लेकिन सैन फ्रांसिस्को अग्निशमन विभाग ने इसे तुरंत बुझा दिया। आग की वजह से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। खालिस्तान समर्थकों ने घटना के संबंध में एक वीडियो भी जारी किया। अमरीकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने ट्वीट पर भारतीय वाणिज्य दूतावास के खिलाफ कथित बर्बरता और आगजनी के प्रयास की कड़ी निंदा कर अपने दायित्वों की इतिश्री कर ली।

# राष्ट्रीय आपदा घोषित हो यह महाप्रलय

हमेशा से मनुष्य द्वारा प्रकृति पर बार-बार उत्पात करने तथा सजा भुगतने का यह क्रम अनवरत रूप से चल रहा है। यह तो निश्चित है कि हर वर्ष सर्दी, गर्मी तथा बरसात होगी तथा यह भी सर्वविदित है कि जहां मानवीय जीवन होगा वहां पर आग, बाढ़, तूफान, सूखा, अकाल, भूस्खलन, हिमस्खलन, भूकम्प, सुनामी, समुद्री तूफान, बिजली गिरने, बादल फटने तथा महामारी की संभावना भी होगी। मौसम विभाग के रेड अलर्ट, ऑरेंज अलर्ट तथा चेतावनियां भी अब आम बात हो गई है। यह भी सत्य है कि हम आपदाओं को समाप्त तो नहीं कर सकते बल्कि उनको कम करने के लिए प्रयत्न तो कर ही सकते हैं। मानवीय जीवन की सुरक्षा के लिए हर पल तत्पर एवं सचेत रहना हमारी आवश्यकता तथा प्राथमिकता है। यह सरकार, प्रशासन, व्यवस्था तथा समाज का सामूहिक कार्य है। यह भी स्वीकार करना होगा कि हम समय रहते आपदाओं की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयारी नहीं करते।

मात्र चौबीस घण्टे में हिमाचल जैसे छोटे राज्य में पचपन लोगों का अकारण और असमय मौत का शिकार हो जाना कोई सामान्य घटना नहीं है। तेरह और चौदह अगस्त 2023 का दिन भयंकर वर्षा, जलप्रपात तथा भूस्खलन से हिमाचल प्रदेश के लोगों को कभी न भूलने वाला दर्द दे गया। प्रदेश का जनमानस डर के साये में जीवन यापन कर रहा है। सडकें, इमारतें, गाडियां, बिजली तथा पानी की योजनाएं, पर्यटक स्थल, भौतिक संसाधन, सभी विनाशलीला का शिकार हो रहे हैं। चारों ओर भयंकर तबाही का आलम है। हमेशा से मनुष्य द्वारा प्रकृति पर बार-बार उत्पात करने तथा सजा भुगतने का यह क्रम अनवरत रूप से चल रहा है। यह तो निश्चित है कि हर वर्ष सर्दी, गर्मी तथा बरसात होगी तथा यह भी सर्वविदित है कि जहां मानवीय जीवन होगा वहां पर आग, बाढ़, तूफान, सूखा, अकाल, भूस्खलन, हिमस्खलन, भूकम्प, सुनामी, समुद्री तूफान, बिजली गिरने, बादल फटने तथा महामारी की संभावना भी होगी। मौसम विभाग के रेड अलर्ट, ऑरेंज अलर्ट तथा चेतावनियां भी अब आम बात हो गई है। यह भी सत्य है कि हम आपदाओं को समाप्त तो नहीं कर सकते बल्कि उनको कम करने के लिए प्रयत्न तो कर ही सकते हैं। मानवीय जीवन की सुरक्षा के लिए हर पल तत्पर एवं सचेत रहना हमारी आवश्यकता तथा प्राथमिकता है। यह सरकार, प्रशासन, व्यवस्था तथा समाज का सामूहिक कार्य है। यह भी स्वीकार करना होगा कि हम समय रहते आपदाओं की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयारी नहीं करते। हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है तथा प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से बहुत ही संवेदनशील है। पहाड़ी राज्यों की मुश्किलें एवं परेशानियां मैदानी राज्यों की अपेक्षा अधिक एवं अलग होती हैं। इस संदर्भ में अंधाधुंध विकास, भवन निर्माण, औद्योगिकीकरण, जंगलों का कटान, सडक़ों का निर्माण, बिजली परियोजनाओं के लिए बांध का निर्माण, बारूद से पहाड़ों का सीना छलनी होना तथा विद्युत उत्पादन के साथ योजनाओं की समीक्षा एवं विश्लेषण होना भी आवश्यक है। यह ठीक है कि प्राकृतिक संसाधनों का दोहन, सडक़ों, पुलों, विद्युत परियोजनाओं का निर्माण, बड़ी-बड़ी इमारतों तथा कारखानों का निर्माण भी लोगों व प्रदेश की आवश्यकता है, लेकिन भौतिक विकास मानवीय जीवन तथा प्रकृति के विनाश की कीमत पर नहीं होना चाहिए। आपदाओं की तीव्रता तथा इनकी आवृत्ति में कमी का प्रयास किया जाना चाहिए। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्वीकार किया कि मात्र दो दिनों में 55 लोग अकाल मृत्यु का शिकार हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने माना कि विगत पचास वर्षों में इतनी भारी वर्षा नहीं हुई। प्रदेश में इस मॉनसून में अभी तक लगभग 150 लोग मारे जा चुके हैं। लगभग 1200 सडक़ें भूस्खलन के कारण बन्द हो चुकी हैं। एचआरटीसी के लगभग 3700 रूट बन्द हो चुके हैं। बिजली के 4500 ट्रासंफार्मर तथा लगभग 9500 पेयजल योजनाएं ठप्प हो चुकी हैं। अनेकों घर नदियों में ताश के पत्तों की तरह बिखर चुके हैं, गाडियां तिनकों की तरह जलप्रवाह में बह चुकी हैं। कई पुल जलमग्न हो चुके हैं। चारों ओर चीख-ओ-पुकार, बर्बादी तथा तबाही का मंजर है। जुलाई महीने में भयंकर वर्षा तथा जलप्रपात से केवल कुल्लू तथा मण्डी जिलों में लगभग 4000 करोड़ रुपए के नुकसान का आकलन था, लेकिन इस बार लगभग पूरे प्रदेश में तथा सभी जिलों में तबाही का आलम है। प्रदेश की सतलुज, व्यास तथा रावी नदियां अपने रौद्र रूप में हैं। चम्बा, कांगड़ा, हमीरपुर, मण्डी, कुल्लू, बिलासपुर, हमीरपुर, शिमला, सिरमौर तथा सोलन जिलों में भयंकर तबाही हुई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जानमाल तथा सम्पत्ति के नुकसान लेने के लिए निरंतर राज्य प्रशासनिक अधिकारियों, जिलाधीशों तथा आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की समीक्षा बैठकें कर रहे हैं। हालात से निपटने के लिए मुख्यमंत्री ने स्वयं कमान पकड़ी है, वे प्रत्येक घटना पर स्वयं जाकर लोगों के आंसू पोंछने का प्रयास कर रहे हैं, परन्तु प्रकृति के आगे व्यक्ति, व्यवस्था तथा सरकार तो छोटी सी चीज है। पिछले महीने प्रदेश के 126 जवान राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की सातवीं बटालियन द्वारा बठिंडा से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे हैं जिन्हें आपदा से निपटने के लिए तैनात किया गया है, लेकिन प्रदेश की पहाड़ जैसी आपदाओं को मद्देनजर रखते हुए यह संख्या अपेक्षा से कहीं बहुत कम है। प्रदेश में प्रशासनिक अधिकारियों को ही सामान्य सा प्रशिक्षण देकर आपदा प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंप दी जाती है जो कि नाकाफी है। आपदाओं से मुकाबला करने के लिए विधिवत शिक्षित, कौशल प्राप्त एवं प्रशिक्षित व्यक्तियों की आवश्यकता होती है। वैकल्पिक व्यवस्था के सहारे आपदाओं का सामना करना असंभव तो नहीं, बल्कि मुश्किल अवश्य होता है। हिमाचल की विकट परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश में एक स्थाई एसडीआरएफ तथा एनडीआरएफ आपदा प्रतिक्रिया बटालियन की आवश्यकता है। इससे जहां वास्तविक रूप से प्रशिक्षित लोगों को रोजगार मिलेगा वहीं पर प्रदेश में आने वाली आपदाओं के नियन्त्रण तथा करोड़ों रुपए के नुकसान की कमी में भी सहायता मिलेगी। किसी भी राज्य के लिए आपदा प्रबंधन एक बहुत ही आवश्यक एवं चुनौतीपूर्ण विषय है।

## देश दुनीया से

# संबंधों के नवीनीकरण का मौसम

पंचवर्षीय योजना के लगभग सवा चार साल बाद, उन्होंने सामने से आकर हाथ जोड़ मुस्कुराते हुए अभिवादन किया और बोले, 'अभी भी हम से नाराज़ हैं बड़े भाई।' थोड़ी हैरानी हुई कि यह सज्जन ऐसा क्यों कर रहे हैं। उनसे अपनी न कोई राज़गी थी न नाराजग़ी। हमने भी पूरे अदब से हाथ जोडक़र नमस्कार कहा, 'ऐसी कोई बात नहीं है।' अगले क्षण तपाक से समझ में आया कि राजनीति के खेत में चुनाव की स्वादिष्ट एवं उपजाऊ फसल रोपने की तैयारी शुरू हो चुकी है, तभी तो नकली 'प्यार' की असली झप्पियां डाली जा रही हैं। उम्र में हमसे बड़ा होने के बावजूद भी हमें बड़ा भाई बोला जा रहा है। सम्बन्धों की राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक व मानवीय मरम्मत भी धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रही है। हमारी पत्नी और व्यवस्था ने अच्छी तरह से समझा रखा है कि किसी भी स्तर के राजनीतिज्ञ से नाराजग़ी रखने का वक्त अब कतई नहीं रहा। याद आया, कई बरस पहले हमने उनकी एक हरकत पर टिप्पणी कर दी थी। तब भी पत्नी ने अच्छी तरह से समझाया था कि कहीं यह 'सज्जन' चुने गए तो आपकी खैर नहीं। लेकिन वक्त का शुक्रिया, वह कई पार्टियां बदलने के बावजूद भी हमेशा हारते ही रहे और हम भी बचे रहे। एक बार हमसे पुनः संबंध नवीनीकरण करने के, उनके प्रयास से लगा राजनीति एक अच्छी समझदार अध्यापक भी तो है जो हमें पढ़ाती है कि राजनीति में ही नहीं ज़िंदगी में भी कोई पक्का दोस्त या स्थायी दुश्मन नहीं हुआ करता। अवसर मिले तो अपने खराब सम्बन्धों को ठीक ज़रूर करते रहना चाहिए। अनजान लोगों से भी थोड़े बहुत संबंध उगाए रखने चाहिए। अपनी योजनाएं बनाने व सपने सच करने के लिए मेहनती चींटी की तरह लगे रहना चाहिए, एक न एक दिन तो सफलता मिलती ही है। चुनावी मरम्मत के मौसम में चाहे नेता एक दूसरे के साथ पुश्तैनी दुश्मनों की तरह व्यवहार करें, बातचीत का स्तर रसातल से भी नीचे ले जाएं लेकिन बात वे लोकतंत्र को अधिक मजबूत करते हुए, देश को अधिक गौरवशाली व अधिक शक्तिशाली बनाने की ही करते हैं। यह मौसम होली की तरह होता है जहां सब गले मिल लेते हैं, क्या पता यह गले मिलना कहीं काम आ ही जाए और गले न मिलना कहीं गले ही न पड़ जाए। यह याद रखना ही चाहिए कि नेता यदि लगा रहे तो सांसद न सही विधायक न सही एक दिन पार्षद तो बन ही जाता है और अपने मकान का निर्माण तो करवा ही लेता है। खराब सम्बन्धों की मरम्मत करने में तो वह महा अनुभवी होता ही है। 'घमंड का सिर नीचा' होने का मुहावरा सफल राजनीति में 'घमंड का सिर ऊंचा' हो जाता है। आजकल जब राजनीतिक मरम्मत के हर सधे हुए कारीगर का बाज़ार गर्म है, घमंड का सिर नीचा हुआ घूमता है। राजनीति ने मानवीय जीवन को बहुत लचीला मुहावरा बना कर रख दिया है जिसके असली अर्थ बुरी तरह से टूट-फूट चुके हैं और निरंतर मरम्मत मांग रहे हैं। आचार संहिता के प्रसव काल यानी चुनाव होने तक तक मरम्मत का यह मौसम चलने वाला है। हां, चुनाव के बाद नई सरकारजी के निर्माण हो जाने के बाद घमंड का सिर ऊंचा वाला मुहावरा बाज़ार की शान हो जाएगा।

हमारी पत्नी और व्यवस्था ने अच्छी तरह से समझा रखा है कि किसी भी स्तर के राजनीतिज्ञ से नाराजग़ी रखने का वक्त अब कतई नहीं रहा। याद आया, कई बरस पहले हमने उनकी एक हरकत पर टिप्पणी कर दी थी। तब भी पत्नी ने अच्छी तरह से समझाया था कि कहीं यह 'सज्जन' चुने गए तो आपकी खैर नहीं। लेकिन वक्त का शुक्रिया, वह कई पार्टियां बदलने के बावजूद भी हमेशा हारते ही रहे और हम भी बचे रहे। एक बार हमसे पुन: संबंध नवीनीकरण करने के, उनके प्रयास से लगा राजनीति एक अच्छी समझदार अध्यापक भी तो है जो हमें पढ़ाती है कि राजनीति में ही नहीं ज़िंदगी में भी कोई पक्का दोस्त या स्थायी दुश्मन नहीं हुआ करता। अवसर मिले तो अपने खराब सम्बन्धों को ठीक ज़रूर करते रहना चाहिए। अनजान लोगों से भी थोड़े बहुत संबंध उगाए रखने चाहिए। अपनी योजनाएं बनाने व सपने सच करने के लिए मेहनती चींटी की तरह लगे रहना चाहिए, एक न एक दिन तो सफलता मिलती ही है। चुनावी मरम्मत के मौसम में चाहे नेता एक दूसरे के साथ पुश्तैनी दुश्मनों की तरह व्यवहार करें, बातचीत का स्तर रसातल से भी नीचे ले जाएं लेकिन बात वे लोकतंत्र को अधिक मजबूत करते हुए, देश को अधिक गौरवशाली व अधिक शक्तिशाली बनाने की ही करते हैं।

## दृष्टिकोण

# पाकिस्तान में कोई उम्मीद नहीं, सेना के रहते स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव पर संदेह

इंतजार के पल खत्म हुए और पाकिस्तान में कार्यवाहक प्रधानमंत्री के नाम की घोषणा कर दी गई है। बांग्लादेश के समान ही पाकिस्तान के संविधान में कार्यवाहक सरकार का प्रावधान है। लेकिन अब आवाजें उठ रही हैं कि संविधान में संशोधन करते हुए पाकिस्तान के चुनाव आयोग को बड़ी भूमिका दी जाए और उसे ज्यादा मजबूत और आजाद बनाया जाए। कभी-कभी एक पत्रकार खुद को वहां खड़ा पाता है, जहां इतिहास लिखा जा रहा हो और उसके पास इस बदलाव को शब्द देने का मौका होता है। बीते शनिवार को इस्लामाबाद में आयोजित एक रात्रिभोज कार्यक्रम से बाहर निकलते हुए, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के पूर्व मंत्रियों ने भी शिरकत की थी, पूर्व में विदेश सचिव और भारत में उच्चायुक्त रहे जलील अब्बास जिलानी के घर के पास से गुजरने का मौका मिला। वह कार्यवाहक प्रधानमंत्री के पद के लिए शीर्ष दावेदार थे, लेकिन शनिवार की दोपहर को इस पद के लिए सीनेटर अनवार-उल-हक काकड़ के नाम की घोषणा की गई। यह खबर सभी को झटका देने वाली थी। खासकर जलील जिलानी के लिए यह खबर सदमे से कम नहीं थी, क्योंकि उन्हें यह आश्वासन दिया जा रहा था कि उनके नाम की घोषणा तय है। अफसोस की बात है कि 2018 में भी जलील को इसी दुर्भाग्य का सामना करना पड़ा था, जब उन्हें कार्यवाहक प्रधानमंत्री का पद दिए जाने की बात हो रही थी, लेकिन एकाएक उनका नाम हटा दिया गया था। पिछले शनिवार को हमने देखा कि जलील जिलानी के घर के बाहर तैनात पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों को हटा लिया गया। संभावित प्रधानमंत्री को सरकारी सुरक्षा देना बिल्कुल सामान्य है। लेकिन फिर बुधवार की दोपहर को जिलानी के लिए एक खुशखबरी आई। उन्हें सरकार की ओर से फोन करके यह सूचित किया गया कि उन्हें नए विदेश मंत्री के तौर पर नामित किया गया है। अब वह शपथ ग्रहण कार्यक्रम का इंतजार कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के दफ्तर में एक और बदलाव नए विदेश सचिव सायरस काजी के नाम की घोषणा के तौर पर किया गया है। वह एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हैं, जो इससे पहले तक तुर्किये में पाकिस्तान के राजदूत थे। बड़ा सवाल यह है कि आखिर असल वजह क्या थी, कि जलील जिलानी का नाम हटाकर काकड़ को चुना गया। मेरी जानकारी के अनुसार काकड़ के चुनाव में सेना ने काफी गुप्त ढंग से काम किया है। उन्हें जुलाई में ही यह सूचना दे दी गई थी, कि अगस्त में जब पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) सरकार भंग की जाएगी, तो उन्हें कार्यवाहक प्रधानमंत्री का पद संभालने के लिए तैयार रहना होगा। भंग की गई संसद में विपक्षी दल के नेता समेत सभी राजनीतिक दलों ने संभावित नामों की अपनी-अपनी सूचियां बनाकर दी थीं। जलील जिलानी का नाम पीपीपी नेता आसिफ अली जरदारी की तरफ से आया था, जिस पर सभी राजी थे। लेकिन जब एकाएक सैन्य प्रतिष्ठान की तरफ से काकड़ का नाम भेजा गया, तो सभी को हैरत जरूर हुई, लेकिन फिर सभी ने अपनी रजामंदी दे दी। इसके बाद ही काकड़ के नाम की औपचारिक घोषणा की गई। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक किसी भी राजनीतिक दल ने काकड़ को मुबारकबाद नहीं भेजी है। न तो नवाज शरीफ ने, न मौलाना फजलुर रहमान, न आसिफ अली जरदारी ने और न बिलावट भुट्टो ने, जो सभी पीडीएम सरकार के अंग थे। अब विदेश मंत्री के तौर पर जलील जिलानी का नाम सामने आया है। उम्मीद है कि काकड़ बलूचिस्तान से अपने दो राजनीतिक मित्रों को संघीय कैबिनेट में जरूर लाएंगे। पाकिस्तान के इस कार्यवाहक प्रधानमंत्री के बारे में जानना जरूरी है, जिसके कंधों पर निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराने की जिम्मेदारी है। काकड़ दरअसल बलूचिस्तान के पश्तून हैं। लेकिन उनका ज्यादातर समय सीनेटर के तौर पर इस्लामाबाद के कैफे और रेस्तराओं में बीता है। वह एक छोटे शहर के आम आदमी जैसे रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बालूभांग के गुरुवे मे शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातू प्रखण्ड क्षेत्र के बालूभाँग पंचायत अंतर्गत गुरुवे गाँव निवासी हैदराबाद मे काम करने गए मजदूर की मौत की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होते ही स्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लेते हुए गुरुवे विद्यालय परिसर मे स्वास्थ्य शिविर लगाकर कई लोगों को जाँच किया गया। स्वास्थ्य विभाग के एमपीडब्लू संदीप कुमार, अनिल कुमार व एएनएम सोनी कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया की गाँव मे डायरिया का प्रकोप है. उक्त प्रकोप को देखते हुए चकित्सा प्रभारी के निर्देशानुसार शिविर लगाकर स्वास्थ्य जाँच की गई साथ ही आवश्यकता अनुसार निशुल्क दवा भी दी गई। स्वस्थकर्मियों मे ग्रामीणों को बातया की घर के आसपास साफ- सफाई रखे, गर्म भोजन का उपयोग करें, गाँव की सहिया से ओआरएस घोल लें, पानी को उबाल कर पिएं, जंगली पुटका, खुखड़ी कम मात्रा मे खाने सहित अन्य कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई. ज्ञात हो की बालूभाँग स्थित गुरुवे गाँव के सुंदर गंझु की मौत हैदराबाद मे अज्ञात बीमारी से हो गई।

# बसिया में हाथियों के झुंड ने चार घरों को किया ध्वस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बसिया ग्राम के बिसोदाड़ी टोला में मंगलवार की देर रात करीब 11:00 बजे हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाते हुए चार घरों को ध्वस्त कर दिया। और घर मे रखा अनाज चावल, आलू, गेंहूँ, महुआ, मक्का खा गये ।वही दो मवेशी एक बैल, एक सुवर को पटक कर मार डाला। ग्रामीणों के अनुसार आठ की संख्या में आये हांथीयो के झुंड ने सिलवंती मसोमात पति स्व0बिमल गंझु, चन्द्र तुरी पिता सिदर तुरी, राजदेव गंझु पिता प्रभु गंझु,रामजीत गंझु पिता सहजदेव गंझु के घर को ध्वस्त कर दिया। उपरोक्त घर के लोगो ने भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई। सिलवंती मसोमात ने बताया कि पति की मौत के बाद किसी तरह मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालती है। घर टूट जाने से वह बेघर हो गयी है। इसके अलावा हांथीयो द्वारा तोड़े गए सभी घरों के लोग मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालते है ।घर टूट जाने से सभी बेघर हो गए है। वही घटना की सूचना पाकर बालूमाथ के प्रभारी फोरेस्टर विजय शंकर,हेरहंज प्रभारी फोरेस्टर विश्वदेव पांडे ने घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। और उचित मुआवजा देने की बात कही। मौके पर पूर्वी जिप सदस्य प्रियंका कुमारी,पहडा राजा प्रभुदयाल उराँव, भाजपा मंडल अध्यक्ष लछ्मन कुशवाहा, एससी मोर्चा उपाध्यक्ष अमित कुमार ने वन विभाग से वार्ता करते हुए पीड़ितों को उचित मुआवजा और हांथीयो के झुंड को भगाने के लिए टॉर्च,लाइट देने की मांग किया। प्रभारी फॉरेस्टर ने बताया की वन विभाग द्वारा बाहर की टीम को मंगाकर हाथियों के झुंड को खदेड़ने का प्रयास किया गया है। लेकिन उसमें भी सफलता हाथ नहीं लग रही है।

## तीन बच्चियों के तस्करी में एक महिला व पुरुष वाहन के साथ गिरफ्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के पुंडरा और एदला मानो महुआ गाँव से तीन बच्चियों को हरियाणा ले जाने के लिए कार नम्बर एच आर 26 ए यू 0727 से हरियाणा के लिए निकला था कि लोक प्रेरणा केंद्र की रानी कुमारी को जानकारी मिलते हीं तीनो बच्चियों को अपने कब्जे में कर मानव तस्कर में शामिल उक्त महिला पुरुष को सिमरिया पुलिस को फोन कर सौप दी है। लोक प्रेरणा केंद्र की रानी कुमारी ने बताई की बरामद बच्चियों में एक पुंडरा गाँव की है वहीं दो बच्ची एदला गाँव के टोला मानो महुआ की है। तीनों कम उम्र की है। जबकि तीनों बच्चियों का आधार लेकर छेड़ छाड़ कर ज्यादा उम्र किया गया है।इन दिनों मानव तस्करी जोरों पर है।इस तरह गरीब भोली भाली ग्रामीणों को रूपये का लालच देकर काम कराने के नाम पर ठगी कर बाहर ले जाकर बेच दिया जाता है। मामले की जब जानकारी समाधान कार्यकर्ता पिंटू कुमार एवं ग्रामीणों को मिली तो त्वरित कार्रवाई करते हुए सिमरिया पुलिस को बुला कर सभी को सौप दिया गया है। आगे जांचों उपरांत उक्त मानव तस्करी करने वालों पर कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। उक्त कार्य में प्रयुक्त कार को पुलिस ने अपने कब्जे में कर लिया है।

## अमृत कलश को विधि विधान पूर्वक पहुंचाया गया नेहरू युवा केंद्र चतरा



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत सभी पंचायत से प्रखंड में आए अमृत कलश बुधवार को अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों गणमान्य लोगों ने नेहरू युवा केंद्र चतरा विधि विधान के साथ पहुंचाया गया। मौके पर उपस्थित बिडियो संजीत कुमार सिंह अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक नाजीर रामदेव ठाकुर मनोज मिश्रा कमलेश वर्मा मनोज कुमार यादव सम्मिलित थे। उसके बाद बिडियो में क्षेत्र का भ्रमण किया। जिसमें चतरा हजारीबाग मुख्य बॉर्डर के समीप बलबल गर्मकुंड में हो रहे सुंदरीकरण का जायजा लिए। एवं बेहतरीन कार्य करने का आश्वासन दिया। मौके पर उपस्थित सचिन कुमार मनोज कुमार व अन्य लोग उपस्थित थे।

## ईएलसी के तहत कस्तूरबा विद्यालय के छात्रों को बताया गया फार्म 6,7,8 की जानकारी



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह एवं अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक के निगरानी में ईएलसी के तहत बुधवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां बीआरपी कृष्ण मुरारी पांडेय के द्वारा छात्रों को फार्म 6,7,8 के बारे में विस्तृत जानकारी बताएं। जिसमें बताया कि फॉर्म सिक्स में 17 साल के ऊपर के छात्रों का नाम इलेक्शन पंजीकरण में जोड़ा जाएगा। फॉर्मेट में शुद्धिकरण एवं फार्म सेवन में नाम हटाने की विधि को बताएं। मौके पर कस्तूरबा विद्यालय के शिक्षिका एवं बच्चियों उपस्थित थी।

## गणेश पूजा महोत्सव कमेटी का विस्तार किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखण्ड स्थित चुंदरु धाम में गणेश पूजा महोत्सव कमेटी का विस्तार को लेकर ग्रामीणों की बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता सूर्य मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने किये। बैठक में सभी उपस्थित पदाधिकारी बुद्धिजीवी एवं ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपने विचारों को रखा। जिसमें सर्व समिति से 18 विभाग पारित किया गया। बारी-बारी से सभी विभागों में पद का चयन किया गया। उपाध्यक्ष नंदा थापा,कृष्ण गुप्ता, सुनील भुईयॉ, सहसचिव के रूप में छोटन पासवान, सहकोषाध्यक्ष राजा गुप्ता उर्फ़ बमबम, महामंत्री सरोज गुप्ता, संरक्षण मंडली 31 पदाधिकारी का नाम चयन किया गया। मीडिया प्रभारी मनोज गुप्ता, जानकी महतो, पूजा प्रभारी रोहित गुप्ता, प्रेम भगत, अजय पासवान भंडारा प्रभारी आकाश पासवान, सुबोध कुमार (सेरनदाग), नितेश कुमार, जल प्रभारी दुखन यादव, स्वच्छता प्रभारी अभिमन्यु नायक उर्फ पिंटा, पंडाल प्रभारी गणेश गुप्ता, रोहित नायक, लाइट प्रभारी मयंक गुप्ता, रवि मालाकार, साउंड प्रभारी जितेंद्र महतो, संदीप भाई संदेशकर, मेला प्रभारी अशोक ठाकुर, भोला गुप्ता, बबलू विश्वकर्मा, पप्पू गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, संचालन प्रभारी मिथिलेश रजक, कार्यालय प्रभारी संतोष दास उर्फ गोला दास एवं निगरानी समिति का गठन किया गया। तत्पश्चात बाकी छूटे हुवे पदों के चयनित करने के लिए कमेटी पदाधिकारी द्वारा सुरक्षित रखा गया। उपस्थित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# शिष्टाचार भेंट पर आगामी चुनाव को लेकर हुआ विचार विमर्श



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारी का लातेहार जिले में आगमन के दौरान प्रखंड अंतर्गत पोखरी कला के वरिष्ठ समाजसेवी हाजी मुमताज अली के उनके बकोरिया स्थित पेट्रोल पंप परिसर में कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी के साथ प्रदेश प्रभारी उमेर खान की शिष्टाचार मुलाकात हुई। इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श किए गए। मौके पर पदाधिकारियों ने अल्पसंख्यकों के लिए राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली। मौके पर हाजी अली ने क्षेत्र के अल्पसंख्यकों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के कांग्रेस के संगठन की स्थिति मजबूत है। वहीं क्षेत्र के अल्पसंख्यक पूरी ईमानदारी और समर्पण के भाव से कांग्रेस के साथ सदैव ही रहते हैं लेकिन उनके अपेक्षित विकास नहीं हो पा रहे हैं जिससे अल्पसंख्यक समुदाय के लोग स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। इसके बाद प्रदेश के पदाधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि उनकी समस्याओं का निदान हो और उनका भरपूर विकास हो इसके लिए प्रयास कर रहे हैं और इस संबंध में सरकार के समक्ष भी उनकी बातों को रखेंगे सरकार अल्पसंख्यकों के हित में कई योजनाएं संचालित कर रही है जिसका लाभ उन्हें मिले प्रयास किया जा रहा है।

## झूलते तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र के सेरेगड़ा ग्राम में बुधवार को झूलते तार की चपेट में आने से मोहम्मद गुफरान 35 वर्ष पिता मोहम्मद मिनहाज की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद गुफरान घर के समीप कुछ कार्य कर रहा था इसी बीच बिजली के झूलते तार की चपेट में वह आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों द्वारा घायल अवस्था में मोहम्मद गुफरान को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। वही घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे दो बच्चे को छोड़ गए। इधर घटना के बाद बालूमाथ पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया है।

## डीटीओ के नेतृत्व में चलाया गया हेलमेट जांच अभियान



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में बुधवार को शहर के थाना चौक के पास हेलमेट जाँच अभियान चलाया गया। जाँच अभियान के क्रम में बिना हेलमेट मोटरसाईकिल चला रहे 22 व्यक्तियों से 40500 रूपये का का चालान काटा गया। इस दौरान जिला परिवहन विभाग के मोटरयान निरीक्षक सुनील कुमार, डीआरएसएम तनवीर हुसैन एवं सड़क सुरक्षा सेल लातेहार मौजूद थे।

## फरार चल रहे तीन अभियुक्त गिरफ्तार, जेल

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालुमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में छापामारी अभियान चला कर फरार चल रहे? दो अलग अलग स्थानों से तीन अभियुक्त छोटु उरांव पिता रामधनी उरांव,अमित उरांव पिता लाला उरांव व कैलाश उरांव पिता बासुदेव उरांव को गिरफ्तार कर बुधवार को लातेहार जेल भेज दिया।

## प्राथमिक विद्यालय लाभर का चारदिवारी निर्माण कार्य में भारी अनियमितता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायत हरातु के लाभर प्राथमिक विद्यालय का डीएमएफटी मद अंतर्गत चारदिवारी निर्माण कार्य किया जा रहा है। जहां योजना स्थल पर शिलापट्ट भी नहीं है योजना किस मद से निर्मित हो रही है प्राक्कलित राशि क्या है ग्रामीणों को पता नहीं। वही ग्रामीण बताते हैं कि किसकी निगरानी में निर्माण कार्य किया जा रहा है जानकारी नहीं। बता दें कि उक्त चारदिवारी निर्माण कार्य में अनियमितताओं की सारी हदें पार कर गई है। जहां दीवार का नींव महज छह इंच से आठ इंच के बीच है, पिलर (कोलम) का नींव महज डेढ़ फीट से दो फीट वहीं स्टील की बात करें तो वह लोकल स्टील और कोलम के रिंग की दूरी दस इंच से एक फीट वहीं बीम में रिंग की दूरी 1 फीट से डेढ़ फीट दीवार में बंग्ला ईट का प्रयोग उपर से दस अनुपात एक से जुड़ाई इस तरह अनियमितताओं की फेहरिस्त है जिसपर ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त हिमांशु मोहन से जांच की मांग करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की गुजारिश की है।

# सिविल सर्जन ने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार सिविल सर्जन अशोक कुमार ने बुधवार को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का अचौक निरीक्षण किया तथा अस्पताल में हो रहे समस्याओं से अवगत हुए। सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने कहा कि निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि बालूमाथ में चिकित्सकों की कमी को देखते हुए चंदवा के चिकित्सक को बालूमाथ का प्रभारी बना दिया गया है ।बालूमाथ में दो एंबुलेंस रहने के बावजूद चालक के अभाव में एक ही एंबुलेंस संचालित है ।जिसको लेकर एक एंबुलेंस चालक उपलब्ध कराया जाएगा। यहां कमरे के अभाव को देखते हुए बगल में अतिरिक्त कमरा बनाया जाएगा ।बालूमाथ सीएससी पर तीन प्रखंड निर्भर है ।प्रत्येक दिन यहां 250 से 300 ओपीडी मेरीज एवं 20 से 25 इमरजेंसी मरीज देखा जाता है ।दवा उपलब्ध है फिर भी जो दवाइयां आवश्यक है उसे शीघ्र ही उपलब्ध करा दिया जाएगा ।उन्होंने लातेहार से महिला चिकित्सक का प्रतिनिधि करने पर कहा कि अगर महिला चिकित्सक का बालूमाथ में प्रतिनिधि कर दी जाएगी तो सदर अस्पताल बंद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बालूमाथ अस्पताल में इलाज करने वाले प्रत्येक मरीज से ?5 सेवा शुल्क लागू करने पर विचार किया जा रहा है ।ताकि इस शुल्क से कई संसाधन को जुटाने में सहयोग मिल सकेगा। वही सभी स्वास्थ्य कर्मियों को ड्रेस कोड में रहने का निर्देश दिया। इस मौके पर डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद, डॉक्टर संजय सिद्धार्थ, डॉक्टर सुरेंद्र कुमार, महिला दंत चिकित्सक अलीशा समेत कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में यूनिफाइड कमांड की हुई बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज यूनिफाईड कमाण्ड की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम पेशरार प्रखण्ड में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत लंबित योजनाओं की समीक्षा की गई जिसमें सनई हपात पथ,केरार-बुलबुल पथ में कार्य प्रगति पर चर्चा हुई। साथ ही, केरार-बुलबुल पथ में कार्य प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया। सीआरपीएफ और पुलिस पिकेट में सौर उर्जा से विद्युत की व्यवस्था हेतु डिमांड किये जाने का निदेश दोनों विभागों को दिया गया। पेशरार में मोबाईल टावर स्थिति पर चर्चा की गई। आज की बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, आईटीडीए परियोजना निदेशक, डीएसपी हेडक्वार्टर, सामान्य शाखा प्रभारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सिंघानी पंचायत सचिवालय में जन विकास केंद्र ने मानव तस्करी रोक को लेकर किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** स्वयंसेवी संस्था जन विकास केंद्र हजारीबाग के तत्वाधान में बुधवार को मानव तस्करी के रोक थाम को लेकर जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन सिंघानी पंचायत सचिवालय में किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे जिसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर सुरेश केसरी ने कार्यकर्म के माध्यम से पंचायत के ग्रामीण महिलाओं और पुरुष को मानव तस्करी के रोकथाम के बारे में जानकारी देते हुए। बताया की आज के समय में सबसे अधिक मानव तस्करी का शिकार ख़ास कर चाहे ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र की, गरीब मजबूर बेटियों को लोभ लालच, देकर ग्रामीण मजदूर में पुरुष, महिला को बहला फुसलाकर दलाली कर दलालों के हाथो में मजबूरी का फायदा उठाकर मानव तस्करी का शिकार बना रहे है। इसी बीच सभी ग्रामीण लोगो कप्रोजेक्ट कोडिनेटर सुरेश केशरी ने अपील करते हुए कहा मानव तस्करी पर पूर्ण रूप रोकथाम होना चाहिए और ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के जनता को होसियार और सतर्क रहने को किया अपील। इस मौके पर जन विकास केंद्र के प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर सुरेश केशरी, सुपरवाइजर सुखराम टोप्पो, रिसोर्स पर्सन अरुणा, ग्रामीण पंचायत सचिव, मुखिया राधिका देवी समेत कई अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## संत तुलसीदास जयंती के अवसर पर निबंध, सुलेख और चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर पथ ,लातेहार में पूरे हर्षोल्लास के साथ 16वीं सदी के महान संत और कवियों में श्रेष्ठ कवि तुलसीदास जी की जयंती मनाई गई। तुलसी जयंती कार्यक्रम दो स्थानों पर 6-10 विद्या मंदिर व शिशु मंदिर कक्षा अरुण से कक्षा 5 तक एक साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी जयंती प्रमुख फूलचंद सिंह एवं आचार्य ओंकार नाथ सहाय के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर की गई। इसके पश्चात गोस्वामी तुलसीदास जी के चित्र पर पुष्पार्चन किया गया इस कार्यक्रम में विद्यालय की आचार्या रेनू गुप्ता के द्वारा मंच संचालन किया गया। मर्यादा पुरषोत्तम श्रीराम के रूप में विद्यालय के भैया हर्ष कुमार, जलज, केशव, शौर्य, रेवांश, सौरव माता जानकी के रूप में बहन शिप्रा, सौरव, आदया, उर्मि, दीक्षा, आकांक्षा, सुरभि, तन्वी विजेता, हिमांशी तथा तुलसी दास के रूप में प्रतीक, पुष्कर, प्रीतम, दर्शिका हनुमान के रूप में भैया प्रत्युष लक्ष्मण के रूप में भैया अमर ने भूमिका निभाई साथ ही जीवंत एकांकी को प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, माता जानकी गोस्वामी तुलसीदास के प्रतिरूप की आरती उतारी गई। साथ ही भारतीय सभ्यता संस्कृति एवं परंपरा से भैया बहनों को अवगत कराया गया। तुलसी जयंती के अवसर पर निबंध सुलेख व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य ओमकार नाथ सहाय ने तुलसी दास के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके चरित्र को आत्मसात करने का मंत्र भैया /बहनों को दिया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य और दीदीजी को गरिमामई उपस्थिति रही लालबहादुर राम, शशिकांत पांडे , विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधे श्याम मिश्र, ममता देवी, सुरेश ठाकुर, नीलम, अभिनय कुंभकार, रेणु गुप्ता, गीता कुमारी, गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्मप्रकाश प्रसाद, पूनम गुप्ता, आलोक कुमार पांडेय, फूलचंद सिंह, कपिल देव प्रमाणिक, रविकांत पाठक, राकेश कुमार सिन्हा, रविन्द्र कुमार पांडेय, दीपक कुमार शर्मा, विकास कुमार गुप्ता, रजनी नाग, श्वेता श्रीवास्तव, अनुजा कुमारी, उपासना कुमारी, शिल्पा पाठक, मधु कुमारी, दीपक कुमार दास, आकाश कुमार सेन।

## नगर परिषद प्रशासक शहरी क्षेत्र में चलाए नशा मुक्ति अभियान : उपायुक्त

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में नशामुक्ति संबंधी आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। इस बैठक में सामान्य शाखा प्रभारी और अंचल अधिकारी,लोहरदगा को आवश्यक निदेश दिये गये। नगर परिषद प्रशासक को शहरी क्षेत्र में नशामुक्ति के लिए एक अभियान चलाये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, वैसे पीड़ितों के काउंसेलिंग, रिहैबिटेशन सेंटर भेजे जाने संबंधी आवश्यक निदेश दिये गये। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में नशामुक्ति से संबंधित नियमित छापेमारी के निदेश दिये गये। साथ ही,इससे संबंधित प्रतिवेदन प्रत्येक 10 दिनो में पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा के कार्यालय में समर्पित किये जाने का भी निदेश दिया गया। आज की बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद, सिविल सर्जन, सामान्य शाखा प्रभारी, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र



## संक्षिप्त खबरें

### लाखे बगीचा मंदिर के जमीन विवाद को लेकर स्थानीय लोगों ने सदर विधायक से की मुलाकात

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सदर विधायक मनीष जायसवाल ने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 10 स्थित ग्राम लाखे स्थित लाखे मंडप के लिए स्थानीय लोगों के आग्रह पर बुधवार को माइक सेट भेंट किया। मंदिर परिसर में भजन- कीर्तन करने वाले दर्जनों महिला श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता सह समाजसेवी रोहित राम विधायक सेवा कर्यालय पहुंचे और लाखे बगीचा स्थित मंदिर परिसर के जमीन को मुक्त कराने का आग्रह किया साथ ही मंदिर के लिए एक माइक सेट उपलब्ध कराने का आग्रह किया। विधायक मनीष जायसवाल के निर्देश पर तत्काल उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी और भाजपा नगर पूर्वी मंडल अध्यक्ष सह पूर्व वार्ड पार्षद बबन गुप्ता ने लाखे बगीचा स्थित मंडप पहुंचकर श्रद्धालुओं को माइक सेट सौंपा। विधायक मनीष जायसवाल की ओर से दिए गए इस माइक सेट में एम्प्लीफायर और चोंगा युक्त माइक सेट उपलब्ध है। लाखे वासियों ने विधायक मनीष जायसवाल के द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए इस भेंट के लिए खुशी जताई और उनके प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद दिया। मौके पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता रोहित राम, सरिता देवी, सुनीता देवी, देवंती देवी, मालती देवी, उषा देवी, मनोरमा देवी, पार्वती देवी,सुमा देवी, सोना देवी,गुंजा देवी, अनीता देवी, शांति देवी, लालमनि देवी, सरिता देवी, अनीता देवी, प्रसाद राम, गणेश राम, राजकुमार साव, दीपक पासवान, बिंदिया देवी, मालती देवी, अनीता देवी, मालती देवी, सीता देवी सहित अन्य लोगों ने भगवत जयकारा के साथ विधायक मनीष जायसवाल जिंदाबाद के खूब नारे- जयकारे भी लगाए।

### हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने अपने वादे को किया पूरा

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : यूथ विंग के संरक्षक सह गौशाला के पूर्व सचिव चंद्र प्रकाश जैन ने 14 जून को एक निजी कार्यक्रम के दौरान एसडीओ गौशाला के पदेन अध्यक्ष विद्याभूषण कुमार से शहर के विभिन्न मंदिरों में गौशाला की दान पेटी लगाई जाए जिसका आग्रह किया था। इसके बाद चंद्र प्रकाश जैन ने अपनी खर्चे से दानपेटी का निर्माण करवाया।बीते दो दिन पूर्व गौशाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम के उपरांत गौशाला की राधा कृष्ण मंदिर में सदर विधायक मनीष जायसवाल, गौशाला सचिव श्रद्धानंद सिंह एवं गौशाला कोषाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल की उपस्थिति में दान पेटी लगाया गया। यह दान पेटी हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन के विशेष सहयोग से लगाया गया है। इसके अलावा शहर के विभिन्न मंदिरों में बहुत जल्द गौशाला का दान पेटी लगा दिया जाएगा। मौके पर चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि मैं अपने संकल्प को पूरा कर सकूं इससे बड़ा मेरे लिए कोई सौभाग्य की बात नहीं है। प्रारंभ में गौशाला की राधा कृष्ण मंदिर, बोड्डम बाजार जैन मंदिर एवं बड़ा बाजार जैन मंदिर में दान पेटी लगाया गया है। हमारी कोशिश है शहर के विभिन्न मंदिरों में जल्द से जल्द दान पेटी लग जाए। सदर विधायक मनीष जायसवाल, गौशाला सचिव श्रद्धानंद सिंह का आभार प्रकट करता हूं जिन्हें यह कार्य बेहद पसंद आया इस कार्य को हर एक मंदिर तक पहुंचाने के लिए सहयोग की अपेक्षा रखता हूं।

### जीएम कॉलेज के संस्थापक घनश्याम मेहता की पुण्यतिथि मनाई गई

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता)** :जीएम महाविद्यालय के संस्थापक घनश्याम मेहता की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय में पूजन सह शांति पाठ के साथ हीं उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर 2 मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। प्रखर समाजसेवी, पर्यावरणविद् तथा शिक्षाविद् घनश्याम मेहता ने प्रखंड में 2007 में महाविद्यालय की नींव रख शिक्षा का अलख जगाया।उक्त बातें जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने अपने संबोधन में कहा । भाजपा के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने स्व मेहता को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि शिक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनका काफी लगाव था। स्व मेहता के सपनों को साकार करने में उनके सुपुत्र शंभू कुमार, विनय कुमार, रोहित कुमार एवं सुजीत कुमार ने दिन - दुना रात -चौगुना मेहनत कर आज जीएम महाविद्यालय को एक वट वृक्ष का रूप धारण कर छात्र -छात्राओ का भविष्य सवार रहे हैं।और उनका साथ दे रहे हैं, यहां के युवा और मेहनती शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी। स्व मेहता की तृतीय पुण्यतिथि पर अपने दिलों में इनके लिए श्रद्धा और सम्मान लिए जिलें भर के प्रबुद्ध समाजसेवी एवम मिडिया कर्मी उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गिद्दी बस्ती में तुलसी दास की जयंती मनी

**गिददी (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गिद्दी बस्ती के प्रांगण में तुलसीदास की जयंती धूमधाम के साथ मनी। अवसर पर मुख्य अतिथि होसीर महाविद्यालय के प्राचार्य खेमनाथ महतो उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने तुलसीदास के चित्र के समीप पुष्प चढ़ा और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। अवसर पर वक्ताओं ने कहां कि सभी भैया- बहनों को तुलसीदास के जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने प्रसिद्ध रचना रामचरित्र मानस में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शो और जीवनी को उतरा था। इधर स्कूल प्राचार्य सुधांशु शेखर मोहन ने तुलसीदास के पदम चिन्ह पर चलकर लक्ष्य प्राप्ति के मार्ग को प्रशस्त करने के बारे में बताया। होसीर महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक कैलाश राणा ने तुलसीदास के रचना से शिक्षा ग्रहण कर प्रेरणा लेने के बारे में कहां। कार्यक्रम में आचार्य प्रदीप कुमार पाल ने तुलसीदास जी को महामानव बतलाते हुए सदैव उनके रास्ते पर चल जीवन को सार्थक बनाने की बात कहीं। कार्यक्रम में बहन किरण कुमारी, डॉली कुमारी ने भक्ति गीत रामचरितमानस पाठ चौपाइयां प्रस्तुत की। बहन सुप्रिया पटेल, रूप श्री, विद्या कुमारी, बबली कुमारी, पूजा कुमारी, वैभव कुमार मिश्रा, गौरव कुमार ने अपने विचारों को रखा। मंच का संचालन अरविंद कुमार मिश्रा व धन्यवाद ज्ञापन सहजानंद मिश्रा ने किया। मौके पर रणधीर कुमार, रविंद्र कुमार, कुमार अमित रंजन, गोविंद प्रसाद महतो, ललन प्रसाद, वरुण पांडे, सुरेश राणा, दिनेश कुमार साहू, अन्नपूर्णा ओझा, डोली कुमारी, विद्यावती भोक्ता, कीर्ति कुमारी, सुमंती देवी समेत विद्यालय परिवार सदस्य उपस्थित थे।

### बरसात के मौसम के मद्देनजर नगर परिषद द्वारा कराई जा रही है फॉगिंग

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बरसात के मौसम व इस दौरान डेंगू, मलेरिया सहित अन्य संबंधित बीमारियों से बचाव हेतु उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में कार्यपालक पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ मोहम्मद जावेद हुसैन द्वारा नगर परिषद अंतर्गत सभी वार्डों में फॉगिंग व ब्लीचिंग का छिड़काव कराने हेतु विस्तृत रोस्टर जारी किया गया है। रोस्टर के तहत 23 अगस्त 2023 से 29 सितंबर 2023 तक योजनाबद्ध तरीके से नगर परिषद के सभी 32 वार्डों में फॉगिंग व ब्लीचिंग का छिड़काव किया जाएगा। इसी क्रम में बुधवार को नगर परिषद, रामगढ़ अंतर्गत समाहरणालय व आसपास के क्षेत्रों में नगर परिषद की टीम के द्वारा फॉगिंग व ब्लीचिंग का छिड़काव किया गया।

### झारखण्ड दिव्यांग क्रिकेट टीम हुई रवाना

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : दिव्यांगों के लिये प्रतिबद्ध प्रदेश में सक्रिय संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के नेतृत्व में कोयंबटूर के लिये रवाना हुई । कोयंबटूर में आयोजित तीन दिनी त्रिकोणीय मैच में झारखंड के दिव्यांग खिलाड़ी केरल से मुक़ाबला करेंगे । संस्था के सचिव अतहर अली के नेतृत्व में खिलाड़ी कोयंबटूर के लिए रवाना हुए हैं । अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित यह त्रिकोणीय सीरीज गैलेक्सी कप कोयंबटूर के श्री नेहरू महाविद्यालय कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस ग्राउंड में खेला जाएगा । झारखंड का पहला मुकाबला केरल की टीम से होगा। प्रदेश के दिव्यांग क्रिकेट टीम में जाने वाले सत्रह सदस्ययी दल में राजेश कुमार (कैप्टन ) , प्रमोद कुमार बोकारो ,फागू करमाली रांची , विनोद कुमार महतो ,शकुनि मुंडा , शिवम् कुमार , मो. इरशाद , मंगल मुंडा , रामगढ़ , राजेश कुमार हजारीबाग , भरत कुमार महतो धनबाद , मुदस्सिर खान जामताड़ा , भूपेश कुमार लातेहार , अजहर गिरिडीह , संदीप करमाली टीम मैनेजर, जीतेन्द्र कुमार टीम कोच , बबलू फिजियोथैरेपी , सहित संस्था के सचिव अतहर अली शामिल हैं ।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददात**

**रामगढ़** : मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन को लेकर बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार के द्वारा बैठक में उपस्थित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों व विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को वर्तमान में 22 बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र एवं 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन से संबंधित प्रस्ताव की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने वैसे मतदान केंद्रों जिनका नाम वर्तमान में बदल गया हो, विभिन्न मतदान केंद्रों जहां वर्तमान में मतदाताओं की संख्या काफी कम हो व उन मतदान केंद्रों को नजदीकी मतदान केंद्र के साथ मर्ज करने आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने उपरोक्त प्रस्ताव पर बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा के क्रम में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी उनके उनके क्षेत्रों में मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन से संबंधित प्रस्ताव उपलब्ध कराने की अपील की।

## कार्य से हम सभी की पहचान बनती है : संतोष गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददात**

**गिददी** : प्रखंड डाड़ी के परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष गुप्ता को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। अवसर पर जिला पशुपालन पदाधिकारी न्यूटन तिर्की, सीओ सह बीडीओ निशात अंबर ने कहां कि सरकारी कार्य निष्पादन के दौरान तबादला होता रहता हैं। यह अपने कार्य का एक दौर हैं। वहीं बीडीओ संतोष गुप्ता ने कहां कि डाड़ी प्रखंड में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रतिनिधियों का सहयोग मिला, जिस कारण कार्य कर एक नया आयाम बनाया जा सका। बीडीओ संतोष गुप्ता का तबादला जिला चतरा में उप निर्वाचन पदाधिकारी के पद पर हुआ हैं। इस दौरान पदाधिकारी, कर्मियों, पंचायत प्रतिनिधियों ने स्थानांतरित बीडीओ संतोष गुप्ता को उपहार देकर शुभकामनाएं दिया। मौके पर विदाई समारोह की अगुवाई कर रहे लखनलाल महतो,



संचालनकर्ता देवेंद्र कुमार, बीपीओ उज्जवल किशोर, मोहम्मद अयाज, सुशील केसरी, मुखिया कविता सिंह, लक्ष्मी देवी, रिकी कुमारी, लता सिंह, दासो मरांडी, सीमा देवी, हीरालाल गंझू, अरशी अनवर, सिलबिना सोरेन, उषा देवी समेत पंचायत सचिव, रोजगार सेवक व कर्मीगण उपस्थित थे।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय सामूहिक देशभक्ति नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़** : श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय सामूहिक देशभक्ति नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।यह प्रतियोगिता चार सदनों के बीच में हुआ। साहेबजादा अजीत सिंह , साहेबजादा जुझार सिंह , साहेबजादा जोरावर सिंह , साहेबजादा फतेह सिंह। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 9वीं की कशिश नंदिनी के द्वारा हुआ।यह प्रतियोगिता कक्षा नौवीं से बारहवीं के बच्चों के बीच हुआ, जिसमें प्रथम जोरावर सिंह



हाउस, द्वितीय जुझार सिंह हाउस ,और तृतीय अजीत सिंह हाउस , फतेह सिंह हाउस रहा।इन प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया । प्राचार्य हरजाप सिंह ने बच्चों के उत्साह की प्रशंसा की और भविष्य मे बेहतर करने की कामना की।

## बरही प्रखंड के पत्रकारों की बैठक में बरही प्रेस क्लब का चुनाव कराने का निर्णय, एकजुटता पर जोर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही** : स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में बरही प्रखंड के पत्रकारों की एक आम बैठक हुई। अध्यक्षता जावेद इस्लाम एवं संचालन प्रमोद विश्वकर्मा ने किया। वरिष्ठ पत्रकार श्याममोहन शर्मा, कृष्णा प्रजापति एवं दयानंद चौरसिया मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में पत्रकारों की समस्या पर चर्चा की गई। पत्रकारिता की स्तर को ऊपर उठाने को लेकर पत्रकारों ने अपनी अपनी बात रखी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की पत्रकार हित को देखते



हुए बरही में जल्द ही बरही प्रेस क्लब का चुनाव किया जाएगा। चुनाव किस तरह का होगा। चुनाव की रूप रेखा क्या होगी। चुनाव की तिथि एवं चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया संपन्न कराने को लेकर 5 सदस्यीय निर्वाचन कमेटी बनाई गई। जिसमे जावेद इस्लाम, श्याम मोहन शर्मा, कृष्णा प्रजापति, प्रमोद विश्वकर्मा एवं दयानंद चौरसिया को शामिल किया गया। निर्णय लिया गया की जल्द ही निर्वाचन कमेटी की बैठक कर निर्वाचन प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा। मौके पर सभी पत्रकारों ने एकजुटता पर जोर दिया। हर परिस्थिति में एक दूसरे को सहयोग करने का संकल्प लिया। बैठक में जावेद इस्लाम, श्याममोहन शर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, कृष्णा प्रजापति, दयानंद चौरसिया, जयदीप सिन्हा, बिपिन पांडेय, सोनू पंडित, राजदेव गुप्ता, प्रभाकर पाठक, अनुज सोनी, कृष्णा यादव, शोएब अख्तर, धनंजय कुमार, पंचम पांडेय, सुरेंद्र निषाद, कमल शंकर पंडित, अजय कुशवाहा, अमित कुमार सोनी ,योगेंद्र प्रजापति, कुमकुम सोनी, सोमनाथ ठाकुर आदि पत्रकार मौजूद थे।

## जिले के डाकघरों से काफी परेशान हैं आरटीआई कार्यकर्ताओं : सीटू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग** : जिले के मुख्य डाकघर से लेकर जिले के तमाम प्रखंडों एवं नगर निगम क्षेत्र में अवस्थित किसी भी डाकघर में 5 और 10 रूपया का पोस्टल आर्डर कई दिनों से नहीं है. इस संबंध में सी पी आई एम नेता गणेश कुमार सीटू ने चीफ पोस्टमास्टर जनरल ऑफ इंडिया, भारत सरकार, नई दिल्ली को इस संबंध में पत्र लिखकर जानकारी दिया है की 5 और 10 रुपया का पोस्टल आर्डर नहीं रहने के कारण आर टी आई कार्यकर्ताओं को सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत



आवेदन देने में काफी परेशानी हो रही है. डाक घरों का इस रवैये से ऐसा प्रतीत होता है कि ये लोग सूचना अधिकार अधिनियम 2005 का उपयोग आम आदमी को करने से रोकना चाहती जो असंवैधानिक है. इतना ही नहीं उपरोक्त पोस्टल आर्डर नहीं रहने से प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए फार्म भरने वालों छात्रों को भी काफी परेशानी हो रही है. कई छात्र तो पोस्ट आर्डर के अभाव में फार्म भरने से वंचित रह गए हैं. इसलिए जनहित में 5 और 10 रूपया का पोस्टल ऑर्डर हजारीबाग सहित पूरे झारखंड के सभी पोस्ट ऑफिसों में तत्काल भेजने की मांग पार्टी जिला कमिटी ने की हैं.

## परिसदन भवन में भारत की सभ्यता, संस्कृति व भारतीय संविधान को लेकर एक दिवसीय परिचर्चा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही** : हजारीबाग जिला के परिसदन भवन में बुधवार को जिला सामाजिक स्तरीय बैठक सभ्यता , संस्कृति एवं भारतीय संविधान पर एक दिवसीय परिचर्चा एवं अपनी महापुरुषों के विचारधारा को जन - जन तक पहुंचाने व आमजनों को जगाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संतोष रविदास ( पूर्व जीप सदस्य बरही) ने किया वही संचालन रविदास जाति समाज चुरचू प्रखण्ड अध्यक्ष दिनेश्वर



रविदास ने की। इस एक दिवसीय जिला स्तरीय बैठक में सभी सोलह प्रखण्ड के एसी / एसटी / ओबीसी समाज के प्रबुद्ध लोग शामिल थे।इस बैठक को सम्बोधन में नन्दू प्रसाद ने कहा की वर्तमान का युग , कलयुग का युग नही है बल्कि यह युग कलम का युग है। इस समाज को और सशक्त समाज बनने की जरूरत है।भारत देश का संविधान निर्माता डॉ भीम राव अम्बेडकर का दिया हुआ संविधान पर हम सभी को चलने की जरूरत है।

## रजरप्पा थाना अंतर्गत शमशाद अंसारी की मृत्यु में शामिल पांच आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़** : रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मंगलवार को 5:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम सिकनी थाना रजरप्पा में कुछ व्यक्तियों द्वारा एक शमशाद अंसारी उम्र करीब 50 वर्ष को मारपीट कर जख्मी कर दिया है लोगों द्वारा रजरप्पा पुलिस को सूचित किया गया उक्त सूचना पर रजरप्पा पुलिस घटना स्थल से जख्मी व्यक्ति शमशाद अंसारी को सदर अस्पताल लाया गया इलाज के उपरांत चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया जिस संबंध में रजरप्पा थाना कांड संख्या 135/2023 दिनांक 23.08.2023 धारा 302/34 भा.द.वी दर्ज किया गया घटना की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया।विशेष



अनुसंधान टीम द्वारा त्वरित अनुसंधान उपरांत लगातार छापामारी के पश्चात पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया जो निम्न है पुरन महतो पिता बरतु महतो ,भुवनेश्वर महतो पिता किशुन महतो , हीरालाल महतो पिता स्वर्गीय देवचंद महतो , बालेश्वर महतो पिता लेगा महतो , अरविंद महतो पिता सूबेदार महत्व सभी सिकनी फुसरो बांध थाना रजरप्पा जिला रामगढ़ के रहने वाले हैं

कुछ समाचार पत्रों में मीडिया की अन्य कुछ माध्यमों से इस घटना को मोब लिंचिंग कर देते हुए प्रसारित किया गया इस कांड को मोब लिंचिंग इस श्रेणी में रखना उचित नहीं होगा मोब लिंचिंग की घटना में बड़ी संख्या में अनियंत्रित भीड़ के द्वारा हत्या की घटना का अंजाम दिया जाता है जबकि इस कांड का कुछ अपराधियों द्वारा घटना को कारित किया गया है इस तरह की घटना को मांब लिंचिंग का रूप देने से गांव एवं स्थानीय ग्रामीणों को छवि धूमिल होती है तथा क्षेत्र की अशांति पैदा होती है कुछ असामजिक तत्वों द्वारा इसका गलत फायदा उठाकर समाज में भ्रम फैलाने तथा विभिन्न समुदायों के बीच तनाव तथा विवाद की स्थिति उत्पन्न की जाती है जिसमें विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है

इस छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर कुमार रक्षक , रजरप्पा थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक हरिनंदन सिंह , पु.अ.नि. गुलशन भेंगरा पु.अ.नि जयप्रकाश शर्मा ,पु.अ.नि सोनू कुमार ,म.पु.अ.नि. जय श्री वर्मा एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

## समारोह पूर्वक मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास की 526वीं जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग** : स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव, कोर्रा में बुधवार को गोस्वामी तुलसीदास जी की526 वीं जयंती मनाई गई।कार्यक्रम का श्रीगणेश मुख्य अतिथि कैप्टन अरुण सिंह, प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह एवं अल्पना सिन्हा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर हुआ। मां सरस्वती की वंदना के पश्चात् मुख्य अतिथि का परिचय एवं स्वागत अल्पना सिन्हा के द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में कैप्टन अरुण सिंह ने कहा कि कर्म से भाग्य बदलता है इसलिए विद्यार्थियों को अत्यधिक परिश्रम की आवश्यकता है। अन्य विद्यालय से यह विद्यालय अलग है क्योंकि यहां देश भक्ति एवं अनुशासन के साथ अच्छी शिक्षा दी जाती है। अपने उद्बोधन में आचार्य सुशील सौरभ ने कहा कि श्रावण मास की शुक्ल सप्तमी को तुलसीदास जयंती मनाई जाती हैं। गोस्वामी जी ने सम्पूर्ण भारत में तीर्थ यात्राएं की।वे द्वारिका, बद्रीनाथ, रामेश्वर में श्री राम का गुणगान करते थे। ज्यादा समय उन्होंने काशी और अयोध्या में बिताया। तुलसीदास जी ने महाकाव्य श्रीरामचरितमानस, कवितावली, जानकी मंगल, विनय पत्रिका,गीतावली समेत कई ग्रंथों की रचना की।

# समाचार प्रकाशित करने पर पत्रकारों को मिला जान से मारने की धमकी, थाने में दिया आवेदन

## पत्रकार संघ ने न्यायिक जांच की मांग की, मामला उर्दू कन्या मध्य विद्यालय बादम का

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव** : देश के विभिन्न राज्य में पत्रकारों पर हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब ताजा मामला बड़कागांव प्रखण्ड के बादम से सामने आया है, जहां ग्रामीणों द्वारा विद्यालय में तालाबंदी की खबर छापना पत्रकार को महंगा पड़ गया। दरअसल प्रखंड के ग्राम बादम स्थित उत्क्रमित उर्दू कन्या मध्य विद्यालय में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति न मिलने, विद्यालय में कई पदस्थापित शिक्षिकाओं की



समय पर उपस्थित नहीं रहने से संबंधित आरोप को लेकर 21 अगस्त को ग्रामीणों द्वारा विद्यालय में तालाबंदी की गई थी। जिसकी खबर को संकलन करने के लिए स्थानीय पत्रकार बिलाल सगीर एवं आरिफ वक़ार स्थल पर पहुंचकर समाचार संकलन कर रहे थे तभी विद्यालय के सीआरपी तनवीर अख्तर खबर नहीं प्रकाशित करने की धमकी देने लगे। वही समाचार संकलन कर प्रकाशित करने के उपरांत सीआरपी द्वारा दबंगई दिखाते हुए जान से मारने की धमकी देकर थाना में आवेदन देते हुए रंगदारी मांगे जाने की बात कही है। बताते चलें कि ग्रामीणों द्वारा तालाबंदी करने के उपरांत जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा चुरचू प्रखंड के बीईओ नागेश्वर सिंह को जांच के लिए भेजा गया था।

वही मामले की गंभीरता को देखते हुए बड़कागांव पत्रकार संघ के उपस्थिति में पत्रकार बिलाल सगीर एवं मोहम्मद वकार ने सीआरपी तनवीर अख्तर के विरुद्ध बड़कागांव थाना में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है व जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। वही मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रेस क्लब हजारीबाग में अग्रतर कार्रवाई की बात कही है। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार उग्रसेन गिरी, पत्रकार दीपक सिन्हा, पत्रकार उमेश कुमार दांगी, नरेश कुमार, विकास रंजन, रितेश ठाकुर, रियासत हसन, पिंटू कुशवाहा, अमित कुमार मालाकार, रेहान फ़ज़ल, आनंद कुमार, सुनील कुमार साहू, सज्जाद राही, हरिश्चंद्र कुमार, आशीष कुमार के अलावा बड़कागांव प्रखंड के अन्य पत्रकार गण मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# पिपरवार में सीआईएसएफ ने पैदल मार्च कर चलाया छापेमारी

## कोयला तस्करी एंव चोरी की घटना के रोकथाम को लेकर किया पैदल मार्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कोयला खदानों की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ पिपरवार युनिट के द्वारा कोयलांचल क्षेत्र के अलग-अलग जगह पर पैदल मार्च कर व्यापक स्तर पर छापेमारी अभियान चलाया।सीआईएसएफ कमांडेड संदीप कुमार एस. के निर्देश पर डिप्टी कमांडेड उपेंद्र सिंह के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया।इस दौरान सीआईएसएफ के पदाधिकारी और जवानों ने क्षेत्र में संचालित रेलवे साइडिंग एवं ट्रांसपोर्टिंग मार्ग के अगल-बगल स्थानो के पर पैदल मार्च किया।इस दौरान संदिग्ध स्थिति में मिलने वाले लोगों से कड़ी पूछताछ की गई।अभियान से पूर्व डिप्टी कमांडेड उपेंद्र सिंह के द्वारा अधिकारियों और जवानों को



कई दिशा निर्देश दिए गए।इस संबंध मे डिप्टी कमांडेड उपेंद्र सिंह ने बताया कि सीसीएल के पिपरवार और खलारी कोयलांचल क्षेत्र में समय समय पर सीआईएसएफ के द्वारा इस तरह का अभियान लगातार चलाया जाता रहा है।अभियान के दौरान कई बार सफलता भी मिली है। उन्होंने बताया कि रेलवे साइडिंग से कोयला चोरी सहित अन्य प्रकार की चोरी की घटनाओं के रोकथाम को लेकर सीआईएसएफ के द्वारा यह अभियान चलाया गया है।चोरों के द्वारा कोयला चोरी कर उसे जंगलों में छुपा कर रखने की सूचना मिल रही थी,ऐसे मे आसपास के जंगली इलाकों में भी पैदल मार्च कर इसकी जानकारी ली गई।उन्होंने कहा कि कोयला तस्करी और अन्य प्रकार की चोरी की घटनाओं के रोकथाम को लेकर सीआईएसएफ के द्वारा इस तरह का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। पैदल मार्च सह छापेमारी अभियान में मुख्य रूप से सीआईएसएफ के उप कमांडेंड उपेंद्र सिंह,निरीक्षक संतोष नेगी,सरफराज आलम,सूचना विभाग के सब इंस्पेक्टर डीके चौधरी,प्रधान आरक्षक भगवान सिंह एवं आरके पटेल सहित 50 अन्य बल सदस्य शामिल थे।

## 2027 तक 10 मिलियन विक्रेताओं को डिजिटल बनाने का मीशो ने रखा लक्ष्य

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंटरनेट कॉमर्स को जन समूह तक पहुँचाने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए भारत के एकमात्र टू ई-कॉमर्स मार्केट प्लेस, मीशो ने 2027 तक 10 मिलियन छोटे व्यवसायों को ऑनबोर्ड कर उन्हें ऑनलाइन सफलता प्रदान करने के अपने दूरदर्शी लक्ष्य की घोषणा



की।।इससे जमीनी स्तर पर जाकर एसएमबी को समर्थ बनाने की मीशो की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य मीशो के मौजूदा 1.3 मिलियन विक्रेता आधार को बढ़ाकर 10 गुना कर देगा। साथ ही 40 लाख से कम वार्षिक टर्नओवर वाले छोटे, मध्यम और स्थानीय उद्यमों को डिजिटल वाणिज्य के दायरे में लाकर उन्हें नये अवसर प्रदान करेगा। यह पहल 40 लाख से कम वार्षिक टर्न ओवर वाले व्यवसायों को ऑनलाइन बिक्री पर लगने वाले अनिवार्य जीएसटी से राहत देने के भारत सरकार के निर्णय के अनुरूप भी है।रेडसीयर की रिपोर्ट के अनुसार भारत में अनुमानतः 85 मिलियन एमएसएमई हैं, जिनमें से ऑनलाइन बाज़ार में केवल 1.5 मिलियन ही काम करते हैं। इस बड़े अंतर से इस क्षेत्र में अपार संभावनाएँ प्रदर्शित होती हैं। इन संभावनाओं द्वारा देश के हर कोने में मौजूद छोटे से छोटा विक्रेता भी ई-कॉमर्स क्रांति में हिस्सा लेकर अपना व्यवसाय बढ़ा सकता है। मीशो पर नये विक्रेताओं के पंजीकरण में एक बड़ी संख्या में विक्रेता जीएसटी पंजीकरण के चरण में लड़खड़ा जाते हैं। इसलिए मीशो जीएसटी नियमों में दी गई इस राहत का लाभ उन माइक्रो और स्मॉल उद्यमों को देकर उन्हें अपना ऑनलाइन सफ़र शुरू करने में मदद करना चाहता है। इस रणनीतिक बदलाव से गृहणियों, बुटीक मालिकों और मॉम एंड पॉप स्टोर्स तक विशाल उद्यमियों का एक नया दौर शुरू होगा। मीशो के सीईओ और संस्थापक, विदित आत्रे ने कहा,2027 तक अपने प्लेटफॉर्म पर 10 मिलियन विक्रेता लाने की हमारी प्रतिबद्धता इंटरनेट कॉमर्स को पूरे जान समूह तक पहुँचाने के हमारे मिशन का प्रमाण है।

## सिल्ली थाना कैंपस में एस आई एस सिक्योरिटी गार्ड बहाली हेतु कैंप लगा

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली थाना कैंपस मे बुधवार को एस आई एस के पतरास भेंगरा के द्वारा सिक्योरिटी गार्ड का बहाली लिया गया। सिक्योरिटी गार्ड का चयन में सिक्योरिटी गार्ड के लिए आठ युवकों को और सुपरवाइजर के लिए एक युवक का चयन किया गया। एस आई एस के पतरास भेंगरा ने बताया कि सफल उम्मीदवारों का ट्रेनिंग जमशेदपुर गम्हरीया तथा गढ़वा में प्रशिक्षण युनिट के लिए भेजा जाएगा। गम्हरिया में 45 दिन और गढ़वा में 15 दि प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## बिजली की लचर व्यवस्था से परेशान उपभोक्ता आंदोलन के मूड में

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मुरी एवं आसपास के इलाके में बिजली की लचर व्यवस्था से लोग परेशान है। विजली की इस लचर व्यवस्था को ले कर लोगों का आक्रोश बढ़ रहा है। लोग आंदोलन के मूड में है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली 10 मीनट के लिए आती है फिर घंटो गायब रहती है। जिससे इनवर्टर भी चार्ज नहीं हो पाता है। अक्सर बगैर हवा पानी के ही बिजली काट दी जाती है। बिजली के कारण सभी तरह के काम काज ठप हो गया है। बिजली कब आएगी यह बताने वाला भी कोई नहीं है विभाग के जेई भी सिल्ली में कभी कभार ही आते है। उपभोक्ताओं ने बिजली व्यवस्था जल्द दुरुस्त करने की मांग की है। इस संबंध में सिल्ली सब स्टेशन के स्विच ऑपरेटर रामदेव डोंगो ने कहा कि मेंन लाइन में फोल्ट के साथ-साथ टाटीसिलवे ग्रिड से विद्युत की आपूर्ति भी कम की जा रही है जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है। इन समस्याओं की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है।

## होटल संचालक की आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली ब्लॉक चौक स्थित राजधानी होटल के संचालक दुर्गा चरण कोईरी( 80 ) की हृदय गति रुक जाने से बुधवार को प्रातः 7 बजे निधन हो गई। जिससे आसपास क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके होटल से कोई भी गरीब एवं आशाहाय लोग भूखे पेट वापस नहीं लौटते थे । उनके पुत्र ने बताया कि मंगलवार को देर शाम खाना खाकर पिताजी सोने चले गए थे। अचानक बुधवार तड़के 3 बजे वह अपने आप को बेचैनी महसूस करने लगे। जिससे तुरंत मुरी स्थित सिंहपुर नर्सिंग होम में इलाज के लिए ले जाया गया जहां इलाज के क्रम में प्रातः 7 बजे उनका निधन हो गया। मुरी स्थित स्वर्णरेखा नदी घाट में उनके पुत्र सनातन कोईरी ने मुखननि दे कर उनका अंतिम संस्कार किया। उनके निधन पर विधायक सुदेश कुमार महतो, गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बढ़ाइक, आजसु प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र करमाली, भरत देव साय, मनोज कुमार कोईरी, कांग्रेस ग्रामीण उपाध्यक्ष नागेंद्र गोस्वामी, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो आदि ने शोक व्यक्त की है

## ट्रक पलटा कोई हताहत नहीं

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची पुरुलिया मार्ग पर रांची की ओर से मुरी हिंडालको जा रहा एक 407 ट्रक बुधवार को किता के पास पलट गया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। इस ट्रक पर हिंडालको के लिए कुछ सामान लोड है। चालक ने बताया कि आगे आगे एक



स्विफ्ट कार जा रही थी जो अचानक ब्रेक लगा दिया, उसे बचाने के क्रम में ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से बाहर आकर पलट गया। किसी को भी चोट नहीं लगी है। समाचार लिखे जाने तक ट्रक को उठाने का प्रयास किया जा रहा था।

## पद्मश्री डॉ रामदयाल मुण्डा एक झारखण्ड एवं आदिवासी समाज के महान व्यक्ति थे : विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** खिजरी विधायक राजेश कच्छप के आवास में खिजरी विधायक राजेश कच्छप एवं कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने पद्मश्री डॉ रामदयाल मुण्डा के जन्म दिवस पर ने माल्यार्पण कर मनाया। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि पद्मश्री डॉ रामदयाल मुण्डा एक झारखण्ड एवं आदिवासी समाज के लिए एक महान विद्वान व्यक्ति थे। पद्मश्री डॉ रामदयाल मुण्डा एक विचारक, चिंतक, साहित्यकार, संस्कृतिकर्मी और सामाजिक आंदोलन के प्रणेता थे। डॉ मुण्डा केवल शिक्षा विद और समाजशास्त्री ही नहीं बल्कि एक प्रबुद्ध रचनाकार भी थे। मुंडारी, नागपुरी, पंचपरगनिया जैसे आदिवासी और क्षेत्रीय भाषाओं के साथ-साथ हिंदी और अंग्रेजी में भी गीत-कविताओं के अतिरिक्त गद्य साहित्य में भी रचना की है। कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि डॉ रामदयाल मुण्डा एक झारखण्ड और आदिवासी समाज के महान व्यक्ति थे।

# आगामी लोहरदगा लोकसभा सीट में कांग्रेस की जीत होगी : साजन कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय स्थित विधायक कार्यालय में बुधवार को कांग्रेस पार्टी का मांडर विधानसभा स्तरीय लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत् बैठक किया गया। रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में बैठक में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के बारे विस्तार से जानकारी दिया गया। कांग्रेस मांडर विधानसभा क्षेत्र एल डी एम कोऑर्डिनेटर साजन कुमार ने कहा कि प्रखंड, पंचायत और बूथ स्तर में सेवा भाव से काम करने वाले एससी एसटी, अल्पसंख्यक वर्ग के सक्रिय सदस्यों को आगे लाना है। उन्हें पार्टी में उचित स्थान देकर लीडर के रुप में उन्हें आगे करना है। वैसे कार्यकर्ता जो सेवा भाव से पार्टी व ग्रामीणों के लिए काम करते हैं। उन्हें जोड़कर हमलोगों ने संगठन का विस्तार किया है आने वाले दिनों में संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे और आगामी लोहरदगा लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित दिलाने का काम करेंगे। बैठक में सभी प्रखंड अध्यक्षों को जल्द अपनी कमिटि बनाने का निर्देश दिया गया। साथ ही झारखंड के गठबंधन सरकार द्वारा चलाये जा रहे लाभकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक



पहुंचाने को कहा गया। इससे हम मजबूत होंगे और आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में जीत हासिल कर सकते है। हमारे नेता राहुल गांधी सदन में गरीबों की आवाज बनते है तो आप उनके नक्शे कदम में चलते हुए क्षेत्र के गरीबों की आवाज बनते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूत करें । मौके पर मौके पर मजकुर आलम सिद्दीकी, मोदस्सीर हक, प्रखण्ड अध्यक्ष करमा उरांव, इटकी प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, मंडल अध्यक्ष अब्बूमाज अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष लापुंग मांगा उरांव, नवल किशोर सिंह, अब्बास अंसारी, महीला अध्यक्ष इटकी फ्रॉसंसिका केरकेट्टा, अहमद अंसारी, ईर्फुद्दीन मिरदाहा, सुदामा महली, सेराफिना, भीम राम, पंचू उरांव सहित कई कांग्रेस कायकर्ता मौजूद थे।

### डी ए वी खलारी में विद्यार्थियों को दी गई करियर संबंधित जानकारी

# कोई भी असफलता हमारे जीवन का मूल्यांकन नहीं हो सकती : ज्योति कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** डी ए वी स्कूल खलारी में सीसीएल एनके एरिया के स्टाफ ऑफिसर पर्सनल ज्योति कुमार ने बच्चों को करियर से संबंधित मोटिवेशनल काउंसलिंग दी. कुमार ने 11वीं के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी सबसे पहले अपना लक्ष्य निर्धारित करें और उसी के अनुसार प्रयास करें. वे अनावश्यक दबाव में नहीं रहें एवं चुनौती पूर्ण लक्ष्य का चुनाव करने में हिचकें नहीं . विद्यार्थी स्वयं पर सर्वाधिक विश्वास रखें .कहा कि अपनी शक्ति पर विश्वास रखें .स्वयं को किसी से हीन नहीं समझें .बड़ों से मार्गदर्शन अवश्य लें और उसके अनुसार काम करें .श्री ज्योति ने आगे बताया कि विद्यार्थी अपनी अंतर्निहित शक्ति को पहचानें . आगे उन्होंने कहा कि स्वयं को दूसरों से हीन समझना पाप है . जीवन में आने वाली बाधाओं को जानें और उन्हें अपनी योग्यता से परास्त करें . व्यक्तिगत ताकत के साथ-साथ समूह के महत्व को भी समझें . उन्होंने कहा कि आप इस पृथ्वी पर अद्वितीय हैं .मेहनत करने के बावजूद आपका प्रदर्शन अच्छा नहीं होता तो हतोत्साहित नहीं हों . एक असफलता आपके जीवन का मूल्यांकन नहीं हो सकता . कुमार ने बच्चों को बताया की पढ़ते समय आप अपने शरीर, दिमाग एवं चरित्र का भी ध्यान रखें और ध्यान मग्न होकर मेहनत करें .ऐसा करके ही आप अपने लक्ष्य को पा सकते हैं . आज के समय में तकनीक में आने वाली अनेक संभावनाएँ छिपी हैं .किसी भी चीज मोबाइल आदि की लत सही नहीं है . उपस्थित विद्यार्थियों को नोडल ऑफिसर निखिल अखोरी ने भी मार्गदर्शन दिया . उन्होंने बच्चों से इंजीनियरिंग, मेडिकल आदि से हटकर भी कई ऐसे क्षेत्रों के बारे में चर्चा की जिनके बारे में बच्चे अनजान थे . उन्होंने 12वीं के बाद नए क्षेत्रों से विद्यार्थियों को अवगत कराया . इससे पहले विद्यालय पहुँचने पर प्राचार्य डॉ. कमलेश कुमार ने दोनों अधिकारियों को बुके देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया . दोनों अधिकारियों ने प्राचार्य के साथ विद्यालय में आयोजित साप्ताहिक हवन में भी भाग लिया .प्राचार्य ने ज्योति कुमार एवं निखिल अखोरी का धन्यवाद किया।

## ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट ने पिपरवार के राजधर मे चलाया सर्वे अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट के सदस्यो ने पिपरवार क्षेत्र के बहेरा पंचायत के राजधर गांव मे सर्वे अभियान चलाया।इस दौरान ट्रस्ट के सदस्यों ने गांव का भ्रमण कर गांव की मूलभूत समस्याओं की जानकारी ली।बहेरा पंचायत के राजधर गांव मे सर्वे अभियान चलाया।इस दौरान नवसृजित प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया,जहां शिक्षको की कमी सहित कई समस्या उजागार हुई।वही गांव के वृद्ध बीमार और लाचार लोगों की सूची बनाई गई।जबकि गांव के बेरोजगार युवाओं का भी सूची तैयार किया गया।इस संबंध में ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि ट्रस्ट के सदस्य गांव-गांव घूमकर गांव के बीमार लोगो की सूची बनाई जा रही है,जिसके बाद बीमार लोगों के इलाज के लिए ट्रस्ट के द्वारा सहयोग किया जाएगा।इसके अलावा गांव के बेरोजगार युवाओं की भी सूची बनाकर उन्हें क्षेत्र में संचालित कंपनियों में रोजगार दिलाने में मदद करने का काम करेगा।वही गांव में अन्य मूलभूत समस्याओं की भी जानकारी ली जा रही है, जिसे ट्रस्ट के द्वारा समस्याओं



का समाधान करने का काम किया जाएगा।ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि राजधर स्कल में करीब 150 स्कूली बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे है और स्कूल मात्र एक शिक्षक के सहारे चल रहा है।स्कूल की स्थिति भी काफी बदहाल है।छत और भवन जर्जर होने से हादसे का डर लगा रहता हें।ऐसे मे ट्रस्ट ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मिलकर समस्या से अवगत कराने का निर्णय लिया है।इस मौके पर जाहिद अली,सोनू कुमार गुप्ता,राजकुमार राम,अरविंद पासवान,दिनेश राम,अमित राम,देवेंद्र कुमार,शिव शंकर गंझु,विकास उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

# एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में बुधवार को गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई गई. विद्यालय के सचिव जामवंत सिंह एवं प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर नाथ तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं तुलसी दास जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस दौरान विद्यार्थियों के बीच भाषण एवं गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई. भाषण प्रतियोगिता अंतर्गत तुलसी दास जी की जीवनी एवं उपदेशों पर प्रकाश डाला गया.जबकि गायन प्रतियोगिता के अंतर्गत तुलसीदास द्वारा रचित रामायण के दोहे एवं चौपाई गाकर प्रस्तुत किया



गया. विद्यालय सचिव जामवंत सिंह ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से कहा कि धर्म दया भावना से उत्पन्न होती है और अभिमान तो केवल पाप को ही जन्म देता है. मनुष्य के शरीर में जब तक प्राण है तब तक दया भावना कभी नहीं छोड़नी चाहिए. वहीं प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर नाथ तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि ज्ञान, विनम्रता पूर्वक व्यवहार, विवेक, साहस, अच्छे कर्म, आपका सत्य और भगवान का नाम यह चीज मुश्किल वक्त में मनुष्य का साथ देती है. कार्यक्रम में विद्यालय सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व में अवैद्य खनन के रोकथाम की दिशा में संबंधित अधिकारियों द्वारा किये कार्रवाई की समीक्षा की गई। मौके पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।। समीक्षा के दौरान उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को जिले में अवैद्य खनन के स्थलों को चिन्हित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान विशेष रूप से अवैध खनन के बावत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा, वन क्षेत्रों में होने वाले अवैध खनन की रोकथाम हेतु आवश्यक कारवाई की समीक्षा हुई। सभी अंचलाधिकारी द्वारा संबंधित अंचल में की गई अवैध खनन/परिवहन की गई कारवाई की समीक्षा के क्रम में उन्होंने निर्देश दिए कि एक महीने में की गई कारवाई की विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाय। इसमें सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं संबंधित रेंजर की जिम्मेदारी तय की गई है। क्षेत्रीय पदाधिकारी, JSPCB, ष्ट्रह्ल से संबंधित आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा भी की गई।पूर्व में की गई कारवाई की समीक्षा के क्रम में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में अबतक कुल 60 मामलों में कारवाई की गई है, जिसमें कुल 67 वाहनों को जप्त किया गया है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**अग्रिम योजना प्रमण्डल, जल संसाधान विभाग**
**जल भवन, तीसरा तल्ला, कमरा संख्या-304**
**डोरण्डा, राँची**
E mail- ee.adv.plan.div.ranchi@gmail.com

शुद्धिपत्र सं0– 01/2023–24 राँची, दिनांक :–22.08.2023

**शुद्धिपत्र (Corrigendum)**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–192, दिनांक–18.08.2023 द्वारा निर्गत ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0(EOI No.) –01/2023–24, PR 304897 Water Resource(23-24)#D द्वारा प्रकाशित ई–निविदा (EOI) को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

ह0/–

PR 304897 Water Resource(23-24)#D कार्यपालक अभियंता

PR305294 (Water Resource)23-24*D अग्रिम योजना प्रमण्डल, राँची



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

(लापता प्रमिला देवी उम्र–24 वर्ष, प्रितम कुमार उम्र–04 वर्ष, संध्या कुमारी उम्र–02 वर्ष)



मेराल थाना सनहा सं0–17/2023, दिनांक–17.08.2023 में लापता महिला प्रमिला देवी पति–अनिल चौधरी, ग्राम+पो0–हासनदाग, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाली है। जो दिनांक–06.08.2023 को मेराल SBI Bank में पैसा निकासी नाम पर अपने पुत्र प्रितम कुमार उम्र–04 वर्ष, एवं लडकी संध्या कुमारी, उम्र–02 वर्ष, को लेकर आयी थी। अभी तक वापस घर नहीं आयी है। इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता महिला प्रमिला देवी, एवं पुत्र प्रितम कुमार एवं बेटी संध्या कुमारी के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया:–**

नाम– प्रमिला देवी, पति–अनिल चौधरी, ग्राम–हासनदाग, रंग– गोरा, लम्बाई– लगभग 5 फीट, पहनावा– साड़ी पीला रंग

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 305315 Police(23-24)#D



**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर निगम कार्यालय पत्रांक 333/सा॰प्र॰, दिनांक 30.01.2021 के द्वारा प्रकाशित विज्ञापन शुल्क में आंशिक संशोधन किया जाता है, साथ ही Jharkhad Local Bodies Advertisement Regulation] 2017 के प्रावधानों के अंतर्गत किसी भी विज्ञापन हेतु Outdoor Media Device (OMD) अधिष्ठापन के निमित संबंधित विज्ञापान दाता यथा व्यक्ति/एजेन्सी को नगर निगम अंतर्गत निबंधन अनिवार्य होगा। नगर निगम कार्यालय द्वारा संशोधित विज्ञापन शुल्क एवं निबंधन शुल्क हेतु निम्न तालिका निर्धारित की गई है:–

| Sl. No. | Type of Advertisement | Non. Government Land (For Agency) | Non.Govt. Land (For Individual) |
|---|---|---|---|
| 1 | Advertising Hoarding/ Bill Board/Building Board/Advertisement on commercial Building | 1) Rate:- Rs. 72 /- Per sq. ft. Per year<br>2) Registration fee: - Rs. 25,000/- per year<br>3) Time Period:- Maximum 5 Year | 1) Rate:- Rs. 72/- per. sq.ft. Per Year.<br>2) Registration fee:-Rs. 108 /-Per. Sq. ft. Per Year (Each Hoarding)<br>3) Time Period:- Maximum 5 Year |

**निबंधन एवं विज्ञापन की प्रक्रिया:–**

1. नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विज्ञापन लगवाने वाले व्यक्ति अपने विज्ञापन शुल्क एवं निबंधन शुल्क का भुगतान निगम द्वारा प्राधिकृत ऐजेन्सी मेसर्स रितिका प्रिन्टेक प्रा॰लि॰, शाखा जुलु पार्क में जमा कराऐंगें।
2. विज्ञापन हेतु निबंधन कराने वाली ऐजेंसी को JLBAR–2017 के प्रावधानों के आलोक में Annexure 1 (अनुलग्नक–1) में आवेदन सभी दस्तावेजों की स्वयं अभिप्रमाणित प्रति सहित उपरोक्त निबंधन शुल्क की राशि DD/Cheque के माध्यम से नगर आयुक्त नगर निगम हजारीबाग के नाम से निगम कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
3. निबंधन हेतु आवेदन प्राप्ति के 30 दिनों के अन्दर नियमानुसार निबंधन की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए अर्हताधारी को Annexure 2 (अनुलग्नक–2) अंतर्गत प्रदान करते हुए निबंधन संख्या आवंटित की जाएगी।
4. विज्ञापन प्रदर्शन हेतु विज्ञापन पटट्/होर्डिंग/बिल बोर्ड इत्यादि के अधिष्ठापन हेतु संबंधित विज्ञापन एजेंसी द्वारा Annexure 3 (अनुलग्नक–3) के माध्यम से नगर निगम कार्यालय को आवेदन समर्पित किये जाऐगे।
5. JLBAR–2017 के प्रावधानानुसार Annexure 3 (अनुलग्नक–3) अंतर्गत OMD के स्थल की विस्तृत विवरणी यथा मापी, Locality Plan, GPS Photographs अन्य इमारतों/सडकों से दुरी, की प्रति समर्पित करना अनिवार्य है।
6. विज्ञापन कार्य हेतु इच्छुक एजेन्सी नगर निगम कार्यालय से आवेदन प्रपत्र Annexure–1 (अनुलग्नक–1), Annexuure–3 (अनुलग्नक–3) एवं विभिन्न विज्ञापन माध्यमों की विस्तृत सूची (Typology Discreption) Annexure–5 (अनुलग्नक–5) प्राप्त कर सकते हैं।
7. इस सबंध में पूर्व से अधिसूचित विज्ञापन दरों को इस हद तक संशोधित समझा जाए।
8. भविष्य में नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार अथवा केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में बनाये गये नियम/विनयम एवं दिये गये निर्देशो का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
9. उपरोक्त निदेर्शो का अनुपालन नही किये जाने की स्थिति में संबंधित विज्ञापनदाता व्यक्ति/ऐजेन्सी के विरूद्व झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 एवं Jharkhand Local Bodies Advertisement Regulation, 2017 की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
10. उपरोक्त सभी प्रावधान तत्काल प्रभाव से लागू किये जाते है।

प्रशासक
नगर निगम हजारीबाग।

PR.NO.305295 Urban Development and Housing(23-24):D

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## ट्रैक्टर के कुचलने से छात्र की मौत, विरोध में सड़क जाम

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को एक सड़क हादसे में देव (11) नामक एक छात्र की मौत हो गई। छात्र अपनी बड़ी माँ को टिफीन देकर लौट रहा था। तभी गोविंदपुर थाना के लाल बंगला स्थित अपर्णा स्कूल के पास सड़क पार करने के क्रम में वह टीएमटी लदे ट्रेक्टर की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई।मृत छात्र लाल बंगला का ही रहने वाला था। वहीं घटना के बाद गुस्साए लोगों ने धनबाद-गोविंदपुर मुख्य मार्ग को जाम कर मुआवजे और कार्रवाई की मांग करने लगे। जिससे घंटो तक धनबाद-गोविंदपुर मुख्य सड़क पर यातायात बंद रहा। इसके बाद मौके पर पहुंची गोविंदपुर थाना की पुलिस ने अथक प्रयास के बाद लोगों को समझा कर शांत कराया और सड़क जाम हटवाया। फिलहाल पुलिस ने छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## आरपीएफ ने रेलवे टिकट दलाल को किया गिरफ्तार, 11 हजार रुपये का टिकट बरामद

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेलवे सुरक्षा बल गोमो तथा सीआईबी धनबाद के द्वारा संयुक्त टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी क्रम में चंद्रपुरा से एक टिकट दलाल को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से लगभग 11 हजार रुपए का टिकट बरामद हुआ। इसकी जानकारी मंगलवार को रेलवे सुरक्षा बल धनबाद डिवीजन के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। इसमें बताया गया कि युवक की पहचान मोहम्मद आशिफ के रूप में हुई है। जिसे आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

## सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती का आयोजन

**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में भारतीय संस्कृति के महानायक गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ ,तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा एवं विद्यालय के संस्कृत आचार्य अजय कुमार पांडे ने गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। अपने उद्बोधन में विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि संकल्प से ही सिद्धि प्राप्त होती है। गोस्वामी जी ने सांसारिक कष्टों को झेलते हुए भी अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति, संकल्प एवं भगवान राम के प्रति आस्था रखते हुए संसार का सबसे बड़ा महाकाव्य रामचरितमानस की रचना की। यही नहीं उन्होंने इसके साथ-साथ अनेक ग्रंथों की रचना की जो आज भी भटकती हुई मानवता का मार्गदर्शन कर रही है।

## परांचिडिह के आशीष कुमार का हिम वीर में हुवा चयन

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत मलुवाटांड पंचायत के परांचिडिह गांव के आशीष कुमार का हिम वीर (आईटीबीपि) में चयन हुवा है। आशीष के चयन होने पर गांव सहित पंचायत के लोग बधाईया दे रहे है वही आशीष कुमार ने इसका श्रेय अपने माता पिता और शिक्षकों को दिया। आशीष कुमार के पिता रामप्रसाद वर्मा मध्यम वर्ग परिवार से आते है। आशीष कुमार पिछले चार साल से हजारीबाग में रहकर पढाई कर रहा था जहा एस एस सी के मध्यम से विज्ञापन प्राप्त कर नवंबर 2022 में आवेदन किया था। आवेदन के बाद लिखित परीक्षा पास करने के बाद लगातार दौड़ लगाकर भौतिक परीक्षा पास कर लिया वही कुछ दिन बाद मेडिकल जाँच में भी पास कर लिया था। 20 अगस्त को फ़ाइनल लिस्ट प्रकाशित हुवा जिसमे अंतिम रूप से आशीष कुमार को चयन कर लिया गया। आईटीबीपि सेना का वो कमांडो है जो हिमालय पर सबसे कठिन सीमाओं को दुर्गम परिस्थितियों में सुरक्षित रखते हुए राष्ट्र की सुरक्षा के लिए तैनात रहते है। खाश करके यह सेना भारत-तिब्बत सीमा पर बर्फ से ढके पहाड़ो पर रहकर देश की सुरक्षा करते है। भारत-चीन सीमा की निगहबानी करना कितना कठिन है। लद्दाख से लेकर अरुणाचल तक कई ऐसी जगहें हैं, जहां पर सालभर बर्फ जमी रहती है इस बर्फ़ीले बंजर में जिन इंसानी कदमों की आहट गूंजती है, वो आईटीबीपि के इन हिमवीरों की होती है।

## न्यू गिरिडीह और राँची के मध्य नए मेल एक्सप्रेस गाड़ी का परिचालन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर न्यू गिरिडीह और राँची के मध्य न्यू गिरिडीह - राँची गाड़ी का परिचालन किया जाएगा। इस गाड़ी का उद्घाटन दिनांक 12.09.23 को 10.00 बजे न्यू गिरिडीह स्टेशन से रांची स्टेशन के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 03309 के रूप में किया जाएगा। ये गाड़ी न्यू गिरिडीह से खुलकर जमुआ, धनवार, महेशपुर हॉल्ट, कोडरमा, हज़ारीबाग टाउन, बरकाकाना, मेसरा, टाटीसिलवे होते हुए राँची को जाएगी। उक्त जानकारी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमरेश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

## दानापुर-बेंगलूरु एसी स्पेशल की परिचालन अवधि में वृद्धि

**हाजीपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु दानापुर और एसएमभीवी बेंगलूरु के मध्य गाड़ी सं. 03241/03242 दानापुर-एसएमभीवी बेंगलुरू-दानापुर एसी सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा हेतु इस स्पेषल ट्रेन के परिचालन अवधि में वृद्धि की जा रही है ।गाड़ी संख्या 03241 दानापुर-एसएमभीवी बेंगलूरु एसी सुपरफास्ट स्पेषल विस्तारित अवधि 29.09.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को दानापुर से 15.00 बजे खुलकर 15.29 बजे आरा, 16.20 बजे बक्सर, 18.20 बजे पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए रविवार को 13.00 बजे एसएमभीवी बेंगलूरु पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 03242 एसएमभीवी बेंगलूरु-दानापुर एसी सुपरफास्ट स्पेषल विस्तारित अवधि 01.10.2023 तक प्रत्येक रविवार कोएसएमभीवी बेंगलूरु से 23.25 बजे खुलकर मंगलवार को 18.20 बजे पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., 19.45 बजे बक्सर, 21.15 बजे आरा रूकते हुए 23.30 बजे दानापुर पहुंचेगी ।

## हावड़ा-गया एक्सप्रेस का तीनपहाड़ स्पेशल पर ठहराव

**हाजीपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 23.08.2023यात्रियों की सुविधा के लिए दिनांक 25.08.2023 से हावड़ा और गया के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 13023 हावड़ा-गया एक्सप्रेस का मालदा टाउन मंडल के अंतर्गत तीनपहाड़ स्टेषन पर प्रायोगिक तौर पर एक मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है । यह गाड़ी 25.08.2023 से 01.56 बजे तीनपहाड़ स्टेषन पहुंचेगी तथा 01.57 बजे प्रस्थान करेगी ।

# गिरिडीह भाजपा पूर्व विधायक निर्भय शाहबादी के घर ईडी का छापामारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** शराब घोटाले मामले में बुधवार को इडी ने बड़ी करवाई की है। ईडी ने रांची , देवघर , धनाबद , दुमका समेत गिरिडीह में कुल 32 ठिकाने पर छापेमारी की है। मिली जानकारी के अनुसार गिरिडीह के पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहबादी के मकतपुर डॉक्टर लेंन स्थित आवास में ईडी की छापेमारी चली। छापामारी की करवाई सुबह में ही शुरू हुई और काफी देर तक लोग



इससे अंजान रहे । जानकारी के अनुसार दो इनोवा गाड़ी में इडी के अधिकारियों की टीम आयी है। साथ ही पूर्व विधायक घर के बाहर सीआरपीएफ के जवान तैनात दिखे।

ईडी के इस करवाई से भाजपा नेताओं ओर शराब कारोबारी व जमीन करोबारी में हड़कंप मचा हुआ है। वही सूत्रों के मिली जानकारी के अनुसार शराब घोटाले की किंग पिन योगेंद्र तिवारी के साथ पूर्व विधायक के कुछ रिश्तेदार सिंडिकेट में शामिल होने की बात आई है।

## अब तक के सबसे बड़े मोदी सरकार के महाघोटाले का पर्दाफाश : सतपाल सिंह ब्रोका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि देश कि ऑडिट करने वाली संस्था कैग ने मोदी सरकार पर गंभीर महा घोटाला का आरोप लगाया है इस पर प्रधानमंत्री चुपी कब तोड़ेंगे द्वारका एक्सप्रेस-वे सड़क बनाने में 18 करोड़ प्रति किलोमीटर स्वीकृत लागत थी जो 14 गुना बढ़कर (250)ढाई सौ करोड रुपए प्रति किलोमीटर हो गई कि भारी धांधली भ्रष्टाचार उजागर किया है। कैग ने ?आयुष्मान भारत में मृत लोगों को जीवित दिखाकर भुगतान और एक ही नंबर से 7.15 लाख लाभार्थियों के



जुड़े होने का फर्जीवाड़ा उजागर किया है कैग ने टोल नियमों के उल्लंघन का खुलासा करते हुए बताया कि एन एच ए आई ने गलत तरीके से यात्रियों से 132 करोड रुपए की वसूली किया कैग ने हल पर विमान इंजन के डिजाइन प्रोडक्शन में खामियों का गंभीर आरोप लगाया है।

## संकल्प यात्रा के जनसभा को सफल हेतू बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा का जनसभा 06.09.2023 को ठाकुरबाड़ी मैदान में सफल बनाने को लेकर भाजपा सरिया प्रखंड के दोनो भाजपा मंडल के जैन धर्मशाला सरिया में पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो की उपस्तिथि वरिष्ठ कार्यकर्ता,पदाधिकारीयों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। पूर्व विधायक ने बताया की इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष के आहुत संकल्प यात्रा में बगोदर विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों से प्रत्येक बूथों से सैकड़ों कार्यकर्ताओ को यात्रा में शामिल होने को लेकर विचार विमर्श किया गया। संकल्प यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को जुट जानें का आह्वान किया गया। इस बैठक की



अध्यक्षता सरिया मंडल अध्यक्ष अजय यादव, संचालन कोइरोडीह मंडल अध्यक्ष पवन पांडेय ने किया।इस बैठक में प्रमुख रूप से जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव,कार्यक्रम, कार्यक्रम प्रभारी सह जिला प्रशासन सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा, भाजपा वरिष्ठ नेता नकुल मंडल,जिला परिषद सांसद प्रतिनिधि नारायण पांडेय, जिला प्रमुख प्रतिनिधि रंजीत मंडल, जिला परिषद प्रतिनिधि हरिहर मंडल, जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा फागू पंडित, महामंत्री पवन मंडल, पूर्व प्रमुख रामपति वर्मा, महामंत्री धीरन पासवान, बब्लू मंडल नरेश रजक, सचिंद्र सिंह,अवध किशोर पांडेय,नंदकिशोर बर्नवाल, चिंतामणि मंडल,आदि थे।

# हैदराबाद से आए मरीज का धनबाद में हुआ सफल ओरल सर्जरी

### प्रसिद्ध डेंटिस्ट डॉ विकास कुमार ने किया ऑपरेशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** पाटलिपुत्र हॉस्पिटल के प्रमुख ओरल सर्जन डॉ विकास कुमार ने हैदराबाद से आये 12 वर्षीय मरीज का मंगलवार को सफल सर्जरी किया। मरीज की उम्र करीब 12 साल है और उन्हें हैदराबाद से डॉ विकास कुमार के पास रेफर किया गया था। मरीज को सांस लेने व खाना खाने में परेशानियां हो रही थी। डॉ विकास कुमार ने अपनी सूझबूझ और कार्य कुशलता का परिचय देते हुए इस



जटिल सर्जरी को करीब एक घंटा में पूर्ण किया। डॉ विकास के अनुसार धनबाद में सिटी स्कैन डायग्नोसिस लुड विग्स एनजाइना का सफल ऑपरेशन किया गया है। डॉ विकास कुमार ने बताया कि हैदराबाद से भेजे गए मरीज की स्थिति काफी चिंताजनक थी। मरीज को सांस लेने और खाने पीने में समस्या हो रही थी। एक घंटा की सर्जरी के उपरांत मरीज बिल्कुल स्वस्थ है तथा एक सप्ताह के बाद वो सामान्य रूप से खान पान भी करने लगेगा। इस सफल ऑपरेशन के लिये कई लोगों ने डॉ विकास कुमार को बधाई दी है।

## गिरिडीह में कुशवाहा महिला संघ द्वारा सावन महोत्सव का अगोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** बुधवार को गिरिडीह कुशवाहा संघ गिरिडीह की महिला इकाई के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में गिरिडीह के आशीर्वाद रिसोर्ट में कुशवाहा महिला सावन महोत्सव का आयोजन भव्य तरीके से किया गया। महोत्सव का शुभारंभ समाज की जिला परिषद की अध्यक्ष मुनिया देवी , कुशवाहा संघ के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र नारायण प्रसाद,महिला अध्यक्ष प्रीति भास्कर में दीप प्रज्वलंकर और सावित्रीबाई फुले लव कुश और जगदीश प्रसाद वर्मा के चित्र पर पुश अर्पित कर आरंभ किया। वही अतिथियों को बुके देखकर सम्मानित किया गया। साथ ही महोत्सव की खासियत तमाम महिलाएं पारंपरिक हर सर्दियों में और सावन के झूलों के साथ-साथ सेल्फी प्वाइंट के साथ आनंद लिया।

## प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना डुमरी के तैतिस पंचायत मे करेगी प्रचार प्रसार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डुमरी :** आइएनडीआइए गठबंधन समर्थित झामुमो के उम्मीदवार बेबी देवी के समर्थन में चुनावी प्रचार प्रसार हेतु बुधवार को चार वाहनों को बेरमो मोड़ स्थित पार्टी के चुनावी कार्यालय से उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी ने झामुमो पार्टी का झण्डा दिखाकर रवाना किया।बताया कि चारों वाहन डुमरी प्रखंड के सैंतीसों पंचायतों में भ्रमण कर उम्मीदवार के समर्थन में वोट करने की अपील करेगा।मंत्री सह उम्मीदवार बेबी देवी ने कहा कि वह अपने दिवंगत पति जगरनाथ महतो के द्वारा विधानसभा क्षेत्र में किये गये विकास के कार्यों के नाम पर वोट मांग रहे हैं और पूर्ण विश्वास है कि लोगों का आशीर्वाद उन्हें मिलेगा।वहीं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो राजू ने कहा कि प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में झामुमो को जनसमर्थन मिल रहा है।कहा कि प्रचार वाहन सभी पंचायतों में भ्रमण करेगा।कहा कि विकास के नाम पर हमसभी लोगों से वोट मांग रहे हैं। इस दौरान मंत्री प्रतिनिधि राजकुमार पांडेय बीस सूत्री अध्यक्ष डेगलाल महतो प्रमुख उषा देवी झामुमो नेता कैलाश चौधरी, बरकत अली, जलालुद्दीन अंसारी, संजय मेहता, सीताराम तुरी, सुमन सिन्हा,अखिलेश राणा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर मंडल आदि उपस्थित थे।

## चंद्रयान-3 की सफलता को लेकर हुआ हवन पूजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भारत का चंद्रयान-3 आज शाम 6ः04 बजे चन्द्रमा पर लैंड करेगा। चांद पर भारत को देखने के लिए भारतवासियों सहित पूरी दुनिया की नजर इसरो पर टिकी हुई है। वहीं दूसरी तरफ चंद्रयान-3 की सफलता पूर्वक लैंडिंग के लिए देश की कोयला राजधानी धनबाद में हवन पूजन भी किया जा रहा है।दरअसल हीरापुर के जेसी मल्लिक रोड स्थित माँ जगदम्बा दुर्गा मंदिर में भाजपा नेता सह जनता श्रमिक संघ के केंद्रीय सचिव मुकेश पांडे की अगुवाई में हवन पूजन कर माँ जगदंबा से चंद्रयान-3 की सफलता की कामना की गई। इस हवन पूजन में मिथलेश राम, विकास सॉ, राजाराम दत्ता, सरोज सुक्ला, संतोष सिंह, आसुतोष पांडेय, अखिलेश झा, उमेश सिंह, संजय मुखर्जी, विजय जी, सुरेश सॉ, बबलू यादव, सागर पांडेय, रंजीत प्रसाद, ओम सोनी, बंटी रिटोलिया सहित कई लोग शामिल हुए।

# दामोदर नदी में डूबने से 16 वर्षीय की मौत, दोस्तों के साथ गया था नहाने

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सुदामडीह :** सुदामडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बिरसा पुल के समीप अमलाबाद दामोदर नदी घाट पर नहाने के दौरान 16 वर्षीय किशोर की डूबने की खबर से सनसनी फैल गई। घटना मंगलवार 22 अगस्त के दिन करीब 1ः30 बजे की है। जानकारी के मुताबिक धनबाद के हीरापुर भिस्तीपाड़ा निवासी नंद किशोर यादव का 16 वर्षीय पुत्र, कक्षा 11 भोजूडीह इंटर कॉलेज का छात्र आयुष कुमार यादव अपने ही पड़ोस के दो साथी, अभिजीत मुखर्जी और प्रत्यूष साव के साथ दामोदर नदी मे नहाने आया था।नहाने के क्रम में आयुष नदी में डूब गया।



यह देख अभिजीत और प्रत्यूष डर कर वहां से भाग गए। अभिजीत ने घर जाकर यह बात अपने परिजनों को बताया। इस पर अभिजीत के पिता ने आयुष के पिता को फोन कर घटना की जानकारी दी। उसके बाद आयुष के पिता सुदामडीह थाना पहुंचे और बेटे की डूबने की बात पुलिस को बताई।पुलिस ने गोताखोरों के सहयोग से काफी खोजबीन की, लेकिन आयुष का पता नहीं चल सका।

## दिनेश्वर वर्मा कॉलेज ऑफ हायर एंड वोकेशनल एजुकेशन रेम्बा में नामांकन प्रारंभ, 31 तक होगा नामांकन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह(रेम्बा) :** दिनेश्वर वर्मा कॉलेज और हायर एंड वोकेशनल एजुकेशन रेम्बा में झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के स्टडी सेंटर के अंतर्गत रोजगार परक,पोस्ट डिप्लोमा,डिप्लोमा ,सर्टिफिकेट कोर्स का नामांकन शुरू हो गया है जो निम्नलिखित है ः सर्टिफिकेट इन मास कम्युनिकेशन, लीगल अवेयरनेस, मीडिया मैनेजमेंट, अमानत एवं सर्वे, रूरल डिवेलपमेंटडिप्मोला इन कंप्यूटर एप्लीकेशन , मैनेजमेंट, योग , उर्दू लैंग्वेज, हेल्थ सैनिटरी इंस्पैक्टर, नर्सरी टीचर ट्रेनिंग, रूरल मैनेजमेंट, डिजिटल मार्केटिंग , जी आई एस, बैंकिंग एंड इंश्योरेंस, पी जी डिप्लोमा इन मैनेजमैंट, एच आर , रूरल डेवलमेंट , इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी,




कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं अन्य कोर्सेज हेतु नामांकन जारी है जिसकी अंतिम तिथि 31 अगस्त तक है । कॉलेज के निदेशक दीनदयाल प्रसाद ने बताया कि यह सभी कोर्सेज का संचालन झारखंड राज्य खुला विश्विद्यालय के अधीनस्थ संचालित हैं एवं सभी रोजगार परक है । इन सभी कोर्सेज में नामांकन बेहद ही कम शुल्क में 12 कक्षा उत्तीर्ण छात्र, छात्रा, गृहिणी ,कामकाजी व्यक्तियों हेतु बेहद ही उपयोगी है । ग्रेजुएशन एवं अन्य विषयो में पढ़ाई कर रहे रेगुरल छात्र भी इन विषयों में नामांकन ले सकते हैं ।निदेशक ने बताया कि नामांकन सुबह 10 बजे से 5 बजे तक कॉलेज की परिसर में आ कर ले सकते हैं या 9 5 7 2 9 3 8 6 0 8 एवं8873531839 पर सम्पर्क कर सकते हैं । नामांकन हेतु कॉलेज के को- ऑर्डिनेटर मनोज पांडेय एवं रोहित दराद से संपर्क किया जा सकता है । निदेशक ने बताया की में जल्द ही इस कॉलेज में भी ग्रेजुएशन एवं पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई हेतु नामांकन झारखंड ओपन यूनीवर्सिटी के तत्वाधान में ली जाएगी ।

# कांग्रेस वर्किंग कमेटी मे मुस्लिम को स्थान ना मिलना अफसोस जनक : प्रोफेसर परवेज अख्तर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के ऐलान होने के बाद पूरे देश में मुसलमान में एक बेचैनी छाई हुई है। कमेटी में एक भी मुस्लिम को महासचिव नहीं बनाया गया है और अफसोस इस बात का है की मोमिन अंसारी समाज से एक भी नेता को इस लायक नहीं समझा गया जिसे कमेटी में जगह दी जाए। ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस ने कांग्रेस को मजबूत करने में अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया मगर कमेटी में मोमिन अंसारी बिरादरी को जगह नहीं देना यह अफसोस की बात है। यह बातें झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता, झारखंड प्रदेश यूथ



कांग्रेस के पूर्व महामंत्री, झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के महासचिव, धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री, मगध यूनिवर्सिटी बोधगया के सहायक प्रोफेसर प्रवेज अख्तर ने कही।प्रोफेसर परवेज अख्तर ने कहा कि कांग्रेस में मुस्लिम आबादी का 20त्न वोट आज भी हर वक्त मिलता रहता है और हर समय मुस्लिम समुदाय कांग्रेस के लिए खड़ी रहती है। बावजूद उनको जगह नहीं मिलना इससे कहीं ना कहीं मुसलमान में नाराजगी है। आज मुसलमानों को नजर अंदाज किया जा रहा है जो अफसोस की बात है। परवेज अख्तर ने आखिर में कहा कि आज साफ है कि कांग्रेस पार्टी के साथ 20त्न मुसलमान का वोट है और उसके बाद कांग्रेस पार्टी की क्या सोच होनी चाहिए और कांग्रेस पार्टी को इसकी कदर करनी चाहिए वर्ना आने वाले दिन में इसका परिणाम अच्छा नहीं होगा।

# बोल बम के नारो से गूंज उठा सूरत शहर कावड़ियों के भीड़ से सड़के हुई भगवामय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** गिरिडीह जिले के प्रवासी मजदूरों का सूरत शहर में पुनः दिखा शिवभक्ति का जलवा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रवासियों मजदूरों द्वारा गठित समस्त झारखण्ड समाज सेवा ट्रस्ट के सौजन्य से बाबा बैधनाथ धाम कावड़ संघ के बैनर तले सूरत में भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा ट्रस्ट के ऑफिस महाराण प्रताप से सुरु होकर बाबा बैधनाथ धाम मंदिर नीलम नगर में समाप्त हुई। सबसे पहले बाबा बैधनाथ धाम मंदिर से महाराणा प्रताप तक शोभा यात्रा निकाला गया उसके पश्चात तापी नदी कुरुक्षेत्र घाट जल लेने निकले। कुरुक्षेत्र घाट से जल लेकर चले कावड़ियों के भीड़ को देखने योग्य था आठवा , मजूरा , भाटेना से होकर चल रहे यात्रा से पूरा सड़क जाम हो गया था वही बोल बम , हर हर महादेव के नारो से पूरा इलाका गूंज उठा। यात्रा में झारखण्ड सहित बिहार , उत्तर प्रदेश और ओडिसा के शिव भक्त भी शामिल हुवे। इस यात्रा में महिला -पुरुष सहित करीब दो हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुवे वही काफी संख्या में बच्चे ने भी भाग लिया। बीच में



पर्वत पार्टी प्लॉट पर्वत गांव में कावड़ियों के ठहरने की व्यवस्था था जहा भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया था, इस कार्यक्रम मे सुर संग्राम विजेता ममता राउत ने प्रस्तुति दी जहा कावड़ियों को झूमने पर मजबूर कर दिया । कावड़ियों के सुविधा के लिए ट्रस्ट पूरी तरह तैयार थी वही सूरत प्रशासन का भी काफी सहयोग रहा। ट्रस्ट के अधिकारियो ने बताया की यहाँ काफी ऐसे प्रवासी मजदुर है जो गांव जाकर कावड़ यात्रा में शामिल नहीं हो पाते थे लेकिन अब उन्हें मायूस होने की जरुरत नहीं है।

## छात्रा की आत्महत्या की न्यायिक जांच की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बुधवार 23 अगस्त को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर दलित शोषण मुक्ति मंच तथा सामाजिक संगठनों द्वारा छात्रा उषा कुमारी की आत्महत्या की न्यायिक जांच की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना में मौजूद दलित शोषण मुक्ति मंच के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष शिवबालक पासवान और महामंत्री दिनेश रविदास ने कहा कि 10 जुलाई 2023 को धनबाद के तेतुलमारी स्थित संत जेवियर्स स्कूल की छात्रा उषा कुमारी को स्कूल की शिक्षिका ओर प्रचार्य के द्वारा सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया था जिसके बाद छात्रा ने आत्महत्या कर ली थी। छात्रा की गलती सिर्फ इतनी थी कि वह बिंदी लगा कर स्कूल गई थी। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी मृतका के द्वारा छोड़ी गई सुसाइट नोट से मिली जिसमे यह भी लिखा था कि दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाई हो। लेकिन आज तक कार्यवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हुई। जिसके कारण 23 अगस्त को दलित शोषण मुक्ति मंच और सामाजिक संगठन द्वारा एक दिवसीय धरना दिया गया ।

# जंगली हाथियों के उत्पात मचाए जाने पर विधायक कोलेबिरा ने सहयोग के लिए भेजा अपने कार्यकर्ताओं को

## हाथियों को नही छेड़े बल्कि अपने गांव से हाथी को दूर रखने का प्रयास करें : रावेल लकड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** बोलबा प्रखंड में जंगली हाथियों द्वारा जमकर उत्पात मचाया जा रहा है। हाथी घरों के साथ-साथ खेतों में लगे फसलों को भी जमकर नुकसान पहुंचा रहे है, जिससे ग्रामीणों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बात की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के विधायक विक्सल नमन कोनगाड़ी के निर्देश पर सोमवार को उनके प्रतिनिधि व अन्य कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने बोलबा प्रखंड के पीडियांपोंछ पंचायत का भ्रमन कर ग्रामीणों से मुलाकात की। साथ ही उनके समस्याओं से अवगत हुए तथा समस्या दूर करने का आश्वासन दिया। विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने मौके पर से ही वन विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर पीड़ितों के नुकसान का आंकलन कर जल्द से जल्द मुआवजा देने की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही हाथियों से बचाव के लिए ग्रामीणों के बीच जुट बोरा, जला हुआ मोबिल आदि का वितरण किया। साथ ही ग्रामीणों से कहा कि कभी भी गांव मे हाथी प्रवेश करता हैं तो उसकी खबर विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी तक पहुंचाए ताकि समय रहते गांव के लोगो को हाथी भगाने का संसाधन उपलब्ध कराया जा सके तथा वन विभाग को भी इसकी सूचना दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर वह विभाग के अधिकारी सूचना के उपरांत लापरवाही बरतते है तो उन पर भी कार्रवाई किया जाएगा। रावेल लकड़ा ने कहा कि विधायक का सख्त हिदायत वन विभाग को दिया गया है कि उक्त क्षेत्र से दुबारा किसी का जान न जाए इसके लिए हमेशा सजग रहे।उन्होंने कहा कि आज जो समस्या है वह हाथी और इंसान के बीच की लड़ाई नही है बल्कि यह लड़ाई पेट की हैं। आज जंगलो में हाथियों के खाने का पेड़-पौधे व भोजन न होने के कारण वह इंसानों के घर में धान आदि खाने के लिए गांवों में हमला कर रहे है।उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि जब भी गांव के आस-पास हाथियों के आने की सूचना मिलती है सभी सतर्क रहें और हाथियों को नही छेड़े बल्कि अपने गांव से हाथी को दूर रखने का प्रयास करें। इस क्रम में सभी नेताओं ने पीडियांपोंछ में हाथी द्वारा तोड़े गए घर का निरीक्षण कर पीड़ितों से मुलाकात किया तथा हर सहयोग देने का आश्वासन दिया। इधर मौके पर कांग्रेस प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव सह 15 सूत्री जिला सदस्य जमीर खान, ठेठईटांगर प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष फांसिस बिलुंग ठेठईटांगर अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल वाहिद, प्रखंड सचिव प्रिंस कुमार, पीडियांपोंछ के पंचायत अध्यक्ष रोशन कुजूर, अमित टोप्पो, बेनेदिक्त कुल्लूआदि उपस्थित थे।

# उपायुक्त व पुलिस कप्तान संयुक्त रूप से दो लाभुकों के बीच वाहन का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत दो लाभुकों के बीच आज बुधवार को समाहरणालय परिसर में वाहन का वितरण किया गया। इस दौरान दोनों अधिकारियों द्वारा वाहन की चाभी भी लाभुकों को सौंपी गई। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत बराटपुर ग्राम निवासी रमेश उराँव को चौपहिया वाहन बोलेरो और अंबेरा ग्राम निवासी रीतिक कुमार को ट्रैक्टर वाहन प्रदान किया गया है। इस मौके पर आईटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल,जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम समेत अन्य उपस्थित थे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तुलसीदास जयंती



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में धूम धाम से मनाया गया गोस्वामी तुलसी दास जी की जयंती। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में बुधवार को रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जयंती मनाया गया। कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय प्रबंधनकरिणी समिति के उपाध्यक्ष सुदेश्वर साहू, संरकक्षक रामलाल महतो एवं प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी के द्वारा संयुक्त रूप से भारत माता, और सरस्वती जी का चित्र पर द्विपप्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही गोस्वामी तुलसी दास के चित्र पर पुष्पार्चन किया गया। वही प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने तुलसीदास के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा ही जन जन में लोकप्रिय एवं समाज को सही दिशा देने के लिए समग्र विचारक थे। वही विद्यालय के उपाध्यक्ष सुदेश्वर साहू ने कहा की तुलसीदास जी कारण ही आज हिंदुओ का पवित्र धर्म ग्रन्थ रामचरित मानस घर घर मे है। तुलसीदास जी रामचरित मानस में भगवान श्री राम का सम्पूर्ण जीवनी को उद्धरित किया है। जो अतुलनीय है. साथ ही विद्यालय के भैया बहनों द्वारा गोस्वामी तुलसी के जीवनी पर विशेष प्रकाश डालते हुए बहुत ही उत्साहपूर्वक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वही विद्यालय के कक्षा द्वितीय से कक्षा दशम तक के छात्र छात्रओं द्वारा चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तथा तुलसीदास के जीवनी पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कक्षा सप्तम के भैया आयुष कुमार प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसे विद्यालय के उपाध्यक्ष द्वरा पुरस्कृत किया गया। वही भाषण प्रतियोगिता में शामिल होने वाले भैया बहनों को सम्बोधित करते हुए संरक्षक रामलाल महतो ने कहा कि रामचरित मानस भारतीय भाषाओं में ही नही विश्व की सर्वाधिक भाषाओं में गद्य पद्य दोनों विधा में कई कई बार अनुवादित हो चुका है। महापुरुषों की जीवनी मानने से छात्र छात्रओं और बच्चो में कर्तवनिष्ठ, अनुशाशन, दायित्व बोध का ज्ञान प्राप्त होता है। जयंती के उपरांत भैया बहनों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर डॉली कुमारी, प्रतिमा देवी, जयप्रकाश सिंह के अलावे सभी अचार्य आचार्या और भैया बहन का उपस्थित थे।

# गोस्वामी तुलसीदास जी सनातन संस्कृति के पोषक है : कमलावती सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज तुलसी जयंती के अवसर पर सुलेख एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संत शिरोमणि तुलसीदास जी की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गोस्वामी तुलसीदास जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की पूर्व आचार्य श्रीमती कमलावती सिंह जी उपस्थित रही। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी का जीवन संघर्ष में रहा किंतु इस संघर्ष युक्त जीवन में भी उन्होंने हिंदू संस्कृति को संरक्षित एवं प्रचारित करने का कार्य किया। वह महान युग दृष्टा कवि थे। इस अवसर पर विद्यालय की बहने प्राची सोनी अमृता कुमारी एवं अदिति राज द्वारा राम का भातृ प्रेम पर मानस पाठ प्रस्तुत किया गया। अमृता कुमारी द्वारा गोस्वामी तुलसीदास के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। तृषा जायसवाल आकृति भगत पायल एवं पूर्णिमा के द्वारा भी गुरु विश्वामित्र की सेवा प्रसंग का मानस पाठ किया गया। प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे द्वारा गोस्वामी जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी सनातन धर्म एवं संस्कृति के संवाहक थे। उनकी कृति राम चरित्र मानस विश्व विख्यात एवं भारत के जन-जन के मुख पर वास करने वाली है तथा मानव जीवन के उच्च आदर्शों के लिए प्रेरणादाई है ।विनय पत्रिका कृष्ण गीतावली कवितावली दोहावली राम लाला नेहछु जानकी मंगल पार्वती मंगल हनुमान चालीसा जैसे भक्ति मय काव्यों की रचना करके हिंदू संस्कृति के प्रवाह को गतिशीलता प्रदान की। मानस पाठ गुरु वंदना श्री त्रिलोचन साहू जी द्वारा प्रस्तुत किया गया। श्री गणेश साहू जी द्वारा रामचरितमानस की महिमा पर व्याख्यान दिया गया साथ ही गोस्वामी जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। आज के इस कार्यक्रम में सभी आचार्य दीदी जी एवं सभी भैया बहन उपस्थित थे।

# जनप्रतिनिधियों ने पीडीएस कार्ड धारियों के बीच धोती, साड़ी व लुंगी का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सोना सोबरन योजना के तहत सेन्हा पंचायत भवन में आपूर्ति विभाग के निर्देश पर जनवितरण प्रणली दुकान संचालक के नेतृत्व में कार्ड धारियों के बीच जनप्रतिनिधियों ने किया धोती साड़ी व लुंगी का वितरण। सेन्हा प्रखंड के सेन्हा पंचायत भवन में प्रखंड आपूर्ति विभाग के निर्देश पर सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी व लुंगी वितरण कैम्प का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम उपाध्यक्ष राजकिशोर राम एवं आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की द्वारा कार्ड धारियों के बीच धोती साड़ी व लुंगी वितरण कर किया गया। जानकारी के अनुसार बता दें कि प्रखंड क्षेत्र के 11 पंचायत में निधारित समय के अनुसार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से जनवितरण कार्ड धारियों को राज्य सरकार द्वारा संचालित योजना के तहत लाभ दिया जा रहा है। सोना सोबरन योजना के तहत धोती, साड़ी एवं लुंगी वितरण में पीडीएस संचालक अजय साहू, फिरोज अख्तर, नारायण महतो गुजरात खान, केशो ठाकुर सहित अन्य पीडीएस संचालक एवं लाभुक उपस्थित थे। आयोजित कैम्प के दौरान पीडीएस कार्ड धारियों को योजना का लाभ उठाने की सलाह देते हुए आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की ने कहा सेन्हा पंचायत में प्रत्येक कार्डधारी को योजना का लाभ दिया जाएगा। जबकि 20 सूत्री अध्यक्ष ने कहा राज्य सरकार हेमंत सोरेन द्वारा राज्य के वृद्ध असहाय व गरीब लोगो के लिए यह योजना लाया गया है। जिसका लाभ स्थानीय व क्षेत्रीय पीडीएस संचालक द्वारा कार्डधारियों को दिया जाना है।

# रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थियों के बीच अलग-अलग विषयों पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित एवं चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि श्री रामचरितमानस गोस्वामी तुलसीदास की रचनाओं में सबसे ज्यादा विख्यात ग्रंथ है। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख चेतना प्रिया ने छात्र-छात्राओं को गोस्वामी तुलसीदास पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई और उनकी रचनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं के लिए अलग-अलग निर्धारित विषयों पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में श्रेष्ठ चार छात्र-छात्राओं का चयन कर प्रांत कार्यालय भेजा गया। वहां पूरे प्रांत के निबंधों के मूल्यांकन के बाद विजेताओं की घोषणा प्रत्येक वर्ष की प्रांत की योजना अनुसार निर्धारित समय से की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# चोरी के आरोप पर पुलिस ने पिता पुत्र को किया गिरफ्तार एक को भेजा जेल दूसरे को बाल सुधार गृह



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही में चोरी के आरोप पर सेन्हा थाना पुलिस कारवाई करते हुए ईटा ग्राम से दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर एक को भेजा लोहरदगा जेल दूसरे को भेजा बाल सुधार गृह गुमला। सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही चटकपुर निवासी गजेधर महतो के 22 वर्षीय पुत्र रामबालक महतो के घर में खिड़की के रास्ते घुस कर सैमसंग मोबाइल एवं 20 हजार नगद चोरी का मामला प्रकाश में आते ही सेन्हा थाना के एस आई गणेश कुमार यादव दलबल के साथ घटना की अनुसंधान में जुट गए। उसी दौरान लोहरदगा थाना क्षेत्र के ईटा निवासी प्रहलाद साहू पिता रंथू साहू एवं 15 वर्षीय पुत्र रितेश साहू पिता प्रहलाद साहू का वादी के घर मे घुसने तथा चोरी करने की पुष्टि होने पर सेन्हा थाना पुलिस द्वारा कानूनी कारवाई करते हुए पिता व पुत्र को गिरफ्तार कर पिता को न्यायिक हिरासत लोहरदगा जेल एवं पुत्र को बाल सुधार गृह गुमला भेजा गया। बताया जाता है कि बरही चटकपुर निवासी रामबालक महतो के घर में घुस कर एक मोबाइल एवं नगद 20 हजार का चोरी किया गया था। इस संदर्भ में एस आई गणेश कुमार यादव ने बताया कि चोरी घटना को लेकर प्राप्त आवेदन के आलोक में कांड संख्या 110/23 दर्ज कर धारा 380,411 आईपीसी के तहत कारवाई करते हुए एक आरोपी को लोहरदगा जेल भेजा गया जबकि दूसरे को बाल सुधार गृह गुमला भेज दिया गया।

# मिशन बदलाव की ओर से आयोजित होगा पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान में शिक्षक दिवस के अवसर पर 1 सितंबर से 5 सितंबर तक पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट का आयोजन मिशन बदलाव जलडेगा की ओर से किया जाएगा। जानकारी देते हुए मिशन बदलाव के सदस्यों ने बताया कि टूर्नामेंट पुरूष एवं महिला दोनों वर्ग में किया जाएगा जहां पुरूष वर्ग में प्रवेश शुल्क 1551 रुपये होगा एवं विजेता को 15000 रुपये तथा उपविजेता टीम को 10000 रुपये का पुरुस्कार मिलेगा वहीं महिला वर्ग में प्रवेश शुल्क 1101 रुपये है जहां विजेता टीम को 7100 रुपये जबकि उपविजेता टीम को 4100 रुपये मिलेंगे। दोनों वर्ग में 16 टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट के लिए मिशन बदलाव की ओर से महिला जिलाध्यक्ष जयंती देवी,जिलाध्यक्ष तुलसी साहू एवं एसटी एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष संतोष जोजो को संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं अध्यक्ष आकाश साहू,उपाध्यक्ष मो इरफान, सचिव आशीष इंदवार, उप सचिव विनय लोहरा, कोषाध्यक्ष दीपक चिक बड़ाईक एवं उप कोषाध्यक्ष शुभम बड़ाईक को नियुक्त किया गया है। इच्छुक टीमें 8709717659, 8757433512, 8102896430 में संपर्क कर अपना स्थान सुनिश्चित कर सकते हैं।

# प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को दिखाया गया चंद्रयान-3 का सॉफ्ट लैंडिंग का लाइव स्ट्रीमिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विद्यार्थियों में है काफी उत्साह, इसरो द्वारा चंद्रमा में भेजे गए चंद्रयान-3 मिशन के सॉफ्ट लैंडिग को गोंडवाना विकास विद्यालय सह छात्रावास सलडेगा परिसर में शिक्षकों द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से लाइव दिखाया जा रहा है। इस मिशन को देखने में बच्चों में भारी उत्साह है। बच्चों में अंतरिक्ष अध्ययन में रुचि पैदा करने और इस क्षेत्र में भी केरियर की संभावना के विषय में जागरूक करने के उदेश्य से इन्हें प्रोजेक्टर के माध्यम यह लाइव वीडियो दिखाया जा रहा है। बच्चों ने इसरो के इस सफलता और भारत देश द्वारा इस मिशन को किया जा रहा है को जानकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं और वैज्ञानिकों को बधाई दे रहे हैं। जैसे- जैसे चंद्रयान चाँद के करीब पहुँच रहा है बच्चे ताली बजाकर स्वागत करते दिख रहे हैं। इस अवसर पर बच्चों के साथ शिक्षक अनुज बेसरा, रघुनाथ मांझी, दीपक मांझी, राजू मांझी मौजूद हैं और उन्हें मार्गदर्शित कर रहे हैं।

# नहीं थम रहा हाथियों का कहर उजाड़ रहे गरीबो के आशियाने



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलेगा प्रखंड के ओडगा पंचायत ढेलसेरा डुरिंग टोली में एक झुंड से बिछड़ जंगली हाथी ने स्वाति सुरीन के घर को करीब 11:30 बजे रात घर का दिवाला तोड़ दिया। वही हाथी आने की खबर सुनकर गांव में हलचल मच गया। ग्रामीण द्वारा कड़ी मकासत के बाद हाथी को भगाया गया। इस हाथी ने लगभग 2:00 बजे के करीब सरुबहार पहाड़ टोली आ धामका तथा रोतिराम माझी तथा बलदेव सिंह के घर को भी तोड़ दिया। रोतिराम माझी के पुत्र देशु माझी घर में सो रहा था इसी बीच हाथी के हमले से दीवार देशु माझी के पांव में गिरा। दीवाल पांव में गिरने से देशु माझी बुरी तरह जख्मी हो गया। वर्तमान में हाथी ओडगा पहाड़ टोली के पट पहाड़ जंगल में विराजमान है। सभी ने प्रशासन से मांग की है कि क्षति का मुआवजा दिया जाए।

# सिमडेगा में होगा मेजर ध्यानचंद जिला स्तरीय सीनियर महिला व पुरुष हॉकी लीग

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा जिला के विभिन्न हॉकी टीमों और क्लबों को सूचित किया जाता है कि विगत कई वर्षो की भांति इस वर्ष भी हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस सह राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त 2023 से हॉकी सिमडेगा के द्वारा जिला प्रशासन सिमडेगा के सहयोग से एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में मेजर ध्यानचंद सिमडेगा जिला स्तरीय सीनियर महिला एवं पुरुष हॉकी लीग 2023 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सिमडेगा जिला के विभिन्न इलाकों के टीमों और कलबो को खेलने का अवसर दिया जाएगा। प्रतियोगिता में सामिल टीम के सभी खिलाड़ियों को खेल प्रमाण पत्र दिया जाएगा। मैच का प्रारंभ 29 अगस्त2023 से किया जाएगा और प्रत्येक दिन अपरहन 3~30 बजे के बाद दो मैच खेले जाएंगे तथा विद्यालय छुट्टी के दिनों में 6 से 7 मैच। पुरुष वर्ग में अधिकतम 32 टीमों को भागीदारी जाएगी तथा महिला वर्ग में 16 टीमों को, जो टीम पहले निबंधन कराएगा उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। किसी भी टीम में सिर्फ उन्हीं खिलाड़ियों को भागीदारी दी जाएगी जो सिमडेगा जिला के रहने वाले है और सिमडेगा जिला के वैसे खिलाड़ी जो सिमडेगा जिला के रहने वाले है परंतु वर्तमान समय में जिला या राज्य के बाहर अवस्थित प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त करते है या किसी राज्य सत्रीय /राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं अन्य जिला या संस्थान की टीम का प्रतिनिधित्व करते है उस खिलाड़ी को भी किसी भी टीम में सामिल नही किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में जो भी टीम भाग लेना चाहते हैं वे दिनांक 28 अगस्त 2023 को दोपहर 03 बजे तक अपना निबंधन हॉकी सिमडेगा के कार्यालय में आकर कर सकते है। टीम निबंधन के समय टीम या क्लब का नाम, पूरा पता, टीम के कोच और मैनेजर का पूरा पता, मोबाइल नंबर सहित, तथा 18 खिलाड़ियों की सूची, जिनमे उनका नाम,पिता का नाम, जन्म तिथि, आधार कार्ड का नम्बर अंकित हो, इस सूची में सामिल सभी खिलाड़ियों का आधार कार्ड की छायाप्रति आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष 9973839163 6204012428 के मोबाइल नंबर से जानकारी प्राप्त कर सकते है ।

# योजना के निर्माण कार्य से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से लोगों को मिलेगी निजात : सुखदेव उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 22 अगस्त मंगलवार को जिला परिषद सद्स्य सुखदेव उराँव, प्रखंड प्रमुख श्री राम उराँव, जिप उपाध्यक्ष विनोद उराँव ने हनहट ग्राम मे गोविंद महतो के घर के पास ग्रामीण पाईप-लाईन जलापूर्ति योजना के तहत डीप बोरिंग योजना का रखा गया आधारशिला। मौके पर उपरोक्त सम्मानित लोगो के द्वारा आधारशिला का विधिवत रुप से पूजन कर नारियल फोड़ कर योजना निर्माण कार्य का रखा गया आधारशिला। वही इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य सुखदेव उराँव ने कहा कि 15 वीं वित्त आयोग मद से योजना का प्राक्कलित राशि 1165819/-रुपए के लागत से पाईप लाईन जलापूर्ति योजना के तहत डीप बोरिंग निर्माण कार्य की आधारशिला रखी जा रही है,यह योजना हनहट ग्रामीणो की बहूप्रतिक्षित माँग थी जिसे आज पुरा किया जा रहा है, अब इस आस-पास लोगों को पेय जल संकट से निजात मिलेगी। योजना का आधारशिला रखने के उपरांत प्रखंड प्रमुख, जिप सद्स्य, उपाध्यक्ष ने हनहट के प्रोजेक्ट उत्क्मीत ऊ0 वि0 का निरीक्षण किया, जहा विद्यालय के उपस्थित शिक्षक सुमन कुमारी, लूतन उराँव, फागो उराँव व शिक्षक सुमंती उराँव ने जिप प्रतिनिधियों को बताया कि विद्यालय मे चहारदीवारी, एवं समुचित पेयजल की सुविधा नहीं रहने पर विद्यालय मे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, इसपर जिप प्रतिनिधियों ने विद्यालय शिक्षकों को भरोसा दिया की जिप की अगली बैठक मे विद्यालय के बुनियादी सुविधाओं को पुर्ण करने हेतू प्राथमिक सुचि मे सूचीबद्ध कर योजनाओं को क्रियायान्वयन की जायेगी।मौके पर उक्त योजना निर्माण कार्य के आधारशिला पूजन कार्यक्रम मे उपरोक्त्त अतिथियों के अलावा मोहन साहू, गोविंद महतो, जलील अंसारी, बबलू नाथ शाहदेव, लक्ष्ू उराँव, मंगलदेव उराँव, बिजला उराँव, दुखा उराँव, राजेश भगत, रामप्रसाद उराँव, सुशील उराँव, मन्नु उराँव, प्रदीप लोहरा, छोटु उराँव, विरसू उराँव, सुनील उराँव इत्यादि हनहट ग्राम के ग्रामीण उपस्थित थे।

# झारखंड ओपन एक्वेटिक स्पोर्ट्स मीट जिले के बड़ा तालाब में आज

- पहली बार जलीय खेल में सिंक्रोनाइज्ड डांस का होगा आयोजन
- बोट, ट्यूब रेस और वाटर पोलो होगा आकर्षण का केंद्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के बड़ा तालाब में आज 24 अगस्त को झारखंड स्टेट ओपन एक्वेटिक स्पोर्ट्स मीट लोहरदगा-2023 का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसकी तमाम तैयारी पूरी कर ली गई है। जलीय खेल में रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, लातेहार समेत मेजबान लोहरदगा जिला की टीम भाग लेंगी।लोहरदगा में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में वाटर कल्चर प्रोग्राम सेंक्रोनाइज्ड नृत्य का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें जमशेदपुर और रांची की स्विमर बालाएं शामिल होंगी। इसकी जानकारी लोहरदगा जिला स्विमिंग एसोसिएशन के सचिव दीपक मुखर्जी ने दी। उन्होंने बताया तैराकी मीट के मुख्य प्रायोजक एफडी इंटरप्राइजेज, लोहरदगा के निदेशक सह-एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष अब्दुल जब्बार है। सचिव और प्रायोजक ने बताया कि प्रतियोगिता में बोट व ट्यूब रेस के अलावा बालक- बालिका वर्ग के लिए वाटर पोलो, ओपन टू ऑल बालक बालिका 300 मी फ्री स्टाइल रेस, 50 गुना 4 मी आईएम स्ट्रोक, 100 मी बैक स्ट्रोक, 100 मीटर बटर फ्लाई, 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक आकर्षण का केंद्र होगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू होंगे। वे एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं। इसके अलावे उपायुक्त डॉ वाघमारे कृष्ण प्रसाद व पुलिस कप्तान आर रामकुमार विशिष्ट अतिथि होंगे। अतिथि के रूप में लोहरदगा के सिविल एसडीओ अरविंद कुमार लाल, नगर परिषद कार्यपालक अधिकारी देवेंद्र कुमार और झारखंड स्विमिंग एसोसिएशन के सचिव शैलेंद्र तिवारी अतिथि होंगे। लोहरदगा जिला स्विमिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में 24 अगस्त को सुबह 10:30 बजे से बड़ा तालाब में झारखंड स्टेट ओपन एक्वेटिक मीट (जलीय खेलों) का आयोजन किया गया है। खास बात यह है कि इस खेल में पर्यटन विभाग के लाइफगार्ड और झारखंड स्विमिंग एसोसिएशन के कई ऑफिसल्स, राज्य टीम के मुख्य कोच उमेश पासवान समेत झारखंड राज्य के कई नेशनल स्विमर बालक- बालिकाएं शामिल हो रहे हैं।

# उपायुक्त ने अवैध बालू उठाव, परिवहन व खनन को लेकर की समीक्षा बैठक

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज खनन टास्क फोर्स और एनजीटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम बीते 15 दिनों में अवैध बालू उठाव, परिवहन,खनन संबंधी थाना स्तर से की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। प्रखण्डवार कार्रवाई व राजस्व संग्रहण की समीक्षा की गई। सभी थाना प्रभारियों को निदेश दिया गया कि नियमित रूप से अवैध बालू उठाव/परिवहन, चिप्स-पत्थर का अवैध खनन/परिवहन, बॉक्साईट का अवैध खनन/परिवहन संबंधी जांच का कार्य किया जाय।

## चलते चलते एक नजर

### नौसेना प्रमुख ने बेस कारवार में 600 फ्लैटों वाली दो इमारतों का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली :** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने नौसेना बेस कारवार का दौरा किया। यात्रा के दौरान नौसेना प्रमुख ने बड़ी संख्या में नौसेना कर्मियों के परिवारों की मौजूदगी में अमाधल्ली और अरगा नौसेना बेस में 600 फ्लैटों वाली दो आवासीय इमारतों का उद्घाटन किया। आईजीबीसी (भारतीय हरित भवन परिषद) गोल्ड रेटिंग का अनुपालन करते हुए दस आवासीय टावरों में आधुनिक सुविधाओं, बेहतर आंतरिक सज्जा, भूदृश्य और बाहरी सेवाओं का प्रावधान किया गया है। ये अवसंरचना विकास, परियोजना सीबर्ड के चल रहे चरण आईआईए का हिस्सा है और इसमें लगभग 10,000 यूनिफॉर्म्ड और सिविलियन पर्सनल अपने परिवारों के साथ रहेंगे। इस मौजूदा निर्माण ने कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं। यह परियोजना भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल के अनुरूप है, जो 90 प्रतिशत से अधिक सामग्री घरेलू स्तर पर प्राप्त करती है। नौसेना प्रमुख ने उच्च गुणवत्ता वाली रक्षा अवसंरचना के निर्माण में परियोजना सीबर्ड के प्रयास की सराहना की और शेष सुविधाओं को शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया।

### क्रिकेटर सचिन बने चुनाव आयोग के राष्ट्रीय आइकन, करेंगे मतदाताओं को जागरूक

**नई दिल्ली :** महान क्रिकेटर भारत रत्न सचिन तेंदुलकर मतदाता जागरुकता और शिक्षा के लिए चुनाव आयोग के राष्ट्रीय आइकन बनाए गए हैं। तेंदुलकर और आयोग के बीच बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। तीन साल के समझौते के तहत तेंदुलकर मतदान को लेकर मतदाताओं के बीच जागरुकता फैलाएंगे। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त अनूप चन्द्र पांडेय और अरुण गोयल की उपस्थिति में करार पर हस्ताक्षर किए गए। चुनाव आयोग का उन्हें आइकन बनाने के पीछे उद्देश्य युवाओं को आने वाले और विशेषकर 2024 के आम चुनाव में भागीदारी बढ़ाना है। चुनाव आयोग और तेंदुलकर के बीच हुए करार के मुताबिक वे अगले तीन साल तक मतदाता जागरूकता अभियान में सम्मिलित होकर लोगों को वोट के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वे अपनी दूसरी पारी में भी देश के लिए खेलते रहेंगे। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपना कर्तव्य निभाते हुए वोट करें। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पंकज त्रिपाठी, अमीर खान, मेरी कॉम और एमएस धोनी ईसीआई के राष्ट्रीय आइकन रह चुके हैं।



# एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य के लिए सबका साथ जरूरी : पीएम मोदी

*** जोहान्सबर्ग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 वें ब्रिक्स समिट को किया संबोधित**

एजेंसी

**जोहान्सबर्ग :** साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 वें ब्रिक्स समिट को संबोधित किया. पीएम मोदी ने इस दौरान कहा,ब्रिक्स को भविष्य के लिए तैयार संगठन बनाने के लिए हमें अपने संबंधित समाजों को भी भविष्य के लिए तैयार करना होगा. प्रौद्योगिकी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी. पीएम मोदी ने कहा,एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य के लिए हम सभी देशों के साथ काम कर रहे हैं. हमने अफ्रीकी यूनियन को जी-20 की स्थायी सदस्यता देने का सुझाव रखा है. इससे उनका आत्मबल और बढ़ेगा. हम ब्रिक्स के विस्तार का समर्थन करते हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हम विकास यात्रा में सहयोग कर सकते हैं. ब्रिक्स के सभी देशों को साझा प्रयास करना चाहिए. ट्रेडिशनल मेडिसिन की दिशा में ब्रिक्स देशों को सहयोग करना चाहिए. यह समय की जरूरत भी है.पीएम मोदी ने कहा,जोहान्सबर्ग जैसे खूबसूरत शहर में एक बार फिर आना मेरे और मेरे प्रतिनिधिमंडल के लिए खुशी की बात है. इस शहर का भारतीयों और भारतीय इतिहास से गहरा और पुराना रिश्ता है. यहां से कुछ दूरी पर टॉलस्टॉय फार्म स्थित है, जिसका निर्माण 110 साल पहले महात्मा गांधी ने करवाया था. महात्मा गांधी ने भारत, यूरेशिया और अफ्रीका के महान विचारों को जोड़कर हमारी एकता और सद्भाव की मजबूत नींव रखी. इससे पहले साउथ अफ्रीका दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति रामाफोसा से मुलाकात की. दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई.पीएम मोदी के संबोधन के बाद बाकी नेता भी बयान जारी करेंगे. समिट के बाद ब्रिक्स लीडर्स एक जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करेंगे.


PTI

### उज्जैन में बाबा महाकाल से चंद्रयान-3 की सफलता के लिए प्रार्थना

**उज्जैन:** चंद्रयान-3 की सफलता के लिए आज तड़के विश्व विख्यात महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती के दौरान विशेष पूजा अर्चना की गई। लोगों ने भगवान महाकाल से इसकी सफलता के लिए प्रार्थना की। 14 जुलाई को भी इस मिशन की सफलता के लिए अनुष्ठान और अभिषेक किया गया था। महाकाल मंदिर के पुजारी पंडित यश गुरु ने बताया कि भस्म आरती में शामिल श्रद्धालुओं ने चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर की सफल लैंडिंग के लिए प्रार्थना की। भस्म आरती में शामिल श्रद्धालु चंद्रयान-3 के तस्वीरें लेकर महाकाल मंदिर पहुंचे। उल्लेखनीय है कि इसरो प्रमुख डॉ. एस. सोमनाथ 24 मई को उज्जैन आए थे।

## केंद्र सरकार ने डीआरडीओ के कार्यों की समीक्षा के लिए बनाई हाई पावर कमेटी

एजेंसी

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के कामकाज की समीक्षा करके आमूल-चूल परिवर्तन लाने के लिए नौ सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। कमेटी का नेतृत्व सरकार के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर के. विजयराघवन को सौंपा गया है। कमेटी को रक्षा विभाग (आरएंडडी) और डीआरडीओ की भूमिका का पुनर्गठन करके पुनर्परिभाषित करने की जिम्मेदारी देकर तीन माह में रिपोर्ट मांगी गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशों पर डीआरडीओ की कार्यप्रणाली में बदलाव के उद्देश्य से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उच्च स्तरीय समिति बनाई है। प्रोफेसर विजयराघवन के नेतृत्व में विशेषज्ञों की नौ सदस्यीय समिति को डीआरडीओ के कार्यों की समीक्षा और पुनर्परिभाषित करने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रो. विजयराघवन भारत सरकार के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार और राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एनआरएफ) के प्रमुख वास्तुकारों में से एक हैं। सरकार ने इस कमेटी से तीन महीने के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा है।

डीआरडीओ समीक्षा समिति में पूर्व उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सुब्रत साहा, नौसेना स्टाफ के पूर्व उप प्रमुख वाइस एडमिरल एसएन घोरमाडे, पूर्व चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड स्टाफ एयर मार्शल बीआर कृष्णा, एमपी-आईडीएसए के महानिदेशक सुजान आर चिनॉय, आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर मणींद्र अग्रवाल, सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चर्स (एसआईडीएम) के अध्यक्ष एसपी शुक्ला, लार्सन एंड टुब्रो डिफेंस के जेडी पाटिल, इसरो के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक डॉ. एस उन्नीकृष्णन नायर और रक्षा मंत्रालय की वित्तीय सलाहकार सुश्री रसिका चौबे को रखा गया है ।

## वाराणसी एयरपोर्ट पर 1.40 करोड़ का सोना बरामद, दो गिरफ्तार



एजेंसी

**वाराणसी :** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर-राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम विभाग के अफसरों ने जांच के दौरान दो यात्रियों के पास से 2 किलो 373 ग्राम सोना बरामद किया है। बरामद सोने की कीमत बाजार में एक करोड़, 40 लाख रूपये आंकी गई है। यात्री संयुक्त अरब अमीरात से सोना लेकर एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान से सोमवार की रात वाराणसी एयरपोर्ट पर आये थे। कस्टम विभाग के अफसरों के अनुसार एयरपोर्ट के मुख्य टर्मिनल भवन में आने वाले यात्रियों की जांच-पड़ताल प्रारंभ की गई। इस दौरान एक्सरे के दौरान दो यात्रियों के लगेज में सोना होने की जानकारी हुई। अफसरों ने दोनों यात्रियों से पूछताछ शुरू की तो पहले यात्रियों ने सोना नहीं होने की बात कही। बाद में दोनों यात्रियों के सामानों को खोलकर देखा गया तो सोना बरामद हो गया। कस्टम विभाग के अफसरों के अनुसार बाराबंकी निवासी यात्री मोहम्मद कयास पास्ता मेकर मशीन में 920 ग्राम सोना छुपाकर लाया था। उसकी कीमत 54 लाख, नौ हजार 600 रुपये आंकी गई है। वहीं, बिहार के भोजपुर निवासी राम बहादुर पासवान मिक्सर ग्राइंडर के अंदर 1.453 किलोग्राम सोना छुपाकर लाया था। उसकी कीमत 85 लाख 84 हजार 816 रुपये बताई गई है। यात्रियों के पास से 50-50 लाख रुपये से ज्यादा का सोना बरामद हुआ है। इसलिए सोना जब्त करने के साथ ही दोनों यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया गया। और दोनों यात्रियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई।

## विकसित भारत का निर्माण करेगा आज का युवा : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि आज का युवा ही संकल्प काल में विकसित भारत का निर्माण करेगा। राष्ट्रपति गोवा में गोवा विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि प्रौद्योगिकी और नवाचार आज की दुनिया में एक प्रमुख भूमिका निभाते हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि गोवा विश्वविद्यालय नवाचार को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमारे उच्च शिक्षण संस्थानों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस जैसे क्षेत्रों में विश्व स्तरीय क्षमता विकसित करना आवश्यक है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि गोवा विश्वविद्यालय, गोवा सरकार के उच्च शिक्षा निदेशालय के सहयोग से समग्र शिक्षण और वर्चुअल ओरिएंटेशन के लिए डिजिटल इंटीग्रेटेड सिस्टम कार्यक्रम चला रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि विभिन्न विभागों को एकीकृत करके अंत:विषय अध्ययन को प्रोत्साहित करने के लिए गोवा विश्वविद्यालय के परिसर में विभिन्न स्कूल बनाए गए हैं।



उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप इस पहल के लिए गोवा विश्वविद्यालय की सराहना की और कहा कि इस विश्वविद्यालय में शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के लिए उत्कृष्टता का केंद्र बनने की अपार संभावनाएं हैं।राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि गोवा विश्वविद्यालय ने उन्नत भारत अभियान के तहत पांच गांवों को गोद लिया है, जहां स्थिरता मॉडल को अपनाकर सीपियों और मशरूम की खेती की जा रही है। उन्होंने छात्रों में सामाजिक समावेशन और पर्यावरण संतुलन के बारे में संवेदनशीलता पैदा करने के लिए गोवा विश्वविद्यालय की टीम की सराहना की। छात्रों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह उनके जीवन का एक यादगार पल है। उन्होंने कहा कि छात्रों ने जो डिग्रियां हासिल की हैं, वे उन्हें रोजगार पाने या व्यवसाय शुरू करने में मदद करेंगी लेकिन एक गुण जो उन्हें जीवन में बहुत आगे ले जा सकता है, वह है कभी हार न मानने का साहस। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा एक आजीवन प्रक्रिया है। निरंतर सीखने वाला जीवन में अवसरों का लाभ उठाने के साथ-साथ चुनौतियों का सामना करने में भी सक्षम होगा। उन्होंने कहा कि आज का युवा ही संकल्प काल में विकसित भारत का निर्माण करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे भारत को अधिक समृद्धि की ओर ले जाने के सपने को पूरा करेंगे।

### पवन खेड़ा ने लगाया आरोप, जांच एजेंसियों के जरिये कांग्रेस नेताओं को डरा रही है केंद्र सरकार

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार आगामी चुनावों में हार से घबराकर जांच एजेंसियों से कांग्रेस नेताओं को परेशान करवा रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा और पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाकार सहित कुछ अन्य लोगों के घरों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी पर आपत्ति जताई है। खेड़ा ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि छत्तीसगढ़ में आज की जा रही ईडी छापेमारी हार से घबराई हुई भाजपा करवा रही है। पिछले कुछ दिनों में कई सर्वे में भाजपा की भारी हार दिखाई जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के पीछे छत्तीसगढ़ की जनता की ताकत है। हमें डराया नहीं जा सकता।

## डीजीपी का दावा- इस साल सीमा पर पाकिस्तान से घुसपैठ की 99 प्रतिशत कोशिशें हुई नाकाम

एजेंसी

**जम्मू :** पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने बुधवार को कहा कि इस साल जम्मू-कश्मीर में सीमा पर पाकिस्तान से घुसपैठ की 99 प्रतिशत कोशिशें नाकाम कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं और सिर्फ आतंकवाद को खत्म करने के लिए काम नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को आगे बढ़ाने और हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी के पाकिस्तान के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए नए तत्वों को शामिल करने के लिए सीमा सुरक्षा ग्रिड पहले से कहीं अधिक मजबूत है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (जम्मू क्षेत्र) मुकेश सिंह के साथ मौजूद डीजीपी ने एक समारोह के मौके पर संवाददाताओं से कहा कि सीमाओं पर (हाल के दिनों में) कई मुठभेड़ें हुई, जो हमारे बलों की उपस्थिति और सतर्कता का प्रमाण है, जो घुसपैठियों को उनकी पसंद की जगह पर उलझा रहे हैं और जम्मू और कश्मीर में घुसपैठ करने से पहले उनकी कोशिश को नाकाम कर रहे हैं। सुरक्षा बलों ने हाल के दिनों में उत्तरी कश्मीर में नियंत्रण रेखा और जम्मू क्षेत्र में पीर पंजाल के पुंछ-राजौरी क्षेत्र में घुसपैठ के कई प्रयासों को विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीने.में लगभग एक दर्जन घुसपैठियों को मार गिराया और हथियारों, विस्फोटकों और नशीले पदार्थों की बड़ी खेप जब्त की। उन्होंने कहा कि हालांकि घुसपैठ की कोशिशें जारी हैं, लेकिन हमें इसमें कोई बढ़ोतरी नहीं दिख रही है। पाकिस्तान से घुसपैठ के प्रयासों को विफल करने के लिए नए तत्वों के शामिल होने से हमारी सीमा सुरक्षा ग्रिड पहले की तुलना में बहुत मजबूत है। दिलबाग सिंह ने कहा कि हम इस साल ऐसे 99 प्रतिशत प्रयासों को पहले ही विफल कर चुके हैं। पुंछ जिले में 7 अगस्त को नियंत्रण रेखा पर हिज्बुल मुजाहिदीन के एक स्वयंभू डिविजनल कमांडर की हत्या के बारे में उन्होंने कहा कि पाकिस्तान राजौरी-पुंछ बेल्ट और अन्य स्थानों पर आतंकवाद को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास न केवल आतंकवाद को रोकना है बल्कि इसे पूरी तरह से ख़त्म करना है। जब भी घुसपैठ का प्रयास किया जाता है, चाहे हमें इसके बारे में पहले से जानकारी हो या नहीं, हमारी सुरक्षा व्यवस्था ऐसी है कि घुसपैठिए हमारे जाल में आ जाते हैं। डीजीपी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में समग्र सुरक्षा स्थिति बहुत अच्छी है, हालांकि सीमा पार से साजिशें समाप्त नहीं हुई हैं। डीजीपी ने कहा कि वे इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), हथियार और नशीले पदार्थ भेज रहे हैं, जो राजौरी-पुंछ और उत्तरी कश्मीर में ऐसी खेपों को हमारे सफल अवरोध और जब्ती से स्पष्ट है।

## एलसीए तेजस से पहली बार दागी गई एस्ट्रा मिसाइल, लक्ष्य पर लगा सीधा निशाना



एजेंसी

**नई दिल्ली:** भारत ने बुधवार को मेड इन इंडिया जेट के साथ मेड इन इंडिया मिसाइल दागकर एयरोस्पेस की दुनिया में एक और मुकाम हासिल किया। लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस से पहली बार हवा से हवा में मार (बीवीआर) करने वाली स्वदेशी मिसाइल एस्ट्रा एमके-1 का परीक्षण पश्चिमी तट पर हुआ। भारत में बनी बीवीआर मिसाइल को एलएसपी-07 तेजस से दागा गया, जिसने लक्ष्य पर सीधा निशाना लगाया। भारतीय वायु सेना को चीन सीमा पर तनाव के बीच स्वदेशी एस्ट्रा एमके-1 बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर 50 मिसाइलों की पहली खेप अक्टूबर 2020 में मिली थी। करीब 100 किलोमीटर की लम्बी दूरी तक हमले करने में सक्षम इस मिसाइल को सुखोई-30 में लैस किया गया था। एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों को लड़ाकू सुखोई से अधिकतम 66 हजार फीट की ऊंचाई पर 4.5 मैक स्पीड के साथ लांच लिया जा सकेगा। लद्दाख सीमा पर तनाव बढ़ने के बाद भारतीय वायुसेना और नौसेना के लिए 248 मिसाइल खरीदने का ऑर्डर किया गया था।

भारतीय वायु सेना अब लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस को हवा से हवा में मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल एस्ट्रा एमके-1 से लैस करना चाहती है, इसलिए पहली बार मेड इन इंडिया जेट के साथ मेड इन इंडिया मिसाइल दागकर परीक्षण किया गया है। देश के परीक्षण पश्चिमी तट पर बीवीआर मिसाइल को एलएसपी-07 तेजस से दागा गया, जिसने लक्ष्य पर सीधा निशाना लगाया। एस्ट्रा मार्क-1 के बाद भविष्य के लिए दो नए वेरिएंट की योजना बनाई गई है। एस्ट्रा मार्क-2 की मारक क्षमता 160 किमी. होगी, जबकि एस्ट्रा मार्क-3 की अधिकतम रेंज फ्रांस की मिटयोर मिसाइल के बराबर 340 किमी (210 मील) होगी। इस मिसाइल में नव विकसित ठोस ईंधन डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) तकनीक का उपयोग किया जाएगा।

### सीएम बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा और ओएसडी के घर ईडी का छापा

**रायपुर :** केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में फिर दबिश दी है। ईडी की टीम ने बुधवार की सुबह से मुख्यमंत्री बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा के घर पर रायपुर और भिलाई में छापामार कार्रवाई की है। इस बार ईडी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी और स्टाफ को निशाना बनाया है। साथ ही सीएम के ओएसडी मनीष बंछोर, आशीष वर्मा और उनके एक करीबी कारोबारी विजय भाटिया के यहां भी छापे की कार्यवाही चल रही है। विजय भाटिया के यहां दोबारा जांच की जा रही है। यहां पूर्व में ईडी और आईटी के छापे पड़ चुके हैं। इधर, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा, आदरणीय प्रधानमंत्री जी एवं अमित शाह जी! मेरे जन्मदिन के दिन आज आपने मेरे राजनीतिक सलाहकार एवं मेरे ओएसडी सहित करीबियों के यहां ईडी भेजकर जो अमूल्य तोहफा दिया है, इसके लिए बहुत बहुत आभार।

## लोस चुनाव अकेले लड़ेगी बसपा : मायावती

एजेंसी

**लखनऊ :** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों को लेकर बुधवार को पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मायावती ने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव पार्टी अपने ईमानदार कार्यकर्ताओं के बल पर अकेले लड़ेगी। इसलिए पूरे तन-मन से इस चुनाव में अभी से जुट जाएं। चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार के चयन पर भी खास सावधानी बरतनी होगी। क्योंकि राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ आदि राज्यों के विधानसभा चुनाव के ठीक बाद लोकसभा चुनाव की घोषणा होगी।मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश में गठबंधन करके बसपा को लाभ के बजाए नुकसान ज्यादा उठाना पड़ा है। क्योंकि हमारी पार्टी का वोट स्पष्ट तौर पर गठबंधन वाली दूसरी पार्टी को ट्रांसफर हो जाता है जबकि दूसरी पार्टियां अपना वोट हमारे उम्मीदवार को ट्रांसफर कराने की न सही नीयत रखती हैं और न ही क्षमता। इससे पार्टी के लोगों का मनोबल प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि जहां तक चुनावी माहौल का सवाल है तो इस संबंध में हर तरफ से फीडबैक यही है कि भाजपा की साम्प्रदायिक राजनीति तथा द्वेषपूर्ण कार्यकलापों ने सभी का जीवन दुखी और त्रस्त कर रखा है। इसकी वजह से भाजपा अपना प्रभाव ही नहीं बल्कि अपना जनाधार भी खो रही है। यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहने वाली है, जिससे लोकसभा चुनाव खासकर उत्तर प्रदेश में एकतरफा न होकर काफी दिलचस्प एवं देश की राजनीति को नया करवट बदलने वाला साबित होगा। मायावती ने कहा कि कांग्रेस की तरह ही भाजपा की कथनी-करनी में जमीन असमान का अंतर है। आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया हो जाने के कारण गरीब एवं मेहनतकश लोगों के लिए परिवार का उचित पालन-पोषण करना भी असंभव हो गया है। इस सबका चुनाव पर प्रभाव पड़ने से कोई इनकार नहीं कर सकता है। कुल मिलाकर सत्तापक्ष और विपक्षी पार्टियों का गठबंधन केंद्र की सत्ता में आने के अपने-अपने दावे कर रहे हैं, जबकि जनता से किए गए इनके वादे खोखले ही साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों की नीतियों व कार्यशैली से देश के गरीब, मजदूरों दलित, पिछड़ों और धार्मिक अल्संख्यक समाज के लोगों का हित, कल्याण और इन्हें आपस में तोड़कर इनका अहित ज्यादा किया है। बसपा समाज को जोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास करती है, जबकि वे लोग इन्हें तोड़कर कमजोर करने की संकीर्ण राजनीति में ही ज्यादातार व्यस्त रहते हैं। इसलिए इनसे दूरी बेहतर है। बसपा प्रमुख ने प्रदेश पार्टी संगठन में कुछ जरूरी फेरबदल की बात कही। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दृष्टि से उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण राज्य है। यहां के राजनीतिक हालात लगातार बदलते रहते हैं। इसके मद्देनजर अच्छा चुनावी रिजल्ट पाने की नीयत से पार्टी संगठन में लगातार कुछ न कुछ फेरबदल करने की जरूरत पड़ती है। इसलिए जिसे जो जिम्मेदारी दी जाती है वह उसे कम न आंके बल्कि पार्टी हित को सर्वोपरि मानकर पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से अपनी जिम्मेदारी को निभाते रहें।

